
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 3 अंक 340
फरीदाबाद, बृहस्पतिवार, 21 जनवरी, 2021
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए
YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



प्रकृति की गोद में बसा हुआ एक खूबसूरत शहर है चांगलांग

पेज- 12

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,792 | 393 |
| निफ्टी | 14,664 | 123 |
| सोना | 48,758 | 347 /10 gm |
| चांदी | 65,814 | 606 /kg |

आज का राशिफल 21 जनवरी >> पढ़े पेज-10

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 20.08°C
न्यूनतम 09.05°C

## क्विक न्यूज

### अब नेताजी एक्सप्रेस के नाम से चलेगी हावड़ा-कालका मेल

**रांची।** रेलवे ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती के मौके पर बड़ा ऐलान किया है। हावड़ा-कालका मेल का नाम अब नेताजी एक्सप्रेस होगा। रेलमंत्री पीयूष गोयल ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। रेलमंत्री ने अपने ट्विटर संदेश में लिखा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्राकट्य ने भारत को स्वतंत्रता और विकास के एक्सप्रेस मार्ग पर आगे बढ़ाया था। मैं उनकी जयंती के मौके पर नेताजी एक्सप्रेस की शुरुआत के साथ बेहद रोमांचित हूं।

### शहीद दिवस: 30 को दो मिनट के लिए थम जाएगा पूरा देश

**नई दिल्ली।** केंद्र ने हाल में नेताजी सुभाष के जन्मदिन को 'पराक्रम दिवस' के तौर पर मनाने के फैसले के बाद अब शहीदों के सम्मान में एक और फैसला लिया है। महात्मा गांधी के निधन की तिथि को हर साल 30 जनवरी को शहीद दिवस के तौर पर मनाया जाता है। केंद्र सरकार ने नए आदेश में शहीद दिवस पर देश की आजादी में बलिदान देने वालों की याद में दो मिनट का मौन रखने को कहा गया है। केंद्र सरकार ने शहीद दिवस यानी 30 जनवरी को लेकर इस बार नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इस दिन आजादी के लिए बलिदान देने वालों को याद किया जाएगा।

### आंदोलन के दौरान दिल का दौरा पड़ने से किसान की मौत

**सोनीपत।** केंद्र सरकार के तीन कृषि कानूनों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रहे एक किसान की मौत दिल का दौरा पड़ने से हो गई। पुलिस ने बताया कि मरने वाले किसान की पहचान जगजीत सिंह (34) के रूप में की गई है। सिंह लुधियाना जिले के दाखा क्षेत्र के रहने वाले थे। पुलिस ने बताया कि हरियाणा दिल्ली के बीच कुंडली सीमा पर सिंह कृषि कानूनों के खिलाफ धरने पर बैठे थे। उन्होंने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### पंजाब में 27 जनवरी से खुलेंगे प्राथमिक स्कूल

**चंडीगढ़।** पंजाब के स्कूली शिक्षा विभाग ने 27 जनवरी से राज्य के सभी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाओं का संचालन शुरू करने का फैसला लिया है। राज्य में पांचवीं से 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए स्कूल इस महीने की शुरुआत में ही खुल चुके हैं। शिक्षामंत्री विजय इंदर सिंगला ने एक बयान में कहा, अभिभावकों की मांग पर सरकार ने 27 जनवरी से सभी स्कूलों में प्राथमिक कक्षाएं शुरू करने का फैसला लिया है।

### नीति आयोग ने जारी किया नवाचार सूचकांक

**नई दिल्ली।** नीति आयोग द्वारा बुधवार को जारी दूसरे नवाचार सूचकांक में कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, तेलंगाना और केरल को शीर्ष पांच राज्यों में स्थान मिला। आयोग के उपाध्यक्ष राजीव कुमार और सीईओ अमिताभ कांत द्वारा जारी सूचकांक को ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स की तर्ज पर विकसित किया गया है। सूचकांक में झारखंड, छत्तीसगढ़ और बिहार का स्थान सबसे नीचे रहा।

## कोरोना मीटर

| विश्व | |
|---|---|
| कुल | 96,327,168 |
| मौतें | 2,061,272 |
| ठीक | 53,186,029 |

| भारत | |
|---|---|
| कुल | 10,606,215 |
| मौतें | 152,802 |
| ठीक | 10,256,410 |

स्रोत: www.covid19india.org

# दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क की कमान आज संभालेंगे बिडेन

**एजेंसी।** वाशिंगटन

**जो** बिडेन, पूरा नाम जोसेफ रॉबिनेट बिडेन जूनियर। बुधवार से दुनिया के सबसे ताकतवर मुल्क की कमान इनके हाथों में होगी। कहने को तो 78 वर्षीय बिडेन अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति होंगे, लेकिन उनकी शख्सियत को समझा जाए, तो उम्र महज उनके लिए एक आंकड़ा भर है।

जुनून संघर्ष और बदलाव का माद्दा उनमें उतना ही है, जितना 29 साल की उम्र में सबसे युवा सीनेटर बनने के वक्त था। वह छह बार सीनेटर चुने गए। उन्हें करीब से जानने वाले लोग बताते हैं कि उनके आज उनके इस मुकाम तक पहुंचने के पीछे कोई फलसफा और ताकत है तो वह है, उनका लोगों से गहरा जुड़ाव और संवाद में ईमानदारी।



### तीसरी कोशिश में बन पाए राष्ट्रपति

बिडेन तीसरी कोशिश में राष्ट्रपति बन पाए। पहली बार 1987 में और दूसरी बार 2008 में बिडेन ने डेमोक्रेट पार्टी से उम्मीदवारी का दावा पेश किया। दोनों ही बार समर्थन नहीं जुटा सके। वे दो बार वाइस प्रेसिडेंट रहे। बराक ओबामा ने उन्हें अमेरिकी इतिहास का 'बेस्ट वाइस प्रेसिडेंट' बताया था। बिडेन 36 साल सीनेटर और 8 साल वाइस प्रेसिडेंट रहे। बिडेन की पहली शादी 1966 में हुई। पत्नी का नाम था, नेलिया। बिडेन के मुताबिक, 'मेरी होने वाली सास ने एक दिन मुझसे पूछा कि काम क्या करते हो? मेरा जवाब था, एक दिन इस देश का राष्ट्रपति बनूंगा।

**दूसरी शादी:** 1977 में बिडेन ने दूसरी शादी की। इससे 5 साल पहले यानी 1972 में पहली पत्नी और बेटी की मौत हो गई थी। जिल ट्रेसी जैकब्स उनकी दूसरी पत्नी हैं। जिल प्रोफेसर हैं और अब भी नौकरी करती हैं। 1975 में जिल और जो की पहली मुलाकात हुई थी। जिल के मुताबिक, जो ने उन्हें पांच बार प्रपोज किया था।

### 13% बढ़े अमेरिकी शेयर बाजार

जो बिडेन के शपथ ग्रहण से पहले अमेरिकी शेयर बाजार में रिकॉर्ड तेजी आई है। ग्लोबल रिसर्च संस्था के मुताबिक, इस दौरान एस एंड पी 500 इंडेक्स 13 फीसद चढ़ा। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आने के बाद से शपथ ग्रहण होने तक अमेरिकी शेयर बाजार में उछाल का यह अब तक का हाइएस्ट रिकॉर्ड है। ऐसा पिछला रिकॉर्ड जॉन एफ कैनेडी के नाम था। 20 जनवरी 1961 को कैनेडी ने शपथ ली थी। तब उनके जीतने और शपथ लेने के बीच 73 दिनों में एस एंड पी 500 इंडेक्स 8.8 फीसद बढ़ा था। उनके शपथ लेने के बाद अगले सौ दिन में बाजार 8.9 फीसद और ऊपर चढ़ गया था।

**अब मार-ए-लागो एस्टेट होगा ट्रंप का स्थाई पता:** अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फ्लोरिडा में पाम बीच तट के पास स्थित अपने मार-ए-लागो एस्टेट को व्हाइट हाउस छोड़ने के बाद अपना स्थाई आवास बनाएंगे। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के मुताबिक व्हाइट हाउस में ट्रंप के आखिरी दिन निकले ट्रकों को पाम बीच में उनके मार-ए-लागो आवास पर जाते देखा गया।

अमेरिका के कैपिटल (संसद भवन) में हुए हिंसक दंगे और सुरक्षा चिंताओं के मद्देनजर जो बिडेन बुधवार को वाशिंगटन में कड़ी सुरक्षा के बीच अमेरिका के अगले राष्ट्रपति के तौर पर शपथ लेंगे। कानून प्रवर्तन अधिकारियों को न केवल संभावित बाहरी खतरे का मुकाबला करना पड़ रहा है, बल्कि उनकी चिंता है कि सुरक्षा की जिम्मेदारी संभाल रहा कोई कर्मी भी ड्यूटी के दौरान हमला कर सकता है। हालांकि, बिडेन को किसी विशेष खतरे का उल्लेख नहीं किया गया है। इसके बावजूद सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

## आव्रजन विधेयक से भारतीय आईटी पेशेवरों को होगा लाभ

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के कुछ घंटे बाद जो बिडेन कांग्रेस को एक समग्र आव्रजन विधेयक भेजेंगे, जिसमें कई अन्य चीजों के अलावा रोजगार आधारित ग्रीन कार्ड के लिए प्रति देश तय की गई सीमा को खत्म करने का भी प्रावधान है।

इस कदम से अमेरिका में हजारों भारतीय आईटी पेशेवरों को लाभ होगा, जिनके लिए वर्तमान में स्थाई कानूनी निवास के लिए प्रतीक्षा अवधि कई दशकों की है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी के अनुसार यूएस सिटीजनशिप एक्ट ऑफ 2021 में आव्रजन प्रणाली को उदार बनाया गया है।

### किसानों से बातचीत में एक बार फिर झुकी सरकार

# कृषि कानूनों को डेढ़ साल तक लागू नहीं करने को तैयार

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की सीमाओं पर तीन कृषि कानूनों के खिलाफ जारी आंदोलन के बीच बुधवार को किसानों के साथ 11वें राउंड की बातचीत में सरकार कुछ झुकती हुई नजर आई। केंद्र सरकार ने किसानों के सामने दो प्रपोजल रखे हैं। केंद्र ने किसानों के सामने प्रस्ताव रखा कि डेढ़ साल तक कृषि कानून लागू नहीं किए जाएंगे और वो इस संबंध में एक हलफनामा कोर्ट में पेश करने को तैयार है। इसके अलावा एमएसपी पर बातचीत के लिए नई कमेटी का गठन किया जाएगा। कमेटी जो राय देगी, उसके बाद एमएसपी और कानूनों पर फैसला लिया जाएगा। हालांकि, किसान कानूनों की वापसी पर ही अड़े हुए हैं। उधर, 42 साल के किसान जय भगवान राणा की भी मौत हो गई। रोहतक जिले के रहने वाले राणा ने मंगलवार को सल्फास खा ली थी। वे टीकरी बॉर्डर पर प्रदर्शन में शामिल थे।

किसानों और सरकार के बीच अगली बैठक 22 जनवरी को होगी और किसान इसी बैठक में प्रस्ताव पर अपना जवाब देंगे। किसानों ने साफ कर दिया है कि 26 जनवरी को ट्रैक्टर रैली होगी। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा, 'बातचीत के कई नरम-गरम दौर हुए। हमारे प्रस्ताव को किसानों ने गंभीरता से लिया है। मुझे लगता है 22 तारीख को समाधान की संभावना है। हमने किसानों को प्रस्ताव इसलिए दिया है, क्योंकि आंदोलन खत्म हो और जो किसान कष्ट में हैं, वो अपने घर जाएं। सुप्रीम कोर्ट ने जो कमेटी बनाई है, वो अपना काम कर रही है। किसानों और किसान आंदोलन से बनी स्थितियों के लिए सरकार की भी सीधी जिम्मेदारी है और इसी के तहत हम प्रक्रिया आगे बढ़ा रहे हैं।

## 22 जनवरी को इस प्रस्ताव पर जवाब देंगे किसान



### कमेटी की किसानों से पहली बैठक आज

कृषि कानूनों के मुद्दे पर समाधान के लिए सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई गई कमेटी के 3 सदस्यों ने मंगलवार को दिल्ली में पहली बैठक की। इसमें आगे की प्रक्रिया, कब-कब मीटिंग करेंगे, कैसे सुझाव लेंगे और रिपोर्ट तैयार करने पर विचार किया गया। कमेटी के मुताबिक 21 जनवरी को समिति किसान संगठनों के साथ बैठक करेगी। जो किसान नहीं आएंगे, उनसे मिलने भी जाएंगे। ऑनलाइन सुझाव लेने के लिए पोर्टल बनाया गया है। 15 मार्च तक किसानों के सुझाव लिए जाएंगे। इससे पहले समिति के सदस्यों की निजी राय कानूनों के पक्ष में होने का हवाला देते हुए उन्हें बदलने की अर्जी पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चीफ जस्टिस एसए बोबडे ने कहा कि किसी व्यक्ति को उसके पहले के विचारों की वजह से समिति का सदस्य होने के लिए अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता।

### प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली पूरी तरह कार्यपालिका से जुड़ा मामला: कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि गणतंत्र दिवस के दिन किसानों की प्रस्तावित ट्रैक्टर रैली पूरी तरह कार्यपालिका से जुड़ा मामला है। इसके बाद केंद्र ने मामले में हस्तक्षेप का अनुरोध करने वाली अपनी याचिका वापस ले ली। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे, न्यायमूर्ति एएस बोपन्ना और न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यन की पीठ ने कहा, हम आपको कह चुके हैं कि हम कोई निर्देश नहीं देंगे। यह पुलिस का मामला है। हम आपको (याचिका वापस लेने) की अनुमति देंगे। आप प्राधिकार हैं और आपको इससे निपटना है। आपके पास आदेश जारी करने के अधिकार हैं, आप यह करिए।

### अफसर नहीं करते सुनवाई, किसान आंदोलन का जल्द करो समाधान

**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन के कारण सत्तारूढ़ भाजपा सरकार में छाए अस्थिरता के बादलों को हटाने तथा विधायकों के मन की बात जानने के लिए पार्टी प्रभारी विनोद तावड़े का तीन दिवसीय दौरा बृहस्पतिवार को समाप्त होगा। दो दिन तक उन्होंने एक-एक विधायक के साथ व्यक्तिगत मुलाकात करके सरकार के बारे में फीडबैक लिया। तावड़े मंगलवार दोपहर प्रदेश के एक-एक विधायक के साथ मुलाकात कर रहे हैं। केंद्रीय नेतृत्व ने इस बार उन्हें विशेष रूप से विधायकों का फीडबैक जुटाने भेजा है। बैठक में शामिल हो रहे ज्यादातर विधायकों ने अफसशाही को निशाने पर लिया है। कुछेक विधायकों ने तो यहां तक कहा है कि सीएमओ के कहने पर भी अफसरशाही द्वारा उनकी सुनवाई नहीं की जाती है। तावड़े विधायकों के साथ किसान आंदोलन पर भी चर्चा कर रहे हैं। इनमें से कई विधायकों ने इस पर जल्द समाधान की मांग की।

## कांग्रेस ने 22 को बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक अध्यक्ष के चुनाव पर चर्चा की संभावना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने 22 जनवरी को अपनी शीर्ष नीति निर्धारण इकाई कांग्रेस कार्य समिति (सीब्डल्यूसी) की बैठक बुलाने का फैसला किया है, जिसमें पार्टी के नए अध्यक्ष के चुनाव की पक्रिया को लेकर चर्चा हो सकती है। सूत्रों ने बताया कि सीडब्ल्यूसी की यह डिजिटल बैठक शुक्रवार को सुबह होगी। बैठक में नए अध्यक्ष के चुनाव के साथ किसान आंदोलन और कुछ अन्य मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है। माना जा रहा है कि बैठक में अध्यक्ष के चुनाव को हरी झंडी दी जा सकती है और चुनाव तिथि का ऐलान भी हो सकता है।

## अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का निधन



**लखनऊ।** अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का राजधानी के संजय गांधी स्नातकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान में निधन हो गया। वह 95 साल के थे। एसजीपीजीआई के निदेशक डॉक्टर आर. के. धीमान ने बताया कि अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद (95) का मंगलवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर निधन हो गया।

# पश्चिम बंगाल: सड़क हादसे में 14 बारातियों की मौत, 17 घायल

**एजेंसी।** जलपाईगुड़ी (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम** बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में बारातियों को ले जा रहे तीन वाहनों और पत्थर लदे एक ट्रक में टक्कर होने से चार बच्चों सहित 14 बारातियों की मौत हो गई और 17 घायल हो गए। हादसा धुपगुड़ी ब्लॉक के जलढाका इलाके में मंगलवार रात को हुआ। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सड़क हादसे में मौतों पर बुधवार को शोक जताया और मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बारातियों के वाहन सड़क पर गलत दिशा से धुपगुड़ी की ओर जा रहे थे और घने कोहरे की वजह से यह टक्कर हुई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हादसे में मारे गए लोगों के परिजन को 2.5-2.5 लाख रुपये देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने पुरुलिया में एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य सरकार गंभीर रूप से घायल हुए लोगों को 50,000 और अन्य घायलों को 25,000 हजार देगी। बनर्जी ने कहा, जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई नहीं की जा सकती, लेकिन मैं परिवारों से कहना चाहती हूं कि सरकार उनके साथ हैं। हम मृतकों के परिजन को और हादसे में घायल हुए लोगों को अनुग्रह राशि मुहैया करा रहे हैं। हमारे स्थानीय विधायक सौरभ चक्रवर्ती वहां पहले से मौजूद हैं और राज्य के मंत्री अरूप विश्वास घटना स्थल पहुंच रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी सुबह घटना पर दुख व्यक्त किया था। मोदी ने कहा कि सड़क हादसे से वह बेहद दुखी हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख के मुआवजे की भी घोषणा की। प्रधानमंत्री कार्यालय के मुताबिक घायलों को 50 हजार की आर्थिक मदद प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दी जाएगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हादसे में घायल लोगों का उपचार चल रहा है।



**ट्रक ड्राइवर हिरासत में :** प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो बोल्डर से लदा ट्रक, एक दूसरे ट्रक को ओवरटेक कर रहा था। इसी दौरान गलत दिशा से आ रही टाटा मैजिक, मारुति वैन से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रक के कई पत्थर दूसरी गाड़ियों पर गिर गए। इस मामले में ट्रक ड्राइवर को हिरासत में लिया गया है।

## 'राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक करना राष्ट्रद्रोह, निष्पक्ष जांच हो'

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी की कथित व्हाट्सएप बातचीत के मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए बुधवार को कहा कि देश की सेना एवं सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक करना राष्ट्र विरोधी कृत्य एवं राष्ट्रद्रोह है और वह इस मुद्दे को संसद के आगामी सत्र में उठाएगी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एके एंटनी, सुशील कुमार शिंदे, गुलाम नबी आजाद और सलमान खुर्शीद ने इस विषय को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। साथ ही कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक जैसे अभियान की जानकारी सरकार में शीर्ष पदों पर बैठे कुछ लोगों को होती है और ऐसे में इसका पता लगाया जाना चाहिए कि यह संवेदनशील जानकारी कैसे लीक हुई।

● विस्तृत खबर पेज-09

# बंगाल में सीएम उम्मीदवार घोषित नहीं करेगी भाजपा

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल में जारी सियासी घमासान के बीच भाजपा के महासचिव और प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी अपना मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि बहुमत हासिल करने के बाद, पार्टी नेतृत्व और विधायक तय करेंगे कि मुख्यमंत्री कौन बनेगा।

वहीं बुधवार को आदित्य बिड़ला समूह के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट रंजन बनर्जी बुधवार को कोलकाता में भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने पार्टी में शामिल होने के बाद कहा कि मैं भाजपा को राज्य के लोगों की सेवा करने का मौका देने के लिए धन्यवाद देता हूं। हमें यहां उद्योग लाने की जरूरत है ताकि लोगों को रोजगार मिल सके। वहीं पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के विधायकों के टूटने का सिलसिला लगातार जारी है। इसी क्रम में शांतिपुर से विधायक अरिंदम भट्टाचार्य बुधवार को दिल्ली में भाजपा में शामिल हो गए। समाचार एजेंसी एएनआई ने इसकी जानकारी दी है।

**चुनाव परिणाम के बाद होगा फैसला**



# महेंद्रगढ़ में होगा मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब का निर्माण

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### डिप्टी सीएम ने ली अधिकारियों की बैठक

**दक्षिण** हरियाणा में विकास और रोजगार के नए द्वार खोलने की दिशा में राज्य सरकार ने तेजी से कार्य करना शुरू कर दिया है। बुधवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने महेंद्रगढ़ जिला के नांगल चौधरी में प्रस्तावित उत्तर भारत के बड़े मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब के निर्माण कार्य शुरू करने बारे अधिकारियों के साथ मंथन किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने इस लॉजिस्टिक हब के निर्माण कार्यों से संबंधित बिजली विभाग, जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, लोक निर्माण (भवन एवं सड़कें) विभाग के अलावा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं बुनियादी ढांचा विकास निगम के आला अधिकारियों के साथ हब की तैयारियों की समीक्षा बैठक की। उन्होंने उक्त सभी विभागों के प्रस्तावित निर्माण कार्य का नक्शे के माध्यम से अवलोकन किया और बारीकी से अध्ययन करने के बाद अधिकारियों को टाइम-लाइन देते हुए उस अवधि में सभी औपचारिकताएं पूरी कर कार्य शुरू करने के निर्देश दिए।

## हरियाणा में एक फरवरी से खुलेंगे स्कूल

# छठी से आठवीं तक शुरू होंगी कक्षाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

**हरियाणा** सरकार ने एक फरवरी से प्रदेश में छठी से लेकर आठवीं तक के स्कूल खोलने का फैसला किया है। इस संबंध में शिक्षा विभाग ने कोरोना गाइडलाइन के साथ अपनी मंजूरी दे दी है। पिछले करीब दस माह से बंद पड़े स्कूलों में अब एक फरवरी से चहल-पहल शुरू होगी। इसके बाद 15 फरवरी से पहली से पांचवीं तक की कक्षाएं शुरू की जाएंगी।

हरियाणा में पिछले साल 22 मार्च से कोरोना के कारण स्कूल बंद हैं। प्रदेश के सरकारी स्कूलों में छठी से आठवीं तक करीब 5.50 लाख बच्चे पंजीकृत हैं, जो कोरोना काल की वजह से घर पर रहकर ऑनलाइन शिक्षा ले रहे हैं। सरकार ने दिसंबर माह में 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए स्कूल खोल दिए थे और अब समय के साथ-साथ इन कक्षाओं में बच्चों की हाजिरी भी बढ़ने लगी है। प्रदेश के निजी स्कूल संचालकों द्वारा भी यह मामला शिक्षा विभाग के समक्ष उठाया गया था, जिसमें प्राइमरी और मिडिल स्कूल खोलने की मांग की जा रही थी।

शिक्षा निदेशालय ने प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों के पास से इस संबंध में रिपोर्ट मंगवाई थी। इस रिपोर्ट के आधार पर शिक्षा निदेशालय ने एक फरवरी से छठी से लेकर आठवीं तक की कक्षाएं शुरू करने का प्रस्ताव सरकार को भेजा था, जिसे अब स्वीकार कर लिया गया है। मिडिल स्कूल खोलने के अलावा सरकार ने 15 फरवरी से प्राइमरी कक्षाएं शुरू करने की तैयारी कर ली है। इस संबंध में बाद में अधिसूचना जारी की जाएगी।



**शिक्षा विभाग के प्रस्ताव पर सरकार ने लगाई मुहर**

**15 फरवरी से शुरू होंगी छोटी कक्षाएं**

### एक माह देरी से होंगी परीक्षाएं

शिक्षा विभाग ने स्कूल खोलने से पहले गाइडलाइन भी तैयार कर ली है, जिसके अनुसार एक कमरे अथवा एक स्थान पर 20 से अधिक छात्र नहीं बैठेंगे। इसके अलावा कोरोना गाइडलाइन का पालन अनिवार्य होगा। सभी बच्चों के परिजनों से लिखित में एनओसी लेकर ही कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। इसके अलावा माता-पिता बच्चों को स्कूल भेजने से पहले यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका बच्चा बीमार नहीं है।

**विद्यार्थियों को जल्द मिलेंगे टैब:** हरियाणा सरकार ने स्कूली बच्चों को पढ़ाई के लिए टैब देने का फैसला किया है। शिक्षा विभाग की इस योजना को भी सरकार ने मंजूरी प्रदान कर दी है। जिसके चलते प्रदेश में 8वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों को आठ इंच तथा 11वीं व 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को दस इंच के टैब मुफ्त दिए जाएंगे। विद्यार्थी इन टैब की मदद से पढ़ाई कर सकेंगे।

पड़ोसी राज्यों ने भी स्कूल खोलने शुरू कर दिए हैं। इस संबंध में जिला अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी गई थी। इस साल बच्चों की कक्षाएं नहीं लग सकी हैं। इसलिए परीक्षाओं का आयोजन मार्च की बजाए अप्रैल में किया जाएगा, ताकि बच्चों को पाठयक्रम दोहराने के लिए समय मिल सके। स्कूल खोलने से पहले स्कूलों को सेनिटाइज करने तथा कोरोना गाइडलाइन का पालन करने के लिए बाध्य किया जाएगा।
**कंवर पाल,** शिक्षा मंत्री हरियाणा

Good Morning!
# फरीदाबाद पायनियर
हरियाणा, बृहस्पतिवार, 21 जनवरी 2021 | ग्रेटर फरीदाबाद • सराय • एनआईटी इंडस्ट्रियल एरिया • बल्लभगढ़ • तिगांव | ई-पेपर www.pioneerhindi.com

-राइट विजन-

# बचाव के नियम कोरोना से ही नहीं भविष्य में अन्य रोगों से भी बचाएंगे : अग्रवाल

*कोरोना से बचाने के लिए सरकार लगातार संदेश दे रही है कि जब तक दवाई नहीं, तब तक ढिलाई नहीं। बेशक वैक्सीन बन चुकी है, लेकिन अभी आम आदमी की पहुंच से दूर है। इसलिए हमें कोरोना से बचाव के लिए सरकार द्वारा जारी गाइडलाइंस का पालन करने में लापरवाही नहीं बरतनी है। मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग और स्वच्छता हमें कोरोना ही नहीं भविष्य में अन्य बीमारियों से भी सुरक्षित रखेंगे। हमें इन अच्छी आदतों जारी रखना है। यह कहना भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय मंत्री राजकुमार अग्रवाल का। श्री अग्रवाल समाज के जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। पेश है पायनियर के वरिष्ठ संवाददाता राजेश दास और राजकुमार अग्रवाल की बातचीत के अंश :-*

**सवाल : शिक्षा के बाद आपने करियर की शुरुआत कैसे की।**

**जवाब :** वर्ष 1989 में मैं फरीदाबाद आ गया और यहां मैंने इंडस्ट्रीयल इलेक्ट्रिकल आयटम का बिजनेस शुरू कर दिया।

**सवाल : बिजनेस की शुरुआत आपने किसकी प्रेरणा से की।**

**जवाब :** हमारे एक रिश्तेदार यहां पहले से इलेक्ट्रिकल आयटम का बिजनेस चलाते थे। उन्होंने मुझे फरीदाबाद में आकर यहीं बिजनेस शुरू करने के लिए प्रेरित किया था।

**सवाल : आपने किस स्तर से बिजनेस शुरू किया था और आज क्या स्थिति है।**

**जवाब :** मैंने मात्र 50 हजार रुपये की पूंजी लगाकर एनएच एक एच ब्लॉक में काम शुरू किया था। आज हमारा बिजनेस काफी बेहतर स्थिति में है।

**सवाल : आप किन किन सामाजिक संस्थाओं के साथ जुड़े हुए हैं।**

**जवाब :** मैं भारत विकास परिषद में राष्ट्रीय मंत्री, राजस्थान एसोसिएशन में उपाध्यक्ष, अग्रवाल सेवा सदन में संस्थापक और आरएसएस के साथ जुड़ा हुआ हूं।

**सवाल : भारत विकास परिषद किस तरह के कार्य करता है।**

**जवाब :** परिषद सेवा और संस्कार को मूलमंत्र मानकर कार्य करता है। सेवा के क्षेत्र में हम समाज के गरीब और जरूरतमंदों की मदद करने का काम करते हैं। वहीं संस्कार के क्षेत्र में हम स्कूल और कॉलेज के बच्चों के लिए भारत को जानों प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं। साथ ही राष्ट्रीय समूहगान का आयोजन किया जाता। शिक्षक दिवस पर हम पांच सरकारी और पांच निजी स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों और अध्यपकों को सम्मानित करते हैं।

**सवाल : लोकडाउन के दौरान अपने जरूरतमंदों की कैसे मदद की।**

**जवाब :** लोकडाउन में हमने लगातार शिविर लगाकर जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया। इस दौरान बस्तियों में जाकर मजदूर परिवार को राशन, मास्क, सेनिटाइजर और जरूरत का सामान वितरत किया।

**सवाल : कोरोनाकाल में आप किस तरह के कल्याणकारी कार्य कर रहे हैं।**

**जवाब :** इस दौरान हमने कोरोना को मात दे चुके लोगों को प्लाज्मा दान करने के लिए प्रेरित किया। हमारी टीम ने करीब पांच हजार लोगों से सम्पर्क किया। अब तक हम 300 लोगों से प्लाज्मा दान करवा चुके हैं।

**सवाल : वर्तमान में आपकी संस्था क्या अभियान चला रही।**

**जवाब :** भारत विकास परिषद देश को एनिमिया मुक्त बनाने के लिए अभियान चला रही है। जिसके तहत महिला कार्यकर्ता देश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जाकर महिलाओं का होम्योग्लोविन चेक कराने के साथ उन्हें स्वास्थ्य और खानपान के प्रति जागरूक कर रही हैं।

**सवाल : स्वास्थ्य के क्षेत्र में संस्था क्या कार्य कर रही है।**

**जवाब :** भारत विकास परिषद द्वारा सेक्टर आठ में सर्वोदय अस्पताल के सामने गरीबों के लिए अस्पताल बनाया जा रहा है। जहां 20 डायलीसिस मशीन, एमआरआई, अल्ट्रासाउंड, सिटी स्कैन, आंखों के ऑपरेशन, डेंटल, ओपीडी और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेगी।



### जीवन परिचय

| | |
|---|---|
| नाम | : राजकुमार अग्रवाल |
| जन्मदिन | : 16 जुलाई 1967 |
| पिता | : स्वर्गीय राधेश्याम अग्रवाल |
| माता | : सावित्री अग्रवाल |
| पत्नी | : मीना अग्रवाल |
| परिवार | : बेटा ऋशव अग्रवाल |
| स्कूल | : 10वीं - गवर्नमेंट स्कूल, जिला हुगली, पश्चिम बंगाल |
| उच्चशिक्षा | : बीकॉम - कोलकाता यूनिवर्सिटी |
| रूचि | : समाजसेवा |

## संक्षिप्त समाचार

### 14वें मानव रचना कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज कप का अनावरण



**फरीदाबाद।** डॉ. ओपी भल्ला की याद में शुरू किया गया मानव रचना कॉरपोरेट क्रिकेट चैलेंज का 14वां संस्करण 23 जनवरी, 2021 से शुरू हो रहा है। 25 कॉरपोरेट टीमें चैंपियंस ट्रॉफी के लिए एक-दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करेंगी। दिल्ली-एनसीआर के 25 प्रमुख कॉरपोरेट- मारुति सुजुकी (गुरुग्राम), हीरो मोटोकॉर्प (गुरुग्राम), जेसीबी (फरीदाबाद), एस्कॉर्ट्स कंस्ट्रक्शन (फरीदाबाद), आकाश दर्शन (दिल्ली), एसीई (फरीदाबाद), होंडा कार्स (ग्रेटर नोएडा), आज तक (दिल्ली), एशियन अस्पताल (फरीदाबाद), सर्वोदय अस्पताल (फरीदाबाद), एनएचपीसी (फरीदाबाद), होंडा मोटरसाइकिल (गुरुग्राम), भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (दिल्ली), आईआईएफएल-वेल्थ (दिल्ली), एडिडास (गुरुग्राम), डीडी न्यूज (दिल्ली), मेटाफब (फरीदाबाद), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, आईआरसीओएन इंटरनेशनल, प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, एचपीसीएल, ग्लेन इंडिया, वेव इंफ्राटेक, आर्किटेक्ट स्पोर्ट्स ट्रस्ट और मानव रचना शैक्षणिक संस्थान (फरीदाबाद) इस साल भाग ले रहे हैं। इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट की चैंपियंस ट्रॉफी का अनावरण प्रतिभागी टीमों के कप्तानों, डॉ. अमित भल्ला, उपाध्यक्ष, मानव रचना शैक्षणिक संस्थान श्री सरकार तलवार, निदेशक-खेल, एमआरईआई व अन्य वरिष्ठ गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान टीमों को खेल के लिए कपड़े वितरित किए और मैच का ड्रा निकाला गया। 14वें मानव रचना कॉर्पोरेट क्रिकेट चैलेंज कप 2021 में 51 मैच खेले जाएंगे। जिसके लिए टीमों को छह समूहों (प्रत्येक समूह में चार-पांच टीम) में विभाजित किया है। पहले चरण में लीग मैच खेले जाएंगे जिसके बाद नॉक-आउट मैच होंगे। प्रत्येक ग्रुप में से टॉप दो योग्य टीमें नॉकआउट मैच खेलेंगी। टूर्नामेंट का अंतिम मैच 27 मार्च, 2021 को खेला जाएगा।

### जेएमडी इलेवन ने 150 रन से जीता मैच




**फरीदाबाद।** 17वें रविंद्र फागना मिक्स कॉरपोरेट क्रिकेट लीग में जेएमडी इलेवन ने एसएस सुपर किंग टीम को 150 रन से हराया। यह मुकाबला रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी स्थित मैदान पर खेला गया। बीसीसीआई कोच धर्मेन्द्र फागना ने बताया कि यह मैच 20-20 ओवर का था। ये मैच जेएमडी इलेवन ओर एसएस सुपर किंग के साथ खेला गया। जेएमडी इलेवन ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम ने 20 ओवर में एक विकेट पर 271 रन बनाए। टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विशाल जैलदार ने 110 रन, आकाश ने 107 रन और गौरव बिधूड़ी ने 37 रन बनाए। एसएस सुपर किंग की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ बेसला ने एक विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए एसएस सुपर किंग की टीम को 18 ओवर में 10 विकेट में 121 रन बनाकर हार का सामना करना पड़ा टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए विजय कामबोज ने 45 रन, कैलाश भंडारी ने 19 रन, सतन ने 13 रन बनाए। जेएमडी इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए मोहित बिधूड़ी ने 04 विकेट, सचिन शर्मा -बी, गौरव बिधूड़ी और सन्नी टुटेजा ने 1-1 विकेट लिए। मैन आफ दा मैच आकाश (जेएमडी इलेवन) को दिया गया। बेस्ट फाइटर आफ दा मैच विजय कम्बोज (एसएस सुपर किंग) को दिया गया।

### नुक्कड़ नाटक कर किया लोगों को जागरूक



**फरीदाबाद।** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में बाढ़ मोहल्ला मे बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। यह जानकारी सुपरवाइजर सुनीता दहिया ने यहां देते हुए बताया कि जिला प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन में विभाग द्वारा महिलाओं के कल्याण और बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के लिए अनेक जन कल्याणकारी योजनाओं का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पालन पोषण के संबंध में उपस्थित महिलाओं एवं युवतियों को विशेष तौर पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं युवतियां किस प्रकार अपने पोषण को सुचारू रूप से रख कर अपने स्वास्थ्य की देखभाल करते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाह भी कर सकती। सीडीपीओ द्वारा महिलाओं को बेटे और बेटी में समानता रखते हुए उनके पोषण के बारे में जागरूक किया और इस दौरान आपकी बेटी हमारी बेटी विषय पर भी फार्म भरवाए गए।

### शहर का तापमान

- अधिकतम 21.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 07.02 डिग्री सेल्सियस

### शहर में आज

- सेक्टर-12 में किसान आंदोलन को लेकर धरना : सुबह 10 बजे
- बीके अस्पताल में कोरोना जांच व ओपीडी शुरू : सुबह 9 बजे
- सेक्टर-12 में पीटीआई टीचरों का धरना : सुबह 11 बजे
- रविन्द्र फागना अकादमी में क्रिकेट मैच का आयोजन : सुबह नौ बजे

### निवेश गुरु

**जो** लोग इस साल सही जगह निवेश की योजना बना रहे हैं, उनके लिए यह काम किसी चुनौती से कम नहीं है। दुनियाभर में तबाही मचा रही कोरोना महामारी से शेयर बाजार बेहद अस्थिर है। इस साल की शुरुआत से ही शेयर बाजार में भारी उतार-चढ़ाव देखा गया है, जिसके कारण निवेशक असमंजस में हैं कि वे कब और कहां निवेश करें। भारतीय शेयर बाजार जनवरी में अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर था, जिसके बाद मार्च में इसमें 23 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। हालांकि, अप्रैल में इसमें थोड़ा सुधार देखा गया, जिसके बाद सितंबर में यह एक सम्मान जनक स्तर पर पहुंचा। एक साल के भीतर निवेशकों ने बाजार के उच्च स्तर को देखा।

### यूटीलिटी न्यूज

#### विकास कार्यों का किया उद्घाटन

**फरीदाबाद।** बडखल विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों विकास कार्य तेजी से कराये जा रहे हैं और क्षेत्र के विकास के लिए सरकार की ओर से पर्याप्त मात्रा में धन मुहैया कराया जा रहा है। यह बात स्थानीय विधायक सीमा त्रिखा ने आज क्षेत्र में लाखों रुपये के विकास कार्यों का उदघाटन करते हुए मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने बडखल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में लाखों रुपयों के विकास कार्यों के उदघाटन किये। विकास कार्यों में मुख्य रूप से आईजी कालोनी वार्ड-19 में लगभग 27.15 लाख रुपये की लागत से सीवरेज एवं पानी की लाइन का कार्य, एसएमजी नगर वार्ड 17 में लगभग 24 लाख रुपये की लागत से सीवरेज लाइन और इंटरलॉकिंग टाइल्स स्नेह विद्या निकेतन वाली गली में लगाने का कार्य, एसजीएम नगर वार्ड 17 में 9 लाख रुपये की लागत से ट्यूबवेल लगवाना तथा शिव दुर्गा विहार वार्ड 21 में 9 लाख रनुपये की लागत से ट्यूबवेल का उद्घाटन शामिल है।

### क्विक न्यूज

#### अवैध गांजा तस्कर किया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 17 प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप मोर व उनकी टीम ने अवैध गांजा तस्कर अशोक को गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर सेक्टर 58 से गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से 575 ग्राम गांजा बरामद किया। आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर 58 में एनडीपीएस की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह बल्लभगढ़ से किसी अनजान व्यक्ति से यह गांजा लेकर आया था। आरोपी परचून की दुकान चलाता है और अपनी दुकान पर ही लोगों को गांजा बेचता है। आरोपी अशोक पुत्र विजय सेक्टर 58 का निवासी है। जिसे अदालत में पेश करके जेल भेज दिया गया है।

# लापरवाही या भ्रष्टाचार : लाखों खर्च करके भी ठगा महसूस कर रहे व्यापारी

करोड़ों का राजस्व देने वाली अधिकृत मार्केट में सुविधाओं का अभाव

**राजेश दास।** फरीदाबाद




**शहर** के पॉश इलाकों में शामिल सेक्टर 21सी से सटी मार्बल मार्केट के व्यापारी लाखों रुपये की दुकानें खरीदने के बाद भी खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। हूडा ने करीब 20 साल पहले मार्केट को विकसित किया था। उस समय व्यापारियों को रिझाने के लिए सड़कें, फुटपाथ और ग्रीनबेल्ट बनाई गई थीं। लेकिन इसके बाद हूडा ने मरम्मत के नाम पर यहां एक ईंट तक नहीं लगाई। जिसके कारण सड़कों और फुटपाथ का नामो निशान मिटने के कगार पर है। वहीं ग्रीनबेल्ट में कूड़ा डाले जाने के कारण वह पूरी तरह नष्ट हो चुकी है। व्यापारियों की सुविधा के लिए बनाया गए सार्वजनिक शौचालय देखरेख के अभाव में जर्जर हो चुके हैं। हूडा सेक्टर 21सी और इस मार्केट को नगर निगम के हैंडओवर कर चुका है। शिकायत करने पर निगम और हूडा एक-दूसरे की जिम्मेदारी बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। वहीं दूसरी तरफ निजी कंपनी द्वारा बीच सड़क पर गड्ढा खोदकर इंटरनेट की लाइन डाली जा रही है। लेकिन दोनों ही विभाग के अधिकारियों को इससे कोई लेना देना नहीं हैं।

#### 15 साल में नहीं हुई मरम्मत

**हरियाणा** शहरी विकास प्राधिकरण ने सेक्टर 21सी से सटे मार्बल मार्केट को हूडा ने वर्ष 2000 में विकसित किया था। वर्ष 2005 में हूडा द्वारा व्यापारियों को कब्जा दे दिया गया था। मार्केट को विकसित करने के दौरान ही हूडा ने यहां सड़कों का निर्माण करवाया था, लेकिन करीब 15 साल गुजर जाने के बाद भी हूडा अथवा निगम ने सड़कों की मरम्मत तक नहीं करवाई। जिसके कारण तमाम सड़कें जर्जर होकर टूट चुकी है। कुछ स्थानों पर तो सड़कों का नामो निशान ही मिट चुका है। कई सड़कों का तो आज तक निर्माण ही नहीं कराया गया। हूडा ने इस मार्केट को बसाते समय यहां पर बरसाती पानी की निकासी के लिए स्टॉम वाटर लाइन डालने की जरूरत महसूस नहीं की। जबकि हूडा मार्केट को निगम के हैंडओवर कर चुका है। पानी की निकासी की व्यवस्था न होने से थोड़ी सी बरसात आते ही पूरी मार्केट में बरसाती पानी भर जाता है। जिससे मार्केट में आने वाले लोगों के साथ ही व्यापारियों को भारी परेशानी हो रही है। व्यापारियों द्वारा शिकायत करने पर समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया जाता।

#### कौन है जिम्मेदार

**इस** सेक्टर अथवा मार्केट में अभी भी हूडा की काफी सम्पतियां बची हुई हैं। वहीं हूडा द्वारा यहां कई सड़कों का निर्माण और अन्य कई विकास कार्य भी नहीं कराए हैं, इसके बावजूद हूडा ने सेक्टर नगर निगम को हैंडओवर कर दिया है। नियमों के मुताबिक हैंडओवर करने के बाद भी सेक्टर में विकास कार्य करवाने की जिम्मेदारी हूडा की ही है, लेकिन मरम्मत और रख-रखाव की जिम्मेदारी नगर निगम की है। यहां न तो हूडा विकास कार्य करवा रहा है और न ही नगर निगम मम्मत के काम करवा रहा है। व्यापारियों द्वारा शिकायत करने पर दोनों एक-दूसरे की जिम्मेदारी बता कर पल्ला झाड़ लेते हैं। यहां वैसे ही सड़कों की हालत खस्ता है। अब रही-सही कसर निजी कंपनी द्वारा बीच सड़क पर खुदाई कर इंटरनेट की लाइनें डालकर पूरी की जा रही है, लेकिन नगर निगम और हूडा के अधिकारियों द्वारा मौके पर आकर कंपनी के काम का निरीक्षण तक नहीं किया जा रहा है। ऐसे में यहां आने वाले भारी वाहनों के इनमें फंसने अथवा दुर्घटना का खतरा बना हुआ है।

#### सुविधाओं का भारी अभाव

**मार्बल** मार्केट में चार सार्वजनिक शौचालय बने हुए हैं, लेकिन इन शौचालयों की देखरेख और साफ-सफाई की व्यवस्था हूडा या निगम की तरफ से नहीं करवाई गई। जिसके कारण सभी शौचालय बुरी तरह जर्जर हो चुके हैं। शौचालय के अभाव में लोगों को खुले में जाना पड़ता है। नियमित मरम्मत के अभाव में करीब 50 प्रतिशत स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई हैं। जिसके कारण शाम ढलते ही पूरी मार्केट में अंधेरा छा जाता है। ऐसे में व्यापारी जल्दी ही दुकानें बंद कर लौट जाते हैं। मार्केट की तरफ आने वाले रास्तों पर कहीं भी दिशा सूचक बोर्ड नहीं लगवाए। जिसके कारण मार्केट में आने वाले लोगों इधर-उधर भटकना पड़ता है। नगर निगम ने मार्केट में एक भी सफाई कर्मचारी की तैनाती नहीं की। जिसके कारण मार्केट में सफाई व्यवस्था बुरी तरह चरमराई हुई है। मार्केट की ओर आने वाले कच्चे रास्तों और ग्रीनबेल्टों पर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। कूड़े के ढेर से दुर्गंध उठने से व्यापारियों का दुकान पर बैठना मुश्किल हो जाता है।





#### समस्याओं का समाधान जरूरी



**मार्बल** मार्केट के प्रधान प्रदीप अग्रवाल का कहना है कि यहां की ज्यादातर सड़कें टूट कर जर्जर हो चुकी हैं। निकासी की व्यवस्था न होने से बरसाती पानी मार्केट में भरा रहता है। जिसके कारण मार्केट के व्यापारियों और आने वाले ग्राहकों को परेशानी हो रही है।

#### विकास कार्य करवाएं जाए



**मार्बल** व्यापारी जितेंद्र गौड़ का कहना है कि मार्केट शुरू होने के बाद 15 सालों में यहां मरम्मत का कोई काम नहीं हुआ। शौचालय जर्जर होने से सभी को परेशानी हो रही है। निगम अथवा हूडा को समस्याओं का समाधान करवा कर सुविधा देने का प्रयास करना चाहिए।

# गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश उत्सव धूमधाम से मनाया

## जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल... के जोशीले नारे लगाए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद





फोटो: राजेश पुंजानी

**जो बोले** सो निहाल, सत श्री अकाल..। इस जोशीले जयकारे के बीच शहरभर में मौजूद गुरुद्वारों में गुरु गोबिंद सिंह की जयंती मनाई गई। कई जगह प्रकाश उत्सव पर नगर किर्तन निकाला गया। कोरोना के कारण कुछ गुरुद्वारों में अरदास और मात्था टेक कर लोगों ने लंगर प्रसाद बांटा।

जानकारी के मुताबिक जिले का सिख समाज गुरु नानक जयंती व गुरु गोबिंद जयंती को प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम से मनाता है। इसमें शहर में रहने वाले सभी परिवार शामिल होते है। गुरु गोबिंद सिंह के जन्मोत्सव कार्यक्रम की पहले से ही तैयारियां कर ली गई थीं। इसके लिए गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के लोगों ने पहले घोषणा कर दी थी, लेकिन कोरोना महामारी को ध्यान में रखते हुए प्रशासन की तरफ से सख्ती की गई, जिसे देखते हुए प्रकाश उत्सव में नगर किर्तन कुछ ही गुरुद्वारों से निकाला गया।

### गुरु के बताए रास्ते पर चलने की प्रेरणा ली

**नगर** कीर्तन देश की एकता व अखंडता के लिए निकाला जाता है। गुरु गोबिंद सिंह ने अपने देश व कौम के लिए अपना पूरा परिवार वार दिया था। उनके आगमन दिवस के रूप में कार्यक्रम किया गया, जिसमें क्षेत्र के सभी समुदायों के लोगों ने भाग लेकर उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलने की प्रेरणा ली। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह महान योद्धा, कवि, भक्त एवं आध्यात्मिक गुरु थे। 1699 में बैसाखी के दिन उन्होंने खालसा पन्थ की स्थापना की। जो सिखों के इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण दिन है। गुरु गोबिन्द सिह ने सिखों की पवित्र ग्रन्थ गुरु ग्रंथ साहिब को पूरा किया और उन्हें गुरु रूप में सुशोभित किया गया।

### निकाला भव्य कीर्तन

**सेक्टर**-16 स्थित गुरुद्वारा सुखमणि भवन से बुधवार को सिख समाज के लोगों ने प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में दशमेश गुरु गोबिंद सिंह महाराज के प्रकाशोत्सव का आयोजन किया गया। मौके पर प्रभातफेरी निकाली गई। प्रभातफेरी के साथ जत्थे ने कीर्तन कर संगत को निहाल किया। इस मौके पर शहर में नगर कीर्तन का आयोजन किया गया, जो गुरुद्वारे से शुरू होकर विभिन्न मार्गों से होता हुआ वापस गुरुद्वारा पहुंचा।

धर्म-संस्कृति के ध्वज वाहक गुरु गोबिंद सिंह अपनी राष्ट्रभक्ति, वीरता एवं त्याग के पर्याय के रूप में हम सभी के लिए जीवन पय्रंत प्रेरणीय रहेंगे। इस अवसर पर प्रधान चरण सिंह जौहार, सचिव अवतार सिंह पसरीचा, परमजीत सिंह पावा, कुलदीप सिंह साहनी, टोनी पहलवान, जय कत्याल, तेजिंद्र सिंह चड्ढा, अनिल अरोड़ा, सुरेंद्र सांगा, परमजीत सिंह, कुलदीप सिंह, महिला प्रधान शरबजीत कौर, महेंद्र कौर सांगा, नीरू अरोड़ा, रश्मीन कौर चड्ढा, इंद्रजीत कौर, प्रीती चड्ढा, डिम्पल साहनी, चरणप्रीत पावा, जसमीत कौर अनेजा और अनीता वर्मा आदि सेवादार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हस्त मुद्रा योग, ज्योतिष एवं आध्यात्म

**कुबेर हस्त मुद्रा अभ्यास संग ईश्वर के निम्नलिखित स्वरूपों का ध्यान कर कर अपनी मनोकामना पूर्ण करने का प्रयत्न कर सकते हैं!**




हम निराकार जप में प्रणव अक्षर परब्रह्म ओमकार जप करें एवं साकार जप में सूर्य से आरोग्य की, अग्नि से श्री की, शिव से ज्ञान की, विष्णु से मोक्ष की, दुर्गा आदि से रक्षा की, भैरव आदि से कठिनाइयों से पार पाने की, सरस्वती से विद्या के तत्व की, लक्ष्मी से ऐश्वर्य-वृद्धि की, पार्वती से सौभाग्य की, शची से मंगलवृद्धि की, स्कंद से संतानवृद्धि की और गणेश से सभी वस्तुओं की इच्छा (याचना) कर सदैव शुभ कर्मण में व्यस्त रह गुजर बशर करें!

**प्रस्तुति : शिक्षाविद् डीसी चौधरी**

**नोट :-** विषय संबंधित अन्य जानकारी हासिल करने के लिए आप अपनी समस्या ई-मेल आईडी : pioneerhry@gmail.com पर भेजें।

# शहर की सड़कों पर हर तरफ ऑटो चालकों का कब्जा

कविता। फरीदाबाद

शहर की सड़कों पर ऑटो चालकों का अतिक्रमण बढ़ता जा रहा है। आलम यह है कि अब रोड पर लोगों का चलना मुश्किल हो गया है। जिससे सड़कों पर दिनभर जाम जैसी स्थिति रहती है। पुलिस तैनात होने पर भी ऑटो चालकों को भय नहीं होता। वह जहां मर्जी होती है, वहीं सवारियों के लिए ऑटो रोक देते हैं।

जानकारी के मुताबिक ऑटो चालक नियमों का मखौल उड़ाते शहर की सड़कों पर बेखौफ दौड़ रहे हैं। बेलगाम ऑटो चालकों का शहर की सड़कों पर कब्जा हो चुका है और नागरिक बेहद परेशान हैं। हालात ये हैं कि शहर में कभी चींटी की तरह रेंगते तो कभी तेजी से दौड़ते ऑटो कब आपकी गाड़ी के सामने अचानक रुक जाएं, कुछ पता नहीं। ऐसे में कभी भी हादसा हो सकता है। नेशनल हाईवे जैसे मुख्य मार्ग पर मनमाने तरीके से सवारी उतारने-चढ़ाने की ऑटो चालकों की आदत से जाम लगते हैं। सड़क पर कब्जा कर चलने वाले ऑटो चालकों के आगे पुलिस बेबस नजर आ रही है। शहर में इस समय करीब 30 हजार ऑटो हैं और बिना परमिट के कितने दौड़ रहे हैं इसका किसी के पास हिसाब नहीं।

चालकों ने ऑटो में ड्राइवर की सीट के साथ दोनों ओर अतिरिक्त सीट बना रखी हैं। अंदर तीन वाली



सीट के सामने भी दो या तीन सवारी बैठाने की जुगाड़ करके रखते हैं। रेलवे स्टेशन हो या बस स्टैंड वहां पर ऑटो अनाधिकृत रूप से चल रहे हैं।

## देखती रहती है ट्रैफिक पुलिस

जहां-जहां जाम के प्वॉइंट हैं वहां पर ट्रैफिक पुलिस भी रहती है। यहां ट्रैफिक पुलिस वाले इन ऑटो वालों को मनचाही जगह रोकने, सवारी चढ़ाने और ओवरलोडिंग से नहीं रोकते हैं। ट्रैफिक पुलिस कभी-कभी चंद चालान काटकर एक दो दिन रोकने की खानापूर्ति करती है। इसके बाद रोड पर फिर यही गाड़ियां दौड़ती नजर आती हैं। नासूर बनती इस समस्या के स्थायी समाधान की कोशिश नहीं हो रही।

## बल्लभगढ़ बना गढ़

बल्लभगढ़ में मथुरा रोड पर जगह-जगह ऑटो चालकों के जमावड़े से पैदल यात्रियों और वाहन चालकों का वहां से निकलना मुश्किल होता है। दुकानदारों का कहना है कि चालक कहीं भी ऑटो खड़े कर देते हैं जिससे जाम लग जाता है। अगर कोई दुकानदार उन्हें समझाने का प्रयास करता है तो सभी ऑटो चालक मिलकर लड़ने पर उतारू हो जाते हैं। बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी इन्हीं की चलती है। इनके लिए शहर में कोई स्टैंड नहीं है और न ही कोई स्टॉपेज है।

## संयुक्त आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे निगम कर्मी

फरीदाबाद। म्युनिसिपल कारपोरेशन इम्पलाइज फैडरेशन ने नगर निगम के संयुक्त आयुक्त प्रशांत अटकान के द्वारा नगर निगम परिसर में चल रहे केनरा बैंक से वसूली के संबंध में निरंतर की जा रही ब्यानबाजी को तथ्यों के विपरित बताते हुए इस अधिकारी पर फरीदाबाद नगर निगम और देश के एक प्रतिष्ठित राष्ट्रीयकृत बैंक की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। फैडरेशन के अध्यक्ष रमेश जागलान, महासचिव महेन्द्र चौटाला, वरिष्ठ उपप्रधान शाहबीर खान, कार्यालय कर्मचारी यूनियन के प्रधान नरेश बैसला ने बताया है कि वह बैंक से वसूल की जाने वाली 1.50 करोड़ रुपये का हैड-वाइज ब्योरा सार्वजनिक करें।

# रहस्यमय हालत में दम घुटने से परिवार के तीन लोगों की मौत

### शहर में स्थित एक कंपनी में काम करता था मृतक

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

सेक्टर 55 के निकट स्थित राजीव कॉलोनी में बीती रात रहस्यमय हालत में दम घुटने से कमरे में सो रहे एक परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में पति-पत्नी के अलावा उनका करीब तीन-चार साल का बच्चा शामिल है। आसपास के लोगों की मानें तो मृतक परिवार रात को सर्दी से राहत पाने के लिए कमरे में अंगीठी चला कर सो रहा था।

अंगीठी से निकले धुंए के कारण तीनों की दम घुटने से मौत हुई है। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव पोस्टमॉर्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिए हैं।





थाना सेक्टर 58 क्षेत्र की राजीव कॉलोनी में 25 वर्षीय अमन नामक व्यक्ति किराए का कमरा लेकर अपने परिवार के साथ रह रहा था। उसके परिवार में उसकी 22 वर्षीय पत्नी प्रिया और करीब चार साल का बेटा मानव शामिल है।

अमन शहर में ही स्थित एक कंपनी में काम कर परिवार का गुजारा चला रहा था। अन्य दिनों की तरह मंगलवार की शाम को भी वह काम से घर लौट था। रात को खाना खाने के बाद अमन ने सर्दी से राहत पाने के लिए कमरे में अंगीठी जला कर रख ली। जिसके बाद तीनों सो गए। इस दौरान अंगीठी से लगातार धुंआ निकल कर कमरे में भरता रहा।

धुंआ निकलने की जगह न होने के कारण तीनों की सोते हुए दम घुटने से मौत हो गई। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को संदेह हो गया। दरवाजा खटखटाए जाने पर अंदर से कोई जवाब नहीं मिला। संदेह होने पर पड़ोसियों ने घटना की सूचना पुलिस को दे दी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दरवाजा खुलवाया तो तीनों बिस्तर पर मृत हालत में पड़े हुए थे और पास अंगीठी रखी हुई थी। पुलिस ने तीनों शव मोरचरी में रखवाने के बाद परिजनों को सूचना भेज दी है। परिजनों के आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। समाचार लिखे जाने तक इस संदर्भ में किसी तरह का मामला दर्ज नहीं हुआ है।

# कंट्रोलरूम की सूचना पर तुरंत पहुंचेगी पीसीआर: सीपी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



जनहित व पुलिस प्रणाली में सुधार करने की अपनी कार्यशैली के लिए अलग पहचान के लिए जाने जाने वाले पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने पुलिस आयुक्त कार्यालय में कंट्रोल रूम (डायल 100) सेवा की समीक्षा की जिसके दौरान उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति में फरीदाबाद शहर के लोगों ने 100 नंबर डायल करते ही आस-पास की पीसीआर वैन जरूरतमंद की सहायता के लिए उसके पास पहुंच जाएगी।

उन्होंने कहा कि जनता पुलिस विभाग से सम्बंधित किसी भी समस्या के लिए 100 नंबर डायल कर सकती है और आम जनता की समस्याओं के निवारण के लिए कंट्रोल रूम में तैनात स्टाफ की कार्य प्रणाली व पुलिस सहायता के लिए घटनास्थल पर पहुंचे सम्बंधित अधिकारी के कार्य की समीक्षा के लिए राजपत्रित अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह के निर्देशानुसार अब एक राजपत्रित आधिकारी मौके पर गए हुए अनुसंधान अधिकारी से मामले की जानकारी लेकर शिकायतकर्ता से फीडबैक लेंगे और शिकायतकर्ता से पूछा जाएगा कि क्या वह पुलिस की सहायता से संतुष्ट हैं अथवा नहीं, जिसके बाद अनुसंधान अधिकारी द्वारा किए गए कार्य की समीक्षा की जाएगी।

पुलिस कमिश्नर ओपी सिंह ने डायल 100 नंबर की समीक्षा में पाया कि कंट्रोल रूम में प्रतिदिन लगभग 50 हजार से 70 हजार कॉल आती है। 19 जनवरी को वॉयस लोगर कॉल 69039, मिस्ड, साइलेंट कॉल 145, चिल्ड्रेन कॉल 11, एक्शन कॉल 156, इंक्वारी कॉल 56, वरोंग कॉल 14, दूसरे जिलों से सम्बन्धित 54 कॉल के साथ सम्पूर्ण 436 कॉल प्राप्त हुई। ज्यादातर कॉल आने के कारण काफी बार डायल 100 नंबर व्यस्त हो जाता है जिसे तत्काल सुधारा जा रहा है जिससे आमजन को भविष्य में ऐसी परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

# पुलिस लाइन में लगाया नेत्र जांच शिविर

### 88 में से सात लोगों को मोतियाबिंद की शिकायत

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन की पहल से फरीदाबाद पुलिस लाइन में सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र जांच शिविर में पुलिसकर्मियों के साथ साथ आमजन ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर में कुल 88 लोगों के आंखों की जांच की गई जिसमें से 7 लोगों को मोतियाबिंद पाया गया और कुछ लोगों को उनके चश्मा का नंबर बताया गया।

जांच के लिए आए लोगों को आंखों को प्रदूषण व अन्य बीमारियों से बचाने के बारे में जागरूक भी किया गया। सेंटर फॉर साइट आई हॉस्पिटल की तरफ से डॉ अपर्णा त्रिपाठी मार्केटिंग मैनेजर अजय कुमार व उनकी टीम ने लोगों की आंखों का परीक्षण किया। डॉ अपर्णा त्रिपाठी ने मोतियाबिंद से ग्रसित लोगों को उनकी आंखों के इलाज के लिए



दवाइयों के बारे में भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शरीर के अन्य अंगों की तरह आंखों का ख्याल रखना भी अति महत्वपूर्ण है इसलिए अपनी आंखों की समय-समय पर जांच करवाते रहना चाहिए और किसी भी प्रकार की दिक्कत होने पर डॉक्टर को दिखाना चाहिए।

इस आयोजन में मुख्य अतिथि पुलिस उपायुक्त डॉ अर्पित जैन मौजूद रहे। उन्होंने ने कहा कि पुलिसकर्मी दिन रात धूल मिट्टी में कड़ी ड्यूटी करते हैं इससे उनकी आंखों पर बुरा प्रभाव पड़ता है जिसकी वजह से आंखों में कई तरीके की बीमारियां पैदा हो जाती हैं इसलिए उनकी आंखों की निःशुल्क जांच के लिए इस शिविर का आयोजन किया गया है।

## बल्लभगढ़ में बनाया जाएगा मिनी बाल भवन : शर्मा

फरीदाबाद। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा हर वर्ष की भांति बुधवार को राज्य स्तरीय बाल महोत्सव का आयोजन किया गया। कोविड-19 के चलते यह आयोजन इस बार ऑनलाइन किया।

हरियाणा के परिवहन एवं खनन मंत्री पंडित मूलचन्द शर्मा ने कहा कि यह जानकर बेहद हर्ष हुआ कि हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद द्वारा प्रदेश भर में जिला स्तर पर आयोजित 23 प्रकार की प्रतियोगताओं में एकल व समूह सहित कुल 73 प्रतियोगिताओं में विभिन्न वर्गों में प्रदेश भर के 4 लाख, 96 हजार 850 बच्चों ने भाग लेकर कीर्तिमान रच दिया है। जिसमें 1 लाख 30 हजार 959 प्रतिभागी बालकों व 3 लाख 4 हजार 3 प्रतिभागी बालिकाओं ने भाग लिया। बालिकाओं ने बालकों से लगभग 3 गुणा अधिक प्रतिभागिता कर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के नारे को चरितार्थ किया है। हरियाणा के परिवहन मंत्री ने कहा कि वे बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में भी एक मिनी बाल भवन का निर्माण करवाने के लिए प्रयास करेंगे। ताकि यहां पर भी बच्चे सरकारी सुविधाओं का लाभ लेकर अपने भविष्य निर्माण में चार चांद लगा सकें।

# भारतीय जूझते तो रोटी के लिए जीते हैं राम के लिए



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास निधि समर्पण अभियान हरियाणा के प्रांत कार्यालय का उद्घाटन श्री रघुनाथ मंदिर सेक्टर 28 में हुआ। कार्यालय का उद्घाटन पूज्य दीदी मां साध्वी ऋतम्भरा, आलोक अंतरराष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद, डॉ. सुरेंद्र जैन अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री विश्व हिंदू परिषद ने दीप प्रज्वलन करके किया।

निधि समर्पण अभियान सामग्री की प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गंगा शंकर ने किया। स्वागत विश्व हिंदू परिषद के प्रांत अध्यक्ष रमेश गुप्ता ने किया। सभी अतिथियों एवं गणमान्य नागरिकों का अभियान के प्रांत प्रमुख राकेश त्यागी ने धन्यवाद किया। यद्यपि अभियान का शुभारंभ 1 फरवरी से होना था परंतु 50 से अधिक दानदाताओं ने पूज्य दीदी मां की उपस्थिति से उत्साहित होकर कार्यक्रम में दान दिया। दीदी मां ने सभी दानदाताओं को श्री राम जी का चित्र आशीर्वाद के रूप में प्रदान किया। ऋतंभरा ने राम मंदिर के महत्व को बताते हुए कहा कि हिंदुओं ने राम मंदिर के लिए शबरी की तरह प्रतीक्षा की है।

मुकेश कुमार उत्तर क्षेत्र संगठन मंत्री, श्रीकृष्ण सिंघल, अभियान, प्रान्त अभियान सह प्रमुख प्रेम शंकर, विजय लक्ष्मी पालीवाल, प्रान्त प्रचार-प्रसार प्रमुख मंजुल पालीवाल, डॉ. अरविंद सूद, कैलाश, कालीदास, साहिल, राजन सेठी, राकेश गुप्ता, एचके बत्रा, सुशील मित्तल, रूद्रलुराम गर्ग, सुरेश गुप्ता, गोविन्द राम गुप्ता, गीता मंदिर, प्रेमचंद गोयल आदि उपस्थित रहे।

## रोटरी क्लब ने किया लाइब्रेरी का शुभारंभ किया

फरीदाबाद। रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन ने ग्राम पंचायत नरियाला के सहयोग से गांव में ग्रामीण लाइब्रेरी का शुभारंभ किया। मौके पर गांव के मौजिज लोगों ने क्लब के प्रधान पंकज गर्ग, सचिव डॉ. आशीष वर्मा, कोषाध्यक्ष सचिन खोसला, सुनील गुप्ता, हेमा, सुरूचि, डॉ.डिम्पिल, मीनल, दिनेश व सचिन जैन का फूलों से स्वागत किया। उन्हें हरियाणवी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। गांव के लोगों ने एक सुर में कहा कि रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद मिडटाऊन का यह एक सराहनीय कदम है। जिसकी जितनी भी तारीफ की जाए वो कम है।

उन्होंने कहा कि क्लब के प्रधान पकंज गर्ग और उनकी टीम ने हमारे बच्चों के बेहतर भविष्य के बारे में सोचा उसके लिए पूरा गांव उनका तहे दिल से धन्यवाद करता है। इस मौके पर क्लब के प्रधान पंकज गर्ग ने कहा कि ग्रामीण बच्चे एक अच्छे वातावरण में अपनी प्रवेश परीक्षा की तैयारी, उच्च शिक्षा की तैयारी या फिर सरकारी नौकरी के लिए अपने को तैयार कर पाएं उसी को देखते हुए यह लाइब्रेरी तैयार की गई है। उन्होंने कहा कि इस पूरी परियोजना का खर्च 65 हजार रुपये आया है।

# बाल महोत्सव के विजेता सम्मानित किए

### कोरोना आपदा की वजह से इस बार ऑनलाइन आयोजित की गई थी सभी प्रतियोगिताएं

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद यशपाल ने कहा कि कोरोना आपदा के बावजूद बच्चों ने अपना हौसला बनाए रखा। अपने घर पर रहकर ही पढ़ाई की और आपदा के बावजूद अपनी बहतर शिक्षा ग्रहण करने का जज्बा नहीं छोड़ा।

जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी बच्चों ने जिस ढंग से शिरकत की, उसमें भी उनके हौसले की झलक साफ दिखाई देती है। मंगलवार देर से बाल भवन में ऑनलाइन जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के विजेता बच्चों को जिला उपायुक्त ने सम्मानित करते हुए यह बात कही। मुख्य अथिति यशपाल यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी



को अपने बच्चों को कुछ बड़ा सपना देखने को कहें और उनको कहें कि आप बहुत बड़ा बनोगे। उन्होंने अपना उदाहरण देते हुए कहा कि मैं एक छोटे से गांव से निकलकर यहां तक पहुंचा हूं। मेरी दादी कहती थी कि आप बहत बड़े अफसर बनोगे और यह उनका कथन सत्य साबित हुआ।

ऑनलाइन प्रतियोगिताएं 10 अक्टूबर से 10 नवंबर 2020 तक चली। बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला बाल कल्याण परिषद यशपाल फरीदाबाद रहे। विशिष्ट अतिथि मंडलीय जिला बाल कल्याण अधिकारी कुसमेंद्र यादव रहे। उपायुक्त ने विधिवत रूप से ज्योति प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला बाल कल्याण अधिकारी नरेंद्र मलिक ने अथितियों का स्वागत करते हुए कहा कि आज के कार्यक्रम में बाल महोत्सव 2020 के दौरान 23 विभिन्न प्रतियोगिताओं के 71 ग्रुपों में आयोजित प्रतियोगिताओं में विजेता 292 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रदीप बेरी गोल्ड लाइफ मेम्बर, वीरभान, गीता सिंह, डा. रूद्रदत्त शर्मा, रविंद्र कुमार मनचंदा, रूपकिशोर, अंजू यादव, विनोद कुमार आदि थे।

## 7.70 लाख की चोरी की सिगरेट बरामद

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 प्रभारी उपनिरीक्षक राकेश कुमार की टीम ने गोदाम से सिगरेट चोरी करने के आरोप में चार आरोपियों रवि, कमल, पवन और अरुण को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को गिरफ्तार करके 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया। जिसमें उनके कब्जे से 7 लाख 70 हजार रुपये कीमत के 5700 सिगरेट के पैकेट व वारदात में प्रयोग ऑटो बरामद किया है।

आरोपी पवन एनआईटी 5 में स्थित रामा इंटरप्राइजेज नामक सिगरेट के गोदाम में एक साल पहले कार्यरत था इसलिए आरोपी को वहां पर रखे सारे सामान की जानकारी थी। पिछले महीने 23 दिसंबर को आरोपी पवन ने अपने दो अन्य साथियों रवि और कमल के साथ मिलकर गोदाम से 300 पैकेट गोल्ड फ्लैक सिगरेट के चोरी किए थे जिसकी कीमत लगभग 70000 रुपए है। 4 जनवरी को आरोपी पवन ने साथियों के साथ मिलकर उसी गोदाम में सिगरेट के 5400 पैकेट चोरी किए।

# कोरोना: 18 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46099



**ये हैं आंकड़े**

जिले में कुल जांचें : 490927
अब तक पॉजिटिव : 46099
अब तक नेगेटिव : 443254
रिपोर्ट आनी शेष : 1574
ऑक्सीजन पर हैं : 7
वेंटीलेटर पर हैं : 2
अब तक मौत : 411
अब तक ठीक : 45408

### 35 मरीजों ने कोरोना की जंग जीती

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

जिले में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार सामने आ रही है। बुधवार को 18 मामले सामने आने से कोविड-19 का आंकड़ा जिले में 46099 पर पहुंच गया है।

वहीं दूसरी तरफ 35 मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे जिले का रिकवरी रेट 98.5 प्रतिशत पर पहुंच गया। जिसमें 18 पॉजिटिव में सेक्टर-88 (1), डबुआ कालोनी (2), सेक्टर-28 (2), नचौली (1), सेक्टर-55 (1), ग्रीन फिल्ड कालोनी (1), एसी नगर (1), अगवानपुर (1), सेक्टर-8 (1), सेक्टर-7 (1), सेक्टर-46 (2), सेक्टर-21 (2), सेक्टर-14 (1) अन्य एरिये से 1 मरीज शामिल है।

# संक्षिप्त समाचार

## शूटर आदर्श सिंह ने सिलेक्शन ट्रायल में किया बेहतर प्रदर्शन



फरीदाबाद। ओलंपिक के लिए शहर के शूटर आदर्श सिंह ने हाल ही में दिल्ली के डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हुए सिलेक्शन ट्रायल में बेहतर प्रदर्शन किया है। अब वह पुणे शूटिंग कोच रोनक पंडित से ट्रेनिंग लेने जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक इंद्रप्रस्थ कॉलोनी में रहने वाले आदर्श सिंह चंडीगढ़ के एक कॉलेज से स्नातक कर रहे हैं, लेकिन आदर्श का केवल एक ही सपना है कि वह ओलंपिक में देश के लिए पदक जीतकर लाए। इसके लिए आदर्श काफी समय से दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। अब ओलंपिक टोक्यो जापान में मई में होने वाला है। जिसके लिए आदर्श डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में हुए ट्रायल में 25 मीटर रैपिड फायर की क्वालीफिकेशन प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। आदर्श ने क्वालीफिकेशन प्रतिस्पर्धा में दूसरे स्थान पर रहे, जबकि फाइनल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शूटिंग कोच रोनक पंडित की देखरेख में आदर्श सिंह पुणे में शूटिंग की ट्रेनिंग करेंगे।

## वेब सीरीज 'तांडव' के खिलाफ पुलिस को दी शिकायत



फरीदाबाद। वेब सीरीज 'तांडव' में दिखाए गए हिन्दू विरोधी दृश्यों और धार्मिक आस्था को आघात पहुंचाने को लेकर अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा बबली ने पुलिस को शिकायत दी। उन्होंने वेब सीरीज 'तांडव' के अभिनेता सैफ अली खान, निर्देशक अली अब्बास जफर खान एवं लेखक गौरव सोलंकी पर जान-बूझकर धार्मिक भावनाओं को आहत करने का आरोप लगाते हुए सेक्टर-11 पुलिस चौकी में शिकायत दी। बबली ने कहा कि वेब सीरीज के माध्यम से समाज में वैमनस्य फैलाने की कोशिश की गई है। हमारी सनातन आस्था को दूषित करने का प्रयास किया गया है। मुगलकालीन संस्कृति को वेब सीरीज के माध्यम से हिन्दू परंपरा से जोड़ने का प्रयास किया गया है, जो सरासर गलत है। सेंसर बोर्ड को इस तरह की फिल्मों एवं वेब सीरीज पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। भगवान भोलेनाथ का प्रतीक है त्रिकुंड और जनेऊ की भी इसमें खिल्ली उड़ाई गई है। इस अवसर पर उनके साथ कुणाल शर्मा एडवोकेट, जयपाल शर्मा, विनोद कुमार, भारत शर्मा, सूरज प्रकाश, संदीप, सतीश आदि मौजूद थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने स्थापना दिवस पर बांटे कंबल



फरीदाबाद। मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद शाखा के द्वारा स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर बीके हॉस्पिटल, बल्लभगढ़ अनाज मंडी में आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कंबल का वितरण किया गया। फरीदाबाद शाखा के अध्यक्ष अनिरुद्ध गोयनका ने बताया कि आज के दिन अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच का स्थापना दिवस है। शाखा सचिव निकुंज अग्रवाल ने बताया कि कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान 8000 मास्क जनमानस में वितरण किए गए, मानव मात्र की सेवा में मारवाड़ी युवा मंच फरीदाबाद पिछले 11 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है, मारवाड़ी युवा मंच के पूर्व अध्यक्ष विमल खंडेलवाल ने बताया कि अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच पूरे भारतवर्ष में युवाओं का सबसे बड़ा संगठन है, यह संगठन आज के दिन स्थापित हुआ था। युवा मंच एक ऐसा संगठन है, जिसमें 45 वर्ष के लोगो ही सदस्य रहते है। युवा देश की रीढ़ होता है, युवावस्था में ही देश के लिए समर्पण भाव बहुत महत्वपूर्ण होता है। मौके पर शाखा अध्यक्ष अनिरुद्ध गोयनका, सचिव निकुज अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष विमल खंडेलवाल उपस्थित थे।

## सुलेख प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित



फरीदाबाद। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल में आयोजित सुलेख प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया। मुख्य अतिथि के रूप में पुलिस उपायुक्त डॉ. अर्पित जैन के साथ-साथ जिला शिक्षाधिकारी सत्येंद्र कौर, डीएवी कमेटी के क्षेत्रीय प्रबंधक एसएस चौधरी व स्कूल प्रबंधक विमल कुमार दास भी मौजूद थे। स्कूल प्रधानाचार्य हेमा अरोड़ा ने पगड़ी पहनाकर अतिथियों का स्वागत किया। 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस पर दक्ष फाउंडेशन, आइसोमार्स और इंडियन आर्ट गिल्ड द्वारा अलंकृति नामक सुलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई थी बुधवार को जिसका पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया था। 30 स्कूलों के कक्षा 6 से 12 के सभी छात्रों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। जूरी के सदस्यों ने छात्रों द्वारा लिखे गए लेख का मूल्यांकन किया। पुलिस उपायुक्त ने छात्रों को पुरस्कार तथा प्रमाण पत्र वितरित करते हुए अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ. अर्पित जैन ने बच्चों को हमेशा रचनात्मकता से जीने और अभिनव, सरल और दूरदर्शी बनने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को उनकी वास्तविक क्षमता और हुनर को पहचान करके उससे और ज्यादा निखार लाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आप बड़े सपने देखें और उन्हें पूरा करने के लिए दृढ़ निश्चय के साथ मेहनत करें।

## स्पेशल लीगल लिटरेसी कैम्प का किया आयोजन




फरीदाबाद। जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दीपक गुप्ता के निर्देशानुसार एवं मंगलेश कुमार चौबे मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण फरीदाबाद द्वारा असंगठित मजदूरों के लिए स्पेशल लीगल लिटरेसी कैंप का आयोजन सेक्टर 14-15 लेबर चौक पर आयोजित किया। जिसमें प्राधिकरण की तरफ से पैनल एडवोकेट रविंद्र गुप्ता, पैरा लीगल वालंटियर सुमन फुले, व पैनल एडवोकेट राजेंद्र गौतम, रामवीर तंवर, शिवकुमार, ओम प्रकाश सैनी गगन कुमार अनिल गुप्ता उपस्थित रहे। जिन्होंने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्य कल्प व असंगठित वर्करों के लिए जो योजनाएं बनाई गई है उनके बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी। रविंद्र गुप्ता पैनल एडवोकेट ने बताया कि किस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से असंगठित वर्कर मदद ले सकता है उसके बारे में संपूर्ण जानकारी दी और सरकार द्वारा बनाए गए बिल्डिंग कर्मकार व अन्य कर्मकार वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड चंडीगढ़ के बारे में बताया।

# महिलाओं ने ट्रैक्टर रैली निकाल किया शक्ति प्रदर्शन

### 26 जनवरी को होने वाली ट्रैक्टर परेड में भी जाएंगी महिलाएं

### ट्रैक्टर रैली में पुरुषों की भी रही भागीदारी

### बाटा चौक पर पुलिस ने ट्रैक्टरों के काफिले को रोका

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम में किसान आंदोलन को लेकर निकाली गई ट्रैक्टर रैली में शामिल महिलाएं।

**कृषि** अध्यादेश को लेकर देश में विशेषकर राजधानी दिल्ली में सिंघु बॉर्डर और टीकरी बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन को समर्थन देने के लिए बुधवार को गुरुग्राम में महिलाओं ने ट्रैक्टर रैली निकाली। इस दौरान हाथों में तिरंगे लिए महिलाओं ने अपनी मांगों के हित में नारेबाजी भी की। साथ ही देशभक्ति गीत भी बजाए। इस ट्रैक्टर रैली को पुलिस ने एमजी रोड स्थित बाटा चौक पर रोक दिया गया। काफी देर तक वहां गहमागहमी रही।

बुधवार को यहां पालम विहार के निकट बजघेड़ा फ्लाईओवर के पास महिलाएं एकत्रित हुई। यहीं पर काफी संख्या में ट्रैक्टर भी लाए गए। पहले तो महिलाओं ने रैली शुरू करने पहले ही नारेबाजी की। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले निकाली गई रैली में महिलाओं में खूब जोश नजर आया। भाषण देते हुए महिलाओं ने यहां एक तरफ सरकार को ललकारा और दूसरी तरफ किसानों के समर्थन में बहुत कुछ कहा। यहां निशाना अंबानी–अडानी पर भी साधा गया। सरकार को नारे लगाते हुए कहा कि अंबानी–अडानी की दलाली बंद करो। नो फार्मर–नो फूड के बैनर लिए महिलाओं ने किसानों की अहमियत समझने की बात सरकार से कही। यहां अपने संबोधन में सामाजिक कार्यकर्ता पूनम सहरावत ने कहा कि देश में खेती–किसानी में महिलाएं भी पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करती हैं। इसलिए महिलाओं को किसी भी सूरत में कम नहीं आंका जाना चाहिए। महिलाओं की भागीदारी के बिना न परिवार चल सकता है और न ही सरकार। चूल्हा–चौका करने वाली महिलाएं आज गाड़ियों के स्टीयरिंग भी थाम रही हैं और ट्रैक्टर भी चला रही हैं। आज की ट्रैक्टर रैली महिलाओं का भी एक ट्रेलर था। आने वाली 26 जनवरी को भी ट्रैक्टर परेड में महिलाएं बढ़–चढ़कर हिस्सा लेंगी।

### पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को बाटा चौक पर रोका

**इसके** बाद ट्रैक्टर रैली की शुरुआत की गई। ट्रैक्टर्स पर लगे म्यूजिक सिस्टम में किसानों के गीत, देशभक्ति गीत बजाते हुए ट्रैक्टरों के काफिले को लेकर महिलाएं आगे बढ़ीं। बजघेड़ा फ्लाईओवर से चलकर ट्रैक्टर रैली सिगनेचर टावर क्रॉसिंग की तरफ बढ़ी। बाटा चौक पर तैनात पुलिस ने ट्रैक्टर रैली को दिल्ली–गुरुग्राम–जयपुर एक्सप्रेस–वे पर जाने से रोकने के लिए बाटा चौक पर ही रोक दिया। रैली में टैक्टरों के साथ गाड़ियां भी काफिले में शामिल रही। बाटा चौक पर किसानों को पुलिस द्वारा रोकने के चलते यहां बीच सड़क पर किसान बैठ गए और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। मौके पर तैनात पुलिस अधिकारियों ने कहा कि एक्सप्रेस–वे की तरफ नहीं जाना। वहां पर यातायात को बाधित नहीं कर सकते। किसानों के धरने का नेतृत्व करने वाले एडवोकेट संतोख सिंह ने कहा कि यह हमारी तिरंगा यात्रा है। हम तिरंगा का सम्मान कर रहे हैं। हम शांतिपूर्वक यह कार्य कर रहे हैं। हर नागरिक का यह संवैधानिक अधिकार है। पहले से ही हमने रूट पुलिस को दिया था। हम अनुशासन से चल रहे हैं। किसी को परेशान करने का हमारा काम नहीं है।

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेट मैच में पातली अदानी की टीम विजयी

**फर्रूखनगर।** खंड के गांव हाजीपुर स्थित सर छोटू राम स्टेडियम में बुधवार को पांच दिवसीय जय दादा भैयां रतन सिंह क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 20 टीमों ने भाग लिया। टूर्नामेंट का शुभारंभ समाजसेवी सुनील प्रधान मोहम्मदपुर के द्वारा किया। प्रतियोगिता का प्रथम क्रिकेट मैच ढोहरका व पातली अदानी की टीम के बीच हुआ। ढोहरका की टीम ने टॉस जीत कर क्षेत्ररक्षण चुना। पातली अदानी की टीम ने निधारित 12 ओवरों में छह विकेट के नुकसान पर 79 रन बनाये। लक्ष्य का पिछा करते हुए 9 विकेट के नुकसान पर 55 रन ही बना पाई। इस टीम को हार का मुंह देखना पड़ा। सुनील प्रधान ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन करके क्षेत्र की प्रतिभाओं को अच्छा मंच प्रदान किया। प्रतियोगिता में भाग ले रही सभी टीमों के खिलाड़ी भाईचारे को कायम रखते हुए खेल भावना से खेलें। धर्मपाल सरपंच, कृष्ण पंडित, जगदीश, राजू मेंबर, सुनील, प्रीतेश एड्वोकेट, राजीव, राजू पंडित व समस्त ग्राम पातली हाजीपुर व श्री श्याम सेवा समिति, चेतन, सेठी, राकेश, कुलदीप, साहिल, कालू, कुणाल, धर्मेन्द्र, अनिल, विकास, गौरव आदि मौजूद रहे।

### जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को नकाबपोशों ने पीटा

**सोहना।** रात के समय में टूटी पेयजल लाइन ठीक कर रहे जनस्वास्थ्य विभाग के तीन कर्मचारियों को नकाबपोश बदमाशों ने पीटा। बदमाश वारदात को अंजाम देने के बाद गाड़ी में बैठकर भाग गए। पीड़ित कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया है। सोहना में रविवार रात अस्पताल मार्ग पर पेयजल आपूर्ति की लाइन टूटी हुई थी। करीब 6 हजार घरों में रविवार सुबह पानी नहीं पहुंचा था। सोमवार को जनस्वास्थ्य विभाग के तीन कर्मचारी पाइप लाइन जोड़ रहे थे। रात के साढ़े आठ बजे के लगभग 5–6 नकाबपोश कर्मचारियों के पास आए। जिन्होंने तीनों कर्मचारियों को लात–घूसों से हमला कर दिया। घायल कर्मचारी कैलाश चंद ने बताया कि बदमाशों ने आते ही बिना किसी कारण मारपीट की। एक कर्मचारी को पाइप लाइन के गड्ढे में गिरने के बाद पैरों के नीचे कुचला गया। जिससे उसकी छाती में गंभीर चोटें आई। कैलाश ने बताया कि बदमाश एसडीएम कार्यालय के पास अपनी गाड़ी खड़ी करके आए थे। पीड़ित कर्मचारियों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया था। तीन में से दो कर्मचारियों को गुरुग्राम के लिए रेफर कर दिया। जनस्वास्थ्य विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि कर्मचारियों पर बिना किसी कारण के हमला करने वाले नकाबपोशों के खिलाफसिटी थाना में शिकायत दी है। सिटी थाने के एसएचओ अरविंद कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस रास्ते में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाल रही है। मामला आपसी रंजिश का हो सकता है। पीड़ित कर्मचारी से पूछताछ की जाएगी।

### मेडम चीफ मिनिस्टर फिल्म के विरोध में प्रदर्शन 22 को

**गुरुग्राम।** मेडम चीफ मिनिस्टर फिल्म को लेकर भीम सेना ने विरोध दर्ज कराया हुआ है। फिल्म को 20 जनवरी को रिलीज किया जाना है। इसे लेकर भीम सेना गुरुग्राम में 22 जनवरी को विरोध प्रदर्शन करेगी। भीम सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतपाल तंवर का कहना है कि सनातन धर्म को टारगेट करने, हिंदू धर्म को आहत करने वाली तांडव फिल्म के कलाकारों, निर्माता, निर्देशक व अन्यों के खिलाफ एफआईआर दर्ज हो चुकी है, लेकिन गुड़गांव के सेक्टर 37 स्थित पुलिस थाना में 4–5 दिन पूर्व उन्होंने शिकायत दर्ज कराई थी, जो आज तक भी उनकी शिकायत पर एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इससे स्पष्ट है कि अनुसूचित जाति व जनजाति के लोगों की सरकार और प्रशासन के सामने कोई महत्व नहीं है। तंवर का कहना है कि 22 जनवरी को गुड़गांव पुलिस आयुक्त कार्यालय के बाहर भीम सेना प्रदर्शन कर फिल्म के पोस्टर जलाएगी और जिन सिनेमा घरों में मेडम चीफ मिनिस्टर फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा होगा वहां पर भी प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने जिला प्रशासन से आग्रह किया कि उनकी शिकायत पर फिल्म निर्माताओं के खिलाफ शीघ्र एफआईआर दर्ज की जाए, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे।

# गुरु गोबिंद सिंह जयन्ती पर निकाली प्रभात फेरी

पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना

**सिख** धर्म के 10वें गुरु गोबिंद सिंह की 350वीं जयन्ती पुन्हाना शहर में प्रकाश पर्व के रूप में धूमधाम के साथ मनाई गई, जयंती के उपलक्ष्य में पंजाबी समाज पुन्हाना के कार्यकर्ताओं ने तीन दिवसीय प्रभात फेरी व बुधवार को भव्य लंगर प्रसाद का आयोजन किया।

बुधवार प्रातः के समय पुराने पंजाबी गुरुद्वारे से शहर के मुख्य बाजारों में प्रभात फेरी निकाल कर भजन कीर्तन का गुणगान किया गया। सैकड़ों की संख्या में उपस्थित महिला–पुरुषों ने गुरु गोबिंद सिंह के रास्ते पर चलने का प्रण भी लिया। लंगर प्रसाद कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में नरेश खरबंदा, पंकज खरबंदा, राजू, मोनू सरदार, मनीष अरोड़ा, डॉक्टर बाले, आत्मप्रकाश, भीम, मा. अशोक गंभीर, सन्नी, हेमराज, नरेश, इशान तनेजा सहित लोगों ने बताया कि गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1666 में पौष मास के शुक्ल पक्ष कह सप्तमी को पटना साहिब में हुआ था।

इस दिन को सिख समुदाय गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाशपर्व के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने अपने जीवन में दीन दुखियों की सेवा की और लोगों को एकता और अखंडता से मिलकर चलने का संदेश दिया। गुरु गोबिंद सिंह ने ही खालसा पंथ की स्थापना की थी, उन्होंने प्रत्येक सिख के कृपाण या श्री साहिब धारण करने को कहा। उन्होंने ही खालसा वाणी वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतह दी थी। गुरु तेग बहादुर जी की शहादत के बाद गोबिन्द सिंह जी ने नौ वर्ष में पिता की गद्दी संभाली। वे निड़र और बहादुर योद्धा थे। उनकी बहादुरी के बारें में लिखा गया है– सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन तें मैं बाज तुडाऊ तबै गोबिंद सिंह नाम कहाऊं।

# अटोहां में चल रहे किसान धरने पर पहुंचे सांसद दीपेन्द्र हुड्डा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


पलवल में धरने के दौरान किसानों को सम्बोधित करते सांसद दीपेन्द्र हुड्डा।

**सांसद** दीपेन्द्र हुड्डा पलवल के गांव अटोहां में चल रहे किसान धरने पर पहुंचे और किसानों की मांगों का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि 26 जनवरी और 15 अगस्त दोनों राष्ट्रीय पर्व हैं और हर भारतवासी को दोनों पर्व धूमधाम से मनाने का अधिकार है। देश के किसानों को भी इन राष्ट्रीय त्यौहारों को मनाने का पूरा अधिकार है। किसान देश का पेट भरते हैं और उनके बेटे देश की सीमाओं की रक्षा करते हैं।

किसी को भी किसानों की देशभक्ति पर सवाल नहीं उठाना चाहिए, बल्कि अन्नदाताओं के जज्बे को सलाम करना चाहिए। सांसद दीपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि सरकार किसानों को डराने की बजाय मनाने की कोशिश करे। डरकर मोर्चा छोड़ना न तो हिन्दुस्तान के जवान की फितरत है, न ही किसान की फितरत है। इसलिए सरकार ये गलतफहमी अपने मन से निकाल दें कि वो उनकी मांगें नहीं मानेगी और किसानों को डराने में सफल भी हो जायेगी। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि दिल्ली की सीमाओं सहित हरियाणा के कोने–कोने में किसान बेहद मुश्किल हालातों का सामना करते हुए धरना दे रहे हैं। हर रोज किसानों की कुर्बानी की खबर आती है।

सरकार के उपेक्षात्मक रवैये से दुखी होकर कल टिकरी बॉर्डर धरने में शामिल रोहतक के गांव पाकस्मा के किसान जयभगवान राणा ने आत्मबलिदान दे दिया। तो दूसरी ओर गांव साहूवाला, सिरसा के हरप्रीत सिंह की तबियत इतनी बिगड़ गई कि उन्हें खून की उल्टियां होने लगी। उन्होंने रोहतक के किसान जयभगवान राणा को श्रद्धांजलि दी और अस्पताल में भर्ती सिरसा के किसान हरप्रीत सिंह के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। इस दौरान पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल, विधायक नीरज शर्मा, विधायक मामन खान, विधायक मोहम्मद इलियास, पूर्व विधायक उदयभान, पूर्व विधायक रघुबीर तेवतिया, पूर्व विधायक ललित नागर, चौ. इसराइल सिंह, विजय प्रताप, लखन सिंगला, जगन डागर, सुभाष लाम्बा, संतोष बाला, कुंज बिहारी, अरुण जैलदार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# फर्रूखनगर को उपमंडल की मांग पर महिलाएं भी हुईं लामबद्ध

पायनियर समाचार सेवा। फर्रूखनगर



**फर्रूखनगर** को उपमंडल बनाने की मांग को लेकर अब मातृशक्ति भी मैदान में कूद गई हैं। उनका कहना है कि फर्रूखनगर क्षेत्र सरकार से अपना हक मांग रहा है, कोई खैरात नहीं। सरकार ने वर्षों पुरानी फर्रूखनगर को उप मंडल बनाने वाली मांग पूरी नहीं की तो क्षेत्र की महिलाएं सबसे पहले धरना प्रदर्शन, भूख हड़ताल पर बैठने का मन बना चुकी हैं।

गीता यादव चेयरपर्सन पंचायत समिति फर्रूखनगर, नीता यादव सरपंच डाबोदा, पूजा यादव सरपंच सेखूपुर माजरी, किरण यादव सरपंच बिरहेड़ा, उषा चौहान सरपंच गुगाना, समाज सेविका कृष्णा यादव ख्वासपुर की ढ़ाणी सुल्तानपुर आदि का कहना है कि फर्रूखनगर खंड शिक्षा, चिकित्सा, वेयर हाउस का हब तो बन ही गया है। जिसके कारण दूसरे प्रदेशों से लोग बुढ़ेडा विश्वविद्यालय में शिक्षा ग्रहण व उपचार कराने के लिए आते हैं। विभिन्न बड़ी कम्पनियों के वेयर हाउसों में रोजगार के लिए लोग अपनी जीविका चला रहे हैं। क्षेत्र का बहुत ज्यादा विस्तार हो गया है। अनेक कालोनियों बस गई हैं। लेकिन सुविधाएं सीमित हैं।

आबादी व क्षेत्रफ्ल के हिसाब से फर्रूखनगर को उप मंडल का दर्जा काफी पहले मिल जाना चाहिए था। राजनीति उपेक्षा और सही नेतृत्व के अभाव ने क्षेत्र को पिछड़ेपन की पंक्ति में सबसे लास्ट में धकेल दिया है। इलाके को अगृणी पंक्ति में लाने के अबकी बार केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, पटौदी विधायक सत्यप्रकाश जरावता, बादशाहपुर विधायक राकेश दौलताबाद फर्रूखनगर को उपमंडल बनाने की वकालत करने के लिए मैदान में आ गए हैं। फर्रूखनगर ब्लॉक की सभी महिला सरपंच, पंच, समिति सदस्य फर्रूखनगर को उप मंडल बनाने की मुहिम के समर्थन में कंधे से कंधा मिलाकर इलाके सम्मान में हर बलिदान के लिए तैयार हैं।

## श्मशान घाट के विरोध में ग्रामीणों का धरना जारी

**गुरुग्राम।** वजीराबाद में बन रहे श्मशान घाट का विरोध बढ़ता ही जा रहा है। ग्रामीणों ने गत 15 जनवरी से श्मशान घाट के निर्माण को रुकवाने व अन्यत्र शिफ्ट कराने के लिए धरना प्रदर्शन शुरु किया हुआ है। इस धरना प्रदर्शन में बुधवार को नगर निगम की महापौर, वरिष्ठ उप महापौर व उप महापौर के पति तथा सभी वार्डों के निगम पार्षद भी शामिल हुए और उन्होंने ग्रामीणों के धरने का समर्थन करते हुए प्रदेश सरकार व जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि ग्रामीणों की भावनाओं का आदर करते हुए श्मशान घाट का निर्माण रुकवाकर इसको अन्यत्र शिफ्ट किया जाए, ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे। उनका कहना है कि इस कड़कड़ाती ठंड में ग्रामीण बड़ी संख्या में प्रतिदिन धरना प्रदर्शन में शामिल हो रहे हैं।

# बीवां गांव के लोग कीचड़ से गुजरने पर मजबूर

सेनायत खां। फिरोजपुर झिरका


बीवां गांव में गंदा पानी भरने से कीचड़ में बदले रास्ते।

**बीवां** गांव में लोग कीचड़ युक्त रास्तों से गुजरने पर मजबूर हैं। गांव के हरिजन मोहल्ले और फिरनी के रास्ते पर कीचड़ के ढेर लगे हुए हैं। ग्रामीणों के सामने विडंबना है कि शिकायत करें भी तो किससे करें कोई अधिकारी या जन प्रतिनिधि लोगों की समस्या दूर करने के लिए तैयार नहीं है।

जिला प्रशासन द्वारा पिछले चार सालों में गांव–गांव स्वच्छता अभियान पर भारी भरकम राशि खर्च की गई, उसके बावजूद बीवा गांव में प्रशासन के स्वच्छता अभियान की किरण आज तक क्यों नहीं पहुंची, बीवा झिरका उपमंडल का बड़ा गांव है। इसके विकास के लिए सरकार की ओर से पंचायत विभाग के माध्यम से कई करोड़ रुपये की राशि खर्च की जा चुकी है फिर भी हरिजन मोहल्ले व फिरनी का रास्ता कच्चा व कीचड़ युक्त बना हुआ है। यह दृश्य पिछले कई सालों से बना हुआ है। गांव के राकेश कुमार, रामलाल, जयसिंह आदि हरिजन मोहल्ले के लोगों ने बताया कि घरों के सामने पूरे रास्ते मे कूड़ा एकत्रित है साथ में गन्दा पानी भरा हुआ है। बरसात में तो घरों से निकलना खतरे से खाली नहीं है।

फिरनी के रास्ता भी आज तक कच्चा बना हुआ है रास्ते का निर्माण न होने से ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शब्बीर, जमाल, नादिर आदि ने कहा कि फिरनी के रास्ते मे काफी दिनों से गन्दा पानी भरा हुआ है। रास्ते से निकलना ग्रामीणों के लिए दूभर बना हुआ है।

ग्रामीणों ने कहा कि रास्तों की परेशानी को लेकर अनेक बार गांव के सरपंच व पंचायत विभाग एवं प्रशासनिक अधिकारियों को शिकायत कर समस्या के समाधान की मांग की गई है। लेकिन किसी ने आज तक ग्रामीणों की समस्या को गम्भीरता से नहीं लिया है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि सरकार की ओर से गांव के रास्तों को पक्का करने के लिए पिछले पांच सालों में भारी–भरकम राशि आई है लेकिन इन रास्तों पर खर्च नही की गई है। अब ग्रामीणों के सामने विडंबना है कि रास्तों की समस्या से त्रस्त ग्रामीण किस को शिकायत करें और किस अधिकारी या नेता के पास फरियाद लेकर जाए ताकि रास्तों की समस्या का समाधान किया जा सकें।

# एक से शुरू होगा श्रीराम मंदिर निधि समर्पण अभियान

### 750 टोलियां पहुंचेंगी तीन लाख से अधिक घरों तक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास निधि समर्पण अभियान की शुरुआत के मौके पर हवन करते संगठन के लोग।

**श्रीराम** जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास निधि समर्पण अभियान को गुरुग्राम में सुचारू संचालन के लिए हवन यज्ञ का आयोजन कर कार्यालय का शुभारंभ किया गया। सोहना चौक स्थित श्री एसएन सिद्धेश्वर मंदिर में बनाए गए कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोलते हुए श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के ट्रस्टी स्वामी परमानंद की शिष्या महामंडलेश्वर साध्वी आत्म चेतना गिरी ने कहा कि श्रीराम मंदिर के निर्माण से संतो का संकल्प पूरा हो रहा है।

आत्म चेतना गिरी ने कहा कि यह केवल मंदिर का निर्माण ही नहीं, बल्कि समरस समाज की ज्योति जागृत हो रही है। निश्चित ही मंदिर निर्माण से समाज में भगवान श्रीराम के आदर्श स्थापित होंगे। आरएसएस के प्रांत संघचालक पवन जिंदल ने कहा कि यह सम्पूर्ण समाज के लिए गौरव की बात है कि 492 वर्षों के संघर्ष के बाद हमारे समय अयोध्या धाम में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर निर्माण हो रहा है। उनके अनुसार मंदिर निर्माण में सर्व समाज की सहभागिता रहे इसलिए रामभक्त की टोलियां घर–घर जाकर सहयोग निधि एकत्रित करेंगी।

जिंदल के अनुसार हरियाणा में 12 हजार टोलियां करीब 50 लाख घरों से सम्पर्क करेंगी। अभियान में प्रदेश में 3 करोड़ लोगों से सम्पर्क किया जा सकेगा। उन्होंने टोलियों में शामिल राम भक्तों से आह्वान किया कि सर्व समाज को जोड़ते हुए शुद्ध सात्विक भाव से इस निधि समर्पण अभियान को सफल बनायें। समाज इस पवित्र सहयोग के लिए तैयार बैठा है। गुरुग्राम में निधि समर्पण अभियान के प्रमुख अजीत यादव व संजीव सैनी ने बताया कि गुरुग्राम महानगर में इस अभियान को सुचारू रूप से चलाने के लिए महानगर को 132 जोन में बांटा गया है। जिसमें 750से अधिक टोलियों में लगभग 3 हजार कार्यकर्ता घर–घर जाकर श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए समर्पण निधि को एकत्रित करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस अभियान के अंतर्गत इन राम भक्त टोलियों ने करीब तीन लाख घरों तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने बताया ये अभियान एक फरवरी से 27 फरवरी तक चलेगा। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। इस मौके पर शेख सराय हनुमान मंदिर के महंत व निर्वाणी अखाड़े के कोतवाल स्वामी मुक्तानंद जी व बाल्मीकि समाज मंदिर न्यू कालोनी मोड़ मंदिर के पुजारी हरि चंद, इस्कॉन टेम्पल के फाउंडर मेम्बर महेंद्र यादव, इस्कॉन मंदिर बादशाहपुर से कमल माधवदास ने भी अपने विचार रखे। कार्यालय उद्घाटन अवसर पर स्वर्णकार तिलकराज मल्होत्रा 51 हजार की समर्पण निधि भेंट की।

## सांचौली में दो गुट भिड़े, आधा दर्जन लोग घायल

**सोहना।** सोहना सदर थाने के गांव सांचौली में प्लाट को लेकर दो गुटों के बीच हुए झगड़े में लाठी–डंडा, लोहे की रॉड चलने से दोनों पक्ष के 8–9 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। पुलिस ने दोनों पक्ष से मिली शिकायतों के आधार पर 20 से 25 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अभी तक किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। गांव सांचौली निवासी खुर्शीद पुत्र रमजान व साहिद पुत्र जुनैद गुट के लोगों में प्लाट को लेकर मंगलवार दोपहर झगड़ा हो गया। झगड़े में दोनों पक्ष अपना हक जता रहे हैं। मंगलवार को प्लाट पर निर्माण कार्य के दौरान छत का लेंटर डालने का काम चल रहा था। उसी समय दोनों गुटों के लोगों में झगड़ा हो गया। खुर्शीद पक्ष की तरफ से रमजान, कुर्बान व खुर्शीद को चोटें आई। दूसरे गुट के नफीस और साहिद समेत काम कर रहे 4–5 मजदूरों को चोटें आई। घायलों को सोहना के नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। सदर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सुरेश चंद ने बताया कि पुलिस मामलों की जांच कर रही है।

# देश के हालात खराब, सरकार को चिंता नहीं : कैप्टन अजय यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


बादशाहपुर क्षेत्र में मजदूरों को लेबर कार्ड वितरित करते पूर्व मंत्री कैप्टन अजय यादव।

**कांग्रेस** सेवादल द्वारा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव मोलाहेड़ा में किसान मजदूर संवाद सम्मेलन में पूर्व मंत्री अजय सिंह यादव ने शिरकत की। यहां पर उपस्थित मजदूरों को कैप्टन अजय सिंह यादव द्वारा लेबर कार्ड वितरित किए गए।

कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि लेबर कार्ड के माध्यम से मजदूरों को काफी फायदे पंहुचते हैं, इसलिए हर मजदूर को अपना यह कार्ड बनवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के हालात बिगड़े हुए हैं। लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार न जाने किस मिट्टी की बनी है। जिसे पूरे देश की दुख–तकलीफ नहीं दिख रही है। अजय सिंह ने कहा कि सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर भाजपा किसानों को डराने की चाहे कितनी कोशिश कर लें वे नाकाम रहेंगे। वे भूल गए हैं कि किसान अपने अस्तित्व को बचाने की लड़ाई लड़ रहा है। भाजपा सरकार यदि किसानों की जरा सी भी हितैषी होती तो अब तक तीनों काले कानूनों को वापस ले चुकी होती। श्री यादव ने कहा कि उधर देश 40 जवानों की शहादत पर दुखी था और कुछ लोग खुशियां मना रहे थे कि अब हम जीत जाएंगे। बड़े ही शर्म की बात है कि सत्ता हासिल करने के लिए कोई इस हद तक भी गिर सकता है। देश की खुफिया जानकारी किसी पत्रकार को देना क्रिमिनल एक्ट है। भाजपा का तथाकथित पत्रकारों के साथ राष्टविरोधी गठजोड़ देश की सैन्य कार्रवाइयों से संबंधित गोपनीय जानकारियां लीक कर देश की सैन्य शक्ति को कमजोर करने में लगे हैं। ऐसा राष्टविरोधी गठजोड़ देश की सैन्य शक्ति पर आक्रमण कर रहा है। कैप्टन अजय सिंह ने कहा कि अरनव गोस्वामी की व्हाट्सएप चैट से साफ पता चलता है कि उनको बालकोट में एयरस्ट्राइक की सूचना 3 दिन पहले ही पता चल गई थी। यह सब 2019 के लोकसभा चुनाव पर असर डालने और प्रचार करने के लिए किया गया था। इसलिए इसकी जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के द्वारा होनी चाहिए। इस मौके पर उनके साथ इंद्र सिंह सैनी, यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय कॉडिनेटर वर्धन यादव, भीम सिंह यादव, जगमोहन यादव, गुड़गांव उद्योग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष प्रवीण यादव, सेवादल के अध्यक्ष कृष्ण सैनी समेत काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हरियाणा वक्फ बोर्ड ने बदली शेख मूसा दरगाह की सूरत

**रिजवान कासिम।** मेवात

**नूंह** जिले के पल्ला गांव में अरावली पर्वत के दामन में बनी हजरत शेख मूसा की दरगाह अपने इतिहास के कई अध्याय अपने आंचल में छुपाई समेटे हुए है। दरगाह पर दो मीनार हैं, जिनमें से एक को हिलाने पर दूसरी में हिलने की कंपन महसूस होती है। इस अजूबे को देखने कई दशक पहले हजारों लोग दूर दराज से यहां आते थे। दरारें आई तो पर्यटकों की संख्या भी बेहद कम हुई, बल्कि मीनारों के हिलने में भी कमी आई है।

लोगों का विश्वास है कि शेख मूसा की कब्र के पास बने गड्ढे का पानी शरीर के मस्सों पर लगाने से मस्से हमेशा के लिऐ समाप्त हो जाते हैं। मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज हरियाणा वक्फ बोर्ड ने बनाया तो उन्होंने कॉलेज के समीप बने इस लैंडमार्क पर भी ध्यान दिया। लाखों रुपये मरम्मत पर खर्च तो जरूर हुए, लेकिन यह ऐतिहासिक दरगाह अब सबको भा रही है। इसी पर हमने खास बातचीत की कॉलेज निदेशक डॉक्टर केएम रफी से। निदेशक केएम रफी को गर्व है कि उन्हें ऐसी जगह पर तालीमी इदारा चलाकर काम करने का अवसर मिल रहा है।

## उन्होंने पूरा जीवन मेवात में इस्लाम धर्म का प्रचार-प्रसार किया

गौरतलब है कि हजरत शेख मूसा ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया के खलीफा थे। उन्हीं के कहने से मेवात में इस्लाम धर्म के प्रचार के लिए निकले थे। जब वे अरावली पर्वत के साथ से गुजर रहे थे, तो एक कांटे दार झाड़ी ने उनका पल्लू थाम लिया। बार-बार सुलझाने के बाद भी पल्लू नहीं सुलझा तो सारी स्थिति अपने आप भांप गये और वहीं पर अपना डेरा डाल लिया। हजरत शेख मूसा इस्लाम धर्म का प्रचार करने लगे और अपनी लगन, मेहनत व काबिलियत के चलते बहुत जल्दी दूर-दूर तक उन्हें लोग जानने लगे। उन्होंने पूरा जीवन मेवात में इस्लाम धर्म का प्रचार-प्रसार किया। जिस जगह पर हजरत शेख मूसा का पल्ला झाड़ी ने थामा वहां पर आज भी पल्ला गांव बसा हुआ है, जो देश के बंटवारे से पहले शेख समाज का गांव था ओर अब उस गांव में सभी समाजों के लोग रहते हैं। दरगाह करीब 800 वर्ष पुरानी है। इसके मुख्यद्वार पर बनी दो ऊंची विशाल मीनारें हैं, जिनमें आज भी एक मिनार को हिलाने के बाद दूसरी मीनार चंद सैकेंड के बाद स्वयं हिलने लगती है, जो 800 वर्ष बाद भी दर्शकों को एक पहेली बनी हुई है। हजरत शेख मूसा की कब्र पर पुखराज पत्थर की करीब दो दर्जन जालियां लगाई गई थीं। जिनकी कीमत करोड़ों रुपये में बताई जाती है, लेकिन आज से करीब 2-3 दशक पहले इन जालियों को चोर उड़ा कर ले गये। जिनका आज तक कुछ अता पता नहीं चल पाया। लोगों का विश्वास है कि हजरत शेख मूसा की दरगाह में बनी उस कब्र पर एक झाड़ू चढ़ाने के बाद शरीर पर पैदा हुये मस्से अपने आप कुछ दिन बाद खत्म हो जाते हैं। आजादी से पहले यहां पर उन की याद में उर्स मेले का आयोजन किया जाता था, जो 1957 के बाद से बंद हो गया। नूंह के जाने माने मौलाना नियाज मोहम्मद साहब ने 1956 में दरगाह में नमाज पढ़ाने व अजान देने के लिऐ एक इमाम रखा जो बदस्तूर चल रहा है। केन्द्र व राज्य सरकार से लेकर प्रशासन ने इस दरगाह की कोई सुध नहीं ली। आज इस परिसर में आलीशान इस्लामिक मदरसा चलता है।


हजरत ख्वाजा शेख मूसा की दरगाह

### कहां से था संबंध

**हजरत** ख्वाजा शेख मूसा दिल्ली से ताल्लुक रखते थे। उनके पिता का नाम मौलाना बदरूद्दीन इशाक था, जो जाने माने आलिम थे। मौलाना बदरूद्दीन इशाक व ख्वाजा निजामुद्दीन औलिया बाबा फरीद गंज रहमतुल्ला के मुरीद थे। बाबा फरीद गंज ने अपनी लड़की की शादी मौलाना बदरुद्दीन इशाक से की। जिससे हजरत ख्वाजा शेख मूसा व हजरत ख्वाजा मोहम्मद इमाम पैदा हुए। बचपन में ही पहले पिता व बाद में माता का देहांत हो गया। जिसके बाद दोनों भाइयों की परवरिश निजामुद्दीन औलिया ने की और देश भर में हिन्दू - मुस्लिम एकता व इस्लाम धर्म को बढ़ावा देने के लिऐ उन्हें भ्रमण पर भेज दिया। इस्लाम धर्म का प्रचार करते-करते 733 हिजरी में उनका देहांत हो गया।

### कहां गया पत्थर

**हजरत** ख्वाजा शेख मूसा की कब्र की रोनक बढ़ाने वाले पुखराज पत्थर कहां गया इसका आज तक कोई पता नहीं चल पाया। जानकारों की मानें तो पत्थर की कीमत करोड़ों रुपये में थी, जिसे किसी ने चुराकर बेच दिया। बताया तो यहां तक जाता है कि मजार पर लगा पुखराज पत्थर रात को मजार पर रोशनी करता था।

# बगैर मंजूरी के दिल्ली-आगरा हाइवे पर दौड़ रहीं निजी बसें

## प्राइवेट बस संचालक यात्रियों को दोनों हाथों से लूट रहे हैं

**कैलाश मंगला।** होडल

**दिल्ली**-आगरा रोड पर अधिकारियों की साठगांठ से कुछ प्राइवेट बसें ऐसी दौड़ रही हैं जो कि किराए के नाम पर दैनिक यात्रियों को दोनों हाथों से लूटने में लगे हैं। बस संचालक यात्रियों से पैसे लेने के बाद उन्हें टिकट के नाम पर अपने द्वारा छपवाई गई पर्चियां थमा देते हैं।

अगर कोई यात्री इनसे जवाब मांगता है तो ये उनसे झगड़ा करने को उतारू हो जाते हैं और यात्री को बस से नीचे उतार देते हैं। यात्रियों ने कई बार विभागीय व प्रशासनिक अधिकारियों से इन प्राइवेट बस चालकों की शिकायत की हैं, लेकिन आज तक भी प्राइवेट बस संचालकों की बढ़ती तानाशाही पर कोई अंकुश नहीं लगा सका।

नेशनल हाइवे दिल्ली से आगरा के मध्य में अधिकारियों की साठगांठ से चल रही कुछ प्राइवेट बसों के कारण हरियाणा, यूपी और राजस्थान रोडवेज को रोजना लाखों रुपये का चूना लगाया जा रहा है। प्राइवेट बसों के संचालक दैनिक यात्रियों से मनचाहा किराया बसूल कर मोटा मुनाफा कमा रहे हैं। प्राइवेट बस संचालकों के पास न तो प्रशासन की मंजूरी है और न ही इन्होंने बसों में यात्रियों को बैठाने के लिए कोई लाइसेंस लिया हुआ है।

इसके अलावा ये लोग यात्रियों से किराया लेने के बाद उन्हें टिकट के नाम पर अपने द्वारा छपवाई गई पर्चियां थमा देते हैं। दैनिक यात्री होडल निवासी प्रेमपाल ने बताया कि हरियाणा, यूपी और राजस्थान रोडवेज बसों में पलवल से होडल का किराया 30 रुपये हैं जबकि ये प्राइवेट बस संचालक यात्रियों से 40 से 50 रुपये बसूल रहे हैं। यात्री राकेश कुमार ने बताया कि बस संचालक किराया लेने के बाद टिकट के नाम पर उन्हें प्राइवेट पर्ची थमा देते हैं।

यात्रियों ने बताया कि हाइवे पर बगैर परमीशन के दौड़ रही प्राइवेट बसों संचालकों की कई बार आरटीओ व प्रशासनिकअधिकारियों से शिकायत की है, लेकिन इस ओर कोई ध्यान देने को तैयार नहीं हैं।


नेशनल हाइवे पर दिल्ली से आगरा दौड़ रही प्राइवेट बस और दूसरी ओर किराया लेने के यात्रियों के हाथों में थमाई जाने वाली टिकट।

### क्या कहते हैं अधिकारी

**इस** मामले में जिला आरटीओ सतेंद्र धुन का कहना है कि वह बसों के कागजातों को चेक कर बगैर मंजूरी के चल रही बसों के संचालकों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे।

# कार्यशाला में विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया


एनजीएफ कॉलेज में आयोजित कार्यशाला में भाग लेने वाले विद्यार्थी शिक्षकों के साथ।

**पलवल।** एनजीएफ कॉलेज में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम वर्ष के सभी विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में एमबीए, बीटेक, बीए, बीकॉम और बीएससी के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के सीईओ अश्वनी प्रभाकर ने मुख्य अतिथि एचआर बिजनेस कोच सलोनी कोल व इशिता का स्वागत करके किया।

कॉलेज के निदेशक शरत कौशिक ने विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों से अवगत कराया। डिग्री कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी गुप्ता ने विद्यार्थियों को कार्यशाला से होने वाले लाभ से के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की कार्यशाला से बच्चों के स्किल डेवलपमेंट में मदद मिलती है। एनजीएफ ग्रुप पहले से ही इंजीनियरिंग के क्षेत्र में मुकाम हासिल कर चुका है। कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए ही कार्यक्रम में संपूर्ण व्यवस्था की गई थी। अनुशासन को बनाए रखने में खेल निदेशक ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सामने अपने विचार रखे। मंच का संचालन इंग्लिश प्राध्यापिका नेहा शर्मा ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश प्रभाकर, अमित दीक्षित, दीप्ति प्रभाकर, योगिता शर्मा सहित सभी फैकल्टी सदस्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन दिवसीय यात्रा कर लौटे श्याम प्रेमी



**होडल।** श्रीखाटू श्याम सखा मंडल के नेतृत्व में होडल से खाटू श्याम और सालासल बालाजी के लिए बस द्वारा रवाना हुई तीन दिवसीय यात्रा मंगलवार को होडल में वापस पहुंची। श्याम प्रेमियों की बस यात्रा सुनील गोयल व ओमप्रकाश तंवर की देखरेख में राजस्थान स्थित खाटू श्याम, सालासल बालाजी और जुंझनू माता के दर्शनों के लिए रविवार को होडल से रवाना हुई थी। दर्शन करने के बाद मंगलवार को होडल में लौटी। यात्रा में रमेश चंद जैन, डॉ. राजेश जैन, तरुण मंगला, देवेंद्र गोयल, श्रीभगवान बंसल, उमेश गोयल हसनपुर, गौरव बंसल, सुनील मंगला, डोरीलाल गोला, मोहित मंगला, भोला गर्ग, संजय मक्कड़, अजय कुमार, दीपक, कैलाश, कृष्ण कुमार, उमेश मंगला, सन्नी, नरेश सिंगला, सतीस चंद आदि श्याम प्रेमी मौजूद थे।


### दहेज उत्पीड़न के मामले में पति गिरफ्तार

**होडल।** होडल थाना पुलिस ने दहेज उत्पीड़न मामले में लिप्त आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अन्य लोगों की गिरफ्तारी में पुलिस जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार सात जनवरी को गढ़ी पट्टी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि उसकी शादी गांव डकौरा निवासी सुनील के साथ हुई थी, लेकिन उसके ससुराल वाले दहेज लोभी होने के कारण उसपर अत्याचार करते और उसे जान से मारने की धमकी देते। पुलिस ने पीड़ित महिला के शिकायत पर मामला दर्ज आरोपी पति सुनील कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### सुभाष चंद बोस की जयंती पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**होडल।** नेताजी सुभाष चंद बोस की 125वीं जयंती के अवसर पर 23 जनवरी को उपकार मंडल हसनपुर के प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी बुधवार को यहां मंडल के सचिव विक्रम सिंह यात्री ने दी। बताया कि रक्त दान शिविर थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों की सहायता के लिए लगाया जा रहा है और यह उनका 21वां रक्तदान शिविर होगा। उन्होंने बताया कि इस रक्तदान शिविर में 150 यूनिट रक्त एकत्रित करने का लक्ष्य है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें जिससे पीड़ित बच्चों की सहायता हो सके। इस मौके पर मंडल के अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### 24 घंटे में कोरोना वायरस का एक नया केस आया



**मेवात।** नूंह जिले में कोविड के पिछले 24 घंटे में 01 नया केस सामने आया है। इसके अलावा अब तक जिले में कोरोना से 30 लोगों की मौत हो चुकी है। दिन प्रतिदिन जिले में केसों की संख्या में लगातार कमी आ रही है। दो बार कोरोना फ्री होने के एक बार फिर से कोरोना ने दस्तक दी है। खास बात यह है कि नूंह जिले में एक दिन में 808 सैंपल लिए गए हैं। यह सैंपल आरटीपीसीआर एवं रेपिड एंटीजन टेस्टिंग किट द्वारा ले गए हैं। नूंह डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. पंकज वत्स ने बताया कि जिले में कोरोना के केसों में राहत है पिछले कई दिनों से जिले में कम केस निकल रहे हैं। अभी भी लोगों को मास्क लगाना, बार- बार साबुन से हाथ धोना और दो गज की दूरी बना कर रखना जरूरी है। सीएचसी स्तर पर अब सैम्पल लिए जाने लगे हैं।

# पकड़ा गया कोख का कातिल, साथियों की तलाश

**रिजवान कासिम।** मेवात



**मेवात** जिले के तेड गांव में पिछले काफी लंबे समय से फर्जी अल्ट्रासाउंड मशीन से लोगों का इलाज कर उनकी जान जोखिम में डालने वाले डॉक्टर को स्वास्थ्य विभाग व पुलिस टीम ने छापा मारकर गिरफ्तार कर लिया है। इमरान क्लीनिक से फर्जी मशीन के साथ अन्य सामान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कब्जे में ले लिया है।

डॉ. आशीष सिंगला डिप्टी सिविल सर्जन एवं डॉ. पंकज वत्स डिप्टी सिविल सर्जन की टीम को सूचना मिली कि तेड गांव में डॉक्टर इमरान फर्जी मशीन के सहारे लोगों का अल्ट्रासाउंड आदि करते हैं और इलाज कर लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। जिस पर फर्जी ग्राहक तैयार करके भेजा और अल्ट्रासाउंड करते समय विभाग की टीम ने डॉक्टर को रंगे हाथों दबोच लिया। डॉक्टरों की टीम के साथ एसएचओ पिनगवां सब इंस्पेक्टर चंद्रभान व उनकी टीम भी मौजूद थी। पिनगवां पुलिस ने इमरान को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर भोंडसी जेल भेज दिया है। पुलिस ने डॉक्टर इमरान के बयानों के आधार पर साबिर पुत्र कमालुद्दीन निवासी ढाढोली, तारीफ पुत्र मोहम्मद सदीक निवासी पापड़ा, अनीश निवासी जमालगढ़, अजरुदीन, डॉ. अनुराग सर्जन मथुरा, डॉक्टर फारुख बीएएमएस शिकरावा आदि को नामजद किया है।

# अपराध खत्म करने को थाना प्रभारी ने ली पंच-सरपंचों की बैठक

**पुन्हाना।** क्षेत्र में अपराध खत्म करने व कानून व्यवस्था बनाने को लेकर बिछौर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बुधवार को थाने से लगते हुए गांवों के पंच-सरपंच व गणमान्य लोगों के साथ बैठक की। बैठक में कृष्ण कुमार ने सभी से अपराध खत्म करने में सहयोग करने के साथ ही किसी के बहकावे में न आने की अपील की गई। बिछौर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि बैठक में सभी से कहा गया है कि क्षेत्र में गोकशी होने पर तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें, ताकि क्षेत्र से गोकशी रोकने के साथ ही गोतस्करों के खिलाफ कार्रवाई की जा सके। किसानों का धरना चल रहा है, ऐसे में किसी के बहकावे में आकर शांति व कानून व्यवस्था भंग न करें। पुलिस प्रशासन का सभी सहयोग करें।

# फिर गिरे सुनहेड़ा गांव में स्कूल के कमरे

## घटिया सामग्री से बनाए गए थे स्कूल के कमरे

**पायनियर समाचार सेवा। पुन्हाना**

**उपमंडल** के गांव सुनहेड़ा के सरकारी स्कूल में कमरे गिरने का सिलसिला जारी है। पिछले लगभग छह माह के अंतराल में दूसरी बार कमरे की दीवार फिर से गिर गई। गनीमत यह रही कि इस दौरान किसी भी बच्चे और अध्यापक को कोई चोट नहीं आई। स्कूल के जर्जर कमरों के चलते स्कूल के अध्यापकगण भी पूरी भयभीत हैं।

उनका कहना है कि जर्जर कमरों की मरम्मत कराने के साथ ही स्कूल में नए कमरे बनवाए जाएं, ताकि यहां बिना किसी डर के बच्चों को पढ़ाया जा सके। सबसे बड़ी चौकाने वाली बात ये है कि छह माह पूर्व कमरे गिरने के मामले में शिक्षा विभाग ने आज तक कोई बड़ा कदम नहीं उठाया है, शायद विभाग भी किसी बड़े हादसे के बाद हीं कोई कार्रवाई करेगा।

गांव सुनहेड़ा मिडिल स्कूल के मुख्य अध्यापक धर्म सिंह ने बताया कि मंगलवार को सुबह जब वे स्कूल पहुंचे तो स्कूल में बने एक कमरे की दीवार गिरी हुई पाई गई। इससे पहले भी लगभग छह माह पूर्व भी एक कमरा जर्जर अवस्था में होने के कारण गिर चुका है। उन्होंने बताया कि लगभग 10 वर्ष पहले ही इन कमरों का निर्माण हुआ था। निर्माण के कुछ समय बाद ही जर्जर होने शुरू हो गए थे। उन्होंने बताया कि स्कूल में कोई चौकीदार नहीं है। जिसके कारण अकसर गांव के बच्चे स्कूल परिसर में खेलते हैं। जिसके कारण कोई भी बड़ा हादसा कभी भी घटित हो सकता है। वहीं इस संबध में पुन्हाना खंड शिक्षा अधिकारी सद्दीक अहमद ने बताया कि कमरे की दीवार गिरने की सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

### पहले भी गिर चुके हैं कमरे, नहीं हुई कार्रवाई

**गांव** सुनहेड़ा के स्कूल में कमरे की दीवार गिरने का यह दूसरा मामला है। इससे पहले भी अगस्त 2020 में स्कूल के कमरे की दीवारें गिर चुकी हैं। जिसमें शिक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा कराई गई जांच में दीवार गिरने का कारण निर्माण कार्य में घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग बताया है। निर्माण करने वाले अध्यापक के खिलाफ कार्रवाई करने की भी सिफारिश उच्चाधिकारियों से की है। परंतु विभाग के अधिकारी अध्यापक की ऊंची पहुंच व भ्रष्ट्राचार के चलते मामला दबाने में जुटे हुए हैं। सूत्रों की मानें तो मामला दबाने में शिक्षा विभाग के कुछ बड़े अधिकारी और चंड़ीगढ़ सचिवालय में बैठे एक कर्मचारी भी भरपूर कोशिश कर रहे हैं।

# 12 एकड़ भूमि से अवैध निर्माण हटाया

**नूंह।** नूंह के शहरी क्षेत्र में डूंडाहेड़ी से 12 एकड़ जमीन से अवैध निर्माण को हटाया गया। इस दौरान 32 डीपीसी, बांउड्री व रोड को तोड़ा गया। मौके पर जिला नगर एवं योजनाकार ने अधिकारी एवं ड्यूटी मजिस्ट्रेट वेदप्रकाश सहरावत ने बताया कि नूंह जिले में विभाग का यह अभियान दस दिनों से चलाया जा रहा है जोकि जिले में आगामी समय में जारी रहेगा अवैध निर्माण को किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन को चाहिए कि वह अवैध रूप से काटी गई कॉलोनियों में कोई प्लाट आदि नहीं खरीदें।

लोगों को चाहिए कि वह कहीं पर प्लॉट आदि खरीदने से पहले उस जगह के बारे में पूरी जानकारी हासिल कर लें। जिससे भविष्य में कोई परेशानी नहीं आए अपनी मेहनत की कमाई को जांच पड़ताल कर ही खर्च करें। उन्होंने बताया कि आगामी समय में जिले के तावडू, फिरोजपुर झिरका व पुन्हाना शहरों में भी यह अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस अभियान को बल देने में आमजन को जागरूक होना होगा।

## पायनियर क्लासीफाइड

◆ नाम परिवर्तन ◆

I, Pawan Kumar S/o Dhiyan Chand R/o C-3217, F.F., green Field Colony, Faridabad have changed my name to Pawan Oberoi

I Sanjeev Bhatia S/o Late Daya Ram R/o H. No. 2F/23, NIT, Faridabad, HR have changed my minor son's name from Kavya Bhatia to Kanishk Raj Bhatia for all future purposes.

### बेदखली सूचना

मैं, रामरती देवी पत्नी श्री छत्तर सिंह निवासी मकान न. 1139/19, गली न. 2 नजदीक अरविन्द गैस एजेन्सी विकासपुरी, तह. व जिला सोनीपत हरियाणा ब्यान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र आनंद प्रकाश व उसकी पत्नी पवित्रा मेरे कहने-सुनने से बाहर है जिसके चलते मैं इन दोनों को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में जो कोई इन दोनों से किसी प्रकाश का कोई लेनदेन व व्यवहार करेगा तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। मैं व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवार नहीं होगी।

### बेदखली सूचना

मनके, राम नैन यादव पुत्र श्री राम लखन व श्रीमति फूलवती पत्नी श्री राम नैन यादव निवासीगण मकान न. 1998, संजय कालोनी, सैक्टर-22-23, फरीदाबाद-121005 ब्यान करते है कि हमारे पुत्र का नाम विजय यादव है हमारे पुत्र विजय यादव का व्यवहार हमारे व हमारे परिवार के अन्य सदस्यों के प्रति ठीक ना है। हमारा पुत्र विजय यादव गलत लोगों की संगत मे है जो कि उपरोक्त विजय यादव हमारे व हमारे कहने से बाहर है जिसके चलते हम अपने पुत्र विजय यादव को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है भविष्य में जो कोई विजय यादव से किसी प्रकाश का कोई लेनदेन व व्यवहार करेगा तो उसका जिम्मेवार वह स्वयं होगा। हमारे व हमारे परिवार की कोई जिम्मेवार नहीं होगी।

### कार्यालय नगर निगम सोनीपत


नगर निगम सोनीपत की संपत्तिकर शाखा के रिकॉर्ड अनुसार प्रॉपर्टी आई.डी. न. 66C825U236 जोकि कॉलोनी/ सैक्टर इण्डियन कालोनी वार्ड न. 19 में स्थित हैं संपत्तिकर सर्वे अनुसार संपत्तिकर बिल में करदाता का नाम दर्ज है। किसी भी संपत्तिकर दाता का नाम दर्ज न होने/नाम गलत दर्ज होने/मृत्यु दिनांक उपरोक्त आवेदक द्वारा प्रस्तुत की गयी प्रॉपर्टी आई.डी. में नाम तब्दील व नाम दर्ज करने/क्षेत्रफल दुरूस्ती के लिए रजिस्ट्री न. 871 दिनांक 18-06-2020 अनुसार प्रस्तुत किए गए है। जिसके अनुसार यदि किसी भी व्यक्ति को इस जायदाद से संबन्धित कोई भी आपत्ति हो तो दैनिक राष्ट्रीय समाचार पत्र में विज्ञापन देने की तिथि के 10 दिन के अंदर-अंदर लिखित रूप मे नगर निगम के संपत्तिकर शाखा में आपत्ति दर्ज करवाए अन्यथा संपत्तिकर शाखा में प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों के अनुसार श्रीमति शकुन्तला देवी पत्नी श्री सूरजभान नाम दर्ज कर दिया जाएगा। जिसके लिए नगर निगम कार्यालय जिम्मेवार नहीं होगा।

क्षेत्रीय कराधान अधिकारी
नगर निगम, सोनीपत

## पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- तरुण सतीजा दुकान नंबर 3689 निकट काबली गुरुद्वारा एसजीएम नगर 7701965422
- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- कामरेड,बल्लभगढ़ रेड लाइट
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




अचंभित हैं अभी तक सब सितम अपनों का कैसा है
नज़र में आजकल दुनिया की बस पैसा ही पैसा है
ऐ धरती-माँ तुझे ये गर्व होगा तेरे बच्चों का
है नभ सा होंसला, धीरज भी बिल्कुल तेरे जैसा है

# व्यापारी हत्याकांड के बाद लोगों में रोष

## पुलिस ने दिया आरोपियों का जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन

**पायनियर समाचार सेवा।** तावडू

**नगर** में गत मंगलवार को बुजुर्ग व्यापारी की हत्या बाद व्यापारियों में रोष है। जिसको लेकर गुस्साए व्यापारियों ने अनाज मंडी को पूरे दिन के लिए बंद रखते हुए नगर के गणमान्य लोगों के साथ बुधवार को नई अनाज मंडी में पहुंचकर प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया।

उन्होंने मामले में संलिप्त आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की और चेतावनी देते हुए कहा कि बृहस्पतिवार को वह सभी मामले को लेकर नूंहू पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करेंगे यदि उसके बाद भी इस हत्याकांड में पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो वह बाजार बंद व रोड जाम करने से भी गुरेज नहीं करेंगे। पुलिस ने मामले में संलिप्त आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने का उन्हें आश्वासन दिया, जिसके बाद वह शांत हो गए। बुजुर्ग व्यापारी की हत्या के बाद बुधवार को नई अनाज मंडी में उनकी आढ़त के सामने आढ़ती देवी राम गोयल की अध्यक्षता में विरोध प्रदर्शन की शुरुआत हुई, जिसमें नगर के व्यापारियों सहित गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। तावडू शहर थाना पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाएं और मामले में शीघ्र और ठोस कार्रवाई करने की मांग की। तावडू शहर थाने के एएसआई भंवर लाल लोगों से रूबरू हुए और उन्हें आश्वासन देते हुए कहा कि पुलिस इस मामले को पूरी गंभीरता के साथ ले रही है।

जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर हत्या की गुत्थी को सुलझा लिया जाएगा। जिसके बाद गुस्साए लोग शांत हो गए और थाना परिसर से लौट आए। वरिष्ठ भाजपा नेता राजकुमार मित्तल ने कहा कि बृहस्पतिवार को नगर के गणमान्य लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल पुलिस अधीक्षक से मिलेगा और इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग उनसे करेगा।


शहर थाना परिसर में पुलिस से मिलते नगरवासी ।

# हाईकोर्ट ने दिए पंचायत व कब्रिस्तान की भूमि से कब्जे हटाने के निर्देश

**पुन्हाना।** गांव नंगला जमालगढ़ में पंचायत भूमि और कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ पंजाब एवं हरियाणा होईकोर्ट में गांव मानोता के सरपंच रशीद अहमद व समाजसेवी मुजेदिन ने एडवोकेट तालीम हुसैन के माध्यम से याचिका डाली। जिस पर हाईकोर्ट में सुनवाई करते हुए जमीन पर हुए अवैध कब्जे को खाली कराने के निर्देश दिए।

नंगला जमालगढ़ के सामाजिक कार्यकर्ता आजम खान ने बताया कि पंचायत की आठ एकड़ जमीन व कब्रिस्तान भूमि पर लोगों द्वारा अवैध कब्जे किए हुए हैं और पक्के मकान बनाकर पूर्ण रूप से कब्जा किया हुआ है। जिसको लेकर गांव के सरपंच व मौजिज लोगों द्वारा कई बार जिला प्रशासन व वक्फ बोर्ड प्रशासन के अलावा सीएम विंडो के माध्यम से कब्जा हटवाने की गुहार लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं के बाद हाईकोर्ट में याचिका डाली।

## मेवात की खबरों एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें

बेदखली सूचना, नाम परिवर्तन, गुमशुदगी, रस्म पगड़ी इत्यादि के विज्ञापन सस्ते दरों पर प्रकाशित करवाने के लिए पायनियर परिवार से जुड़िए

कासिम खान
ब्यूरो प्रमुख नूहं (मेवात)
9050976800
9416103259
ओल्ड थाना पिनगवां के सामने मन्नी मार्केट पिनगवां, मेवात।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा -201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक : चंदन मित्रा, स्थानीय सम्पादक : प्रवीण मोहंती । दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किये गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# शानदार उपलब्धि

## गाबा में विजय

**भारतीय** क्रिकेट टीम का 2020-21 का आस्ट्रेलिया दौरा आजीवन भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों की स्मृति में दर्ज रहेगा। एक महीने पहले अखबारों के संपादकीयों में भारतीय क्रिकेट की दशा पर शोक प्रकट किया गया था। एडीलैड में लगभग पूरी टीम केवल 36 रन बना सकी थी और बहुत से लोगों को अगले टेस्ट मैचों की चिन्ता थी। आखिरकार भारतीय करिश्माई बल्लेबाज और कप्तान विराट कोहली पहले बच्चे के जन्म पर पत्नी के साथ रहने के लिए भारत लौट आए थे। पहले मैच के बाद अनेक खिलाड़ियों को चोटें तथा आस्ट्रेलिया के कठोर दो सप्ताह क्वैरेंटीन नियम को देखते हुए नए खिलाड़ी भेजना असंभव था। भारत की हमेशा निन्दा करने वाले विदेशी टिप्पणीकारों ने टीम के सफाए की घोषणा कर दी थी। इसके बावजूद भारतीय टीम ने असाधारण दृढ़ता व नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन किया। कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ एकजुटता प्रदर्शित करते हुए टीम ने मेलबोर्न का दूसरा टेस्ट मैच जीता। नया वर्ष शुरू होने पर यह भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को पहला उपहार था क्योंकि 2020 सबके लिए कष्टदायक रहा था। अपने आप में यह क्षण सर्वाधिक महत्वपूर्ण था जब भारतीय क्रिकेट समकालीन इतिहास के सबसे बुरे समय से गुजरा था। अनेक लोगों ने इसकी तुलना दो दशक पहले इडेन गार्डन में वीवीएस लक्ष्मण व राहुल द्रविड़ के नायकत्व से की। लेकिन इस खेल में एक तीसरा आयाम भी है जिसकी शुरुआत सिडनी में नए वर्ष से हुई, जहां भारतीयों की दूसरी पाली के शानदार प्रदर्शन ने आतिथेयों को टेस्ट मैच नहीं जीतने दिया। लेकिन ब्रिसबेन में आस्ट्रेलिया के गढ़ गाबा में विजय से खेल की समाप्ति हुई जहां पिछले तीन दशक से उसकी टीम नहीं हारी थी। भारत ने पार्ट टाइमर वाशिंगटन सुंदर को मौका दिया जिन्होंने पिछले तीन साल में प्रथम श्रेणी का



मैच नहीं खेला था। इस मैच में युवा बल्लेबाजों का सामना अनुभवी आस्ट्रेलियाई पेस गेंदबाजों व सौवां टेस्ट खेलने वाले एक स्पिन गेंदबाज से था। मेलबोर्न और सिडनी में भारत का प्रदर्शन प्रशंसनीय था, पर भारतीय प्रशंसक जिस गब्बा में ड्रा की उम्मीद कर रहे थे, वहां शानदार नतीजा मिला। क्रिकेट प्रेमियों के मन में बार्डर-गावस्कर ट्राफी सीरीज़ का अंतिम टेस्ट मैच बना रहेगा जिसने खिलाड़ियों की दृढ़ता, क्षमता और शारीरिक फिटनेस का पूरा इम्तहान लिया। भारतीय टीम के युवा व लगभग अनुभवहीन खिलाड़ियों ने टेस्ट सीरीज़ जीत कर स्वयं तथा सारी दुनिया को आश्चर्यचकित कर दिया है। सुविधाओं का संकट, नस्ली गालियों का सामना, महत्वपूर्ण मोड़ पर प्रमुख खिलाड़ियों की कमी, एक के बाद दूसरी चोटें तथा कई महीनों का असामान्य जीवन उनके सामने चुनौतियों की तरह थे। भारत के पूर्व नायक राहुल द्रविड़ ने नई भारतीय टीम गढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय टीम की दृढ़ता की प्रशंसा उसके विरोधियों ने भी की। न केवल वाशिंगटन सुंदर व शार्दूल ठाकुर ने सातवें विकेट की साझेदारी में बहुत शानदार प्रदर्शन किया, बल्कि शुभम गिल व चेतेश्वर पुजारा कई बार चोट लगने के बावजूद बहुत अच्छा खेले। दिल्ली के ऋषभ पंत की क्षमताओं पर पहले खुलेआम सवाल उठाए गए थे और टीम में उनको बनाए रखने पर भारतीय प्रबंधन पर पक्षपात के आरोप भी लगे थे। लेकिन अब ये नौजवान नए क्रिकेट नायकों में शामिल हो गए हैं। यह केवल सामान्य विजय या पुन: उठ खड़े होने की कथा नहीं है, यह एक ऐतिहासिक कथा है जिसे लंबे समय तक याद रखा जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम की दृढ़ता और प्रतिबद्धता, खासकर अनुभवहीन नौजवानों के समूह का शानदार प्रदर्शन सदियों तक याद रखा जाएगा। जब भारत ने वानखेड़े स्टेडियम में 2011 विश्व कप जीता था तब उनको खुली छत वाली एक बस से पूरे मुंबई में घुमाया गया था। भले ही कोविड-19 प्रोटोकाल के कारण इस टीम का वैसा स्वागत न हो सके, पर निश्चित रूप से वे इसके अधिकारी हैं।

# अमेरिका में अनैतिकता

हालांकि, केवल तीन अमेरिकी राष्ट्रपतियों पर दाग लगे, पर डोनाल्ड ट्रंप अकेले ऐसे राष्ट्रपति हैं जो दूसरी बार महाभियोग का सामना कर रहे हैं।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



महाभियोग मूलत: प्रतीकात्मक है, पर यह समय की कसौटी पर नैतिकता की पराजय का प्रतीक भी है। इतिहास की पुस्तकों में महाभियोग वाले नामों पर धब्बे लगे मिलते हैं। जो बाइडेन से पहले संयुक्त राज्य अमेरिका के 45 राष्ट्रपतियों में से केवल तीन पर यह धब्बा लगा है। लेकिन डोनाल्ड ट्रंप को भविष्य में ऐसे एकमात्र राष्ट्रपति के रूप में जाना जाएगा जिन पर दो बार महाभियोग चला। अमेरिका का संविधान अभियोजन के योग्य अपराधों में 'देशद्रोह, रिश्वत या अन्य जघन्य अपराधों व गलत कृत्यों' को शामिल करता है। शास्त्रीय न्यायिक दृष्टिकोण से औपचारिक सजा की वैधता जो भी हो, महाभियोग का अर्थ सार्वजनिक व संवैधानिक विश्वास तोड़ना भी है और इस प्रकार यह विधिक आपराधिकता के संभावित दायरे में आता है। आमतौर पर अंतर्मुखी रहने वाले दलाईलामा ने ट्रंप को 'नैतिक सिद्धान्तों की कमी' वाला व्यक्ति बताया था और यह अपने आप में आश्चर्यजनक है।

रिचर्ड निक्सन ने लगभग महाभियोग सिद्ध होने की नौबत आने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। पीछे देखने पर महाभियोग का सामना कर चुके अन्य दो अमेरिकी राष्ट्रपति एंड्रयू जान्सन व बिल क्लिंटन डोनाल्ड ट्रंप के कृत्यों की तुलना में लोकतंत्र के लिए कम घातक व कम अपराधी लगते हैं। एंड्रयू जान्सन स्वयं नस्लवादी थे जो लोकतंत्र के शिखर पर पहुंचने में सफल हुए थे, जबकि अब्राहम लिंकन पर आफिस एक्ट का उल्लंघन करने की तकनीकी गलती के कारण महाभियोग चलाया गया था, जब उन्होंने सिनेट से विचार-विमर्श किए बिना संघीय नियुक्ति वाले एक व्यक्ति को हटा दिया था। इतिहास बताता है कि महाभियोग एक पक्षपाती कृत्य है जिसका प्रयोग अस्वीकार्य राष्ट्रपति कृत्य के खिलाफ होता है जो शायद महाभियोग का बोझ ढोने को तैयार न होता। बिल क्लिंटन पर जांचकर्ताओं से मोनिका लेविंस्की प्रकरण में झूठ बोलने का आरोप था और उन्होंने व्हाइट हाउस के कर्मचारियों को अपनी इच्छाओं पर चलने को मजबूर किया था। उनका असंदिग्ध दुर्व्यवहार व पतन शायद 'देशद्रोह, रिश्वत या अन्य जघन्य अपराधों व गलत कृत्यों' से कम था। प्रतिद्वंद्वी रिपब्लिकन सिनेटर सुसान कोलिन्स ने कहा था कि क्लिंटन ने असंदिग्ध रूप से अपमानजनक व्यवहार किया था, पर वह अपराध नहीं था। लेकिन इसके बावजूद उन्होंने महाभियोग के खिलाफ वोट देते हुए था, 'राष्ट्रपति को रिहा करने के लिए मतदान करते समय में भारी गलती कर रही हूं क्योंकि मैं इस व्यक्ति को माफ नहीं करना चाहती हूं।' स्पष्ट रूप से बिल क्लिंटन इस संकट के कारण परेशान थे और पश्चाताप कर रहे थे।

दूसरी ओर पहली बार ट्रंप के खिलाफ महाभियोग सत्ता के दुरुपयोग और कांग्रेस के काम में बाधा डालने के लिए चलाया गया था। आरोप था कि उन्होंने यूक्रेन पर जो बाइडेन के वाणिज्यिक मामलों के खिलाफ जांच करने का दबाव डाला था और इस प्रकार एक विदेशी शक्ति को लोकतांत्रिक चुनाव में भ्रष्टाचार के लिए प्रेरित किया था। ट्रंप ने यूक्रेन पर दबाव डालने के लिए उसकी सैनिक सहायता रोकी थी। लेकिन बाद में भी ट्रंप के गलत कृत्य जारी रहे और उन्होंने कार्यकारी शाखा को दस्तावेजों व प्रमाणों के मामले में कांग्रेस से सहयोग न करने को कहा। लेकिन क्लिंटन या निक्सन के मामले में निष्पक्ष अभिव्यक्तियों की तुलना में ट्रंप देश का ध्रुवीकरण और विभाजन अतिवादी रास्तों पर करने में सफल हुए। एक रिपब्लिकन सिनेटर को छोड़ कर बाकी सबने आंखें बंद कर ट्रंप का समर्थन किया। ट्रंप का दूसरा महाभियोग अपनी गंभीरता के कारण असाधारण है। आरोप है कि उन्होंने 'देशद्रोह को उकसाया।' पहले महाभियोग के दौरान रिपब्लिकनों का अपना हित ट्रंप का बचाव करना था और इसके लिए पक्षपाती दिशा का पालन करना था। यही बात दूसरे महाभियोग के समय भी दिख रही है लेकिन अब 10 रिपब्लिकन सिनेटरों ने स्वयं को ट्रंप के समर्थन से अलग कर लिया है, जबकि इस पक्षपाती निर्णय के परिणाम और खराब होंगे। ज्वाइंट चीफआफस्टाफने एक आंतरिक मेमो जारी कर बावर्दी लोगों को याद दिलाया है कि उनकी एकमात्र प्रतिबद्धता संविधान के प्रति है। इससे बाइडेन प्रशासन के कामकाज शुरू करने के समय 'कानून के खिलाफ' संभावित बाधा की आशंका सामने आती है। इससे ट्रंप की उस गंभीर असंवैधानिक कृत्य का संकेत मिलता है जिसका आरोप उन पर लगाया गया है।

दस रिपब्लिकनों की नाराजी का बोझ ट्रंप पर भारी है और यह केवल गणितीय क्षमता से अधिक है। यह एक प्रकार से निष्पक्ष साहस, लोकतांत्रिक मूल्यों तथा आम समझदारी का प्रदर्शन है। अनेक प्रकार से यह आंतरिक विरोध रिपब्लिकनों को स्थाई रूप से ट्रंपवाद से मुक्ति का अवसर देता है कि वे 20 जनवरी, 2021 के बाद स्वयं को इस पाप से मुक्त कर सकते हैं। हालांकि, महाभियोग की प्रक्रिया ट्रंप कार्यकाल के अंतिम समय में जल्दबाजी में शुरू की गई है, पर यह 'विद्रोह' की शर्मनाक सार्वजनिक सुनवाई के लिए सही संदर्भ है। इससे संभावना बनती है कि भविष्य में पक्षपाती राजनीति को स्थान नहीं मिलेगा। ट्रंप के पहले महाभियोग में अपनी व्यक्तिगत चेतना के आधार पर उनके खिलाफ वोट देने वाले एकमात्र रिपब्लिकन मिट रोमनी ने ट्रंप के दोबारा आने और उसके 'सार्थक परिणामों' की बात कही थी, जब एक राष्ट्रपति ने कांग्रेस के खिलाफ हमला उकसाया तथा सर्वाधिक महत्वपूर्ण रूप से लोकतंत्र के सभी ज्ञात सिद्धान्तों की धज्जियां उड़ा दीं।

अब नए राष्ट्रपति बाइडेन के बारे में अनेक लोगों की राय है कि उनको संघीय रूप से ट्रंप के खिलाफअभियोजन चलाने की जरूरत नहीं है क्योंकि इससे विभाजनकारी व आक्रामक भावनायें बनी रहेंगी तथा खतरनाक अफवाहें फैलाने का 'डोनाल्ड ट्रंप शो' जारी रहेगा। ट्रंप के बारे में अनेक अफवाहें जारी थीं कि वे चुनाव से पहले ईरान पर हमला कर सकते हैं, अर्ध मार्शल ला लगा सकते हैं या 'धोखाधड़ी वाले चुनाव' का आरोप लगा कर सामाजिक अशांति पैदा कर सकते हैं। उन्होंने 'इन लोगों के हाथों में न खेलने' व 'चुनावों की चोरी' जैसी बातें कही थीं। इन सबने अमेरिका को अराजकता व गृह युद्ध के ऐसे मोड़ पर पहुंचा दिया था जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती थी। ट्रंप का अपनी पार्टी नेताओं से अलगाव व संभावित विश्वासपात्रों से दूरी ने निजी अफवाहों को सार्वजनिक आह्वान का रूप दे दिया है कि अपने भीतर झांकने की आवश्यकता है। इससे रास्ता ठीक करने की आवश्यकता भी सामने आती है जहां विधिकता के बजाय नैतिकता की कमी ट्रंप के चारों ओर छा गई थी। बदलते समय के साथ रिपब्लिकन नेता मिच मैक्कोनेल ने रिपब्लिकन सिनेटरों को आजाद कर दिया है कि वे पार्टी लाइन के बजाय 'अपनी चेतना के आधार पर' वोट दे सकते हैं। इससे ट्रंप के लिए दीवाल की लिखावट साफहो गई है। उम्मीद है कि ट्रंप अपनी भडकाऊ बयानबाजी जारी रखेंगे तथा केन्द्रीय स्थिति में बने रहने के लिए अपुष्ट अफवाहें फैलाते रहेंगे, पर रिपब्लिकन पार्टी में उनका नैतिक आधार समाप्त हो गया है। वह ट्रंप को पार्टी से बाहर कर सकती है जिससे उनका राजनीतिक आधार समाप्त हो जाएगा। चुनावी विजय, चुनौती विहीन वर्चस्व या अदालत में वैधानिकता की तुलना में नैतिकता का पतन ज्यादा महत्वपूर्ण है और ट्रंप के महाभियोग से एक विनाशकारी व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का अंत होगा।

# बजट सत्र में विपक्षी एकजुटता की परीक्षा

> अब समय आ गया है कि आगामी बजट सत्र में विपक्ष एकजुट होकर रणनीति बनाए जिससे सरकार को घुटनों पर ला खड़ा करना संभव हो सके।

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



संसद का आगामी बजट सत्र जबर्दस्त होने की संभावना है जिसमें विपक्ष द्वारा बहुत से विवादास्पद मुद्दे उठाए जाने की उम्मीद है। यद्यपि संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा है कि नरेंद्र मोदी सरकार सभी मुद्दों का सामना करने के लिए तैयार है, विपक्ष अपनी धार पैनी कर रहा है। संसद का यह सत्र महत्वपूर्ण है क्योंकि यह वर्ष का पहला सत्र होगा। यद्यपि कोविड-19 महामारी के बीच सदस्यों की सुरक्षा हेतु सभी प्रोटोकाल अपनाए जाएंगे। संसद के सत्र की शुरुआत 29 जनवरी को होगी और 8 अप्रैल तक चलेगा, साथ में 15 फरवरी से 8 मार्च तक का मध्यावकाश रहेगा। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद 29 जनवरी को परम्परागत संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। इसके बाद अगले दिन आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया जाएगा और 1 फरवरी को, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा केंद्रीय बजट पेश किया जाएगा। वो लगातार तीसरा बजट पेश करेंगी। बढ़ती महामारी के बीच बजट बनाना एक कठिन प्रक्रिया है और पुरानी परम्परा को तोड़ते हुए वित्त मंत्रालय 2021 के लिए केंद्रीय बजट को छपवाएगा नहीं और यह कागजविहीन होगा। सभी निगाहें सरकार पर लगी हैं क्योंकि बजट प्रकाश डालेगा कि केंद्र विभिन्न क्षेत्रों को कैसे धन आवंटित करता है। अर्थव्यवस्था के लगभग सभी स्तम्भ प्रभावित हुए हैं तथा राजस्व और खर्च के बीच संतुलन स्थापित करना एक चुनौती होगी। सीतारमण ने एक मजबूत अर्थव्यवस्था निर्मित करने का वादा किया है और कहा है कि बजट अनोखा होगा, जैसा कि स्मृतियों में पहले कभी नहीं रहा कि क्या सरकार के समक्ष कभी ऐसी स्थिति आई है जहां कर संग्रहण का काम बजटीय संख्या के अनुरूप बने रहने के लिए संघर्ष कर रहा हो और वस्तुओं व सेवाओं की मांग बहुत मंद हो।

विपक्ष के पास सरकार पर हमला बोलने के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है, जिसमें कोविड टीकाकरण अभियान, किसानों का विरोध प्रदर्शन, संकटग्रस्त अर्थव्यवस्था, चीन का आक्रामक रवैया, बढ़ती कीमतें, नौकरियों का क्षरण, नागरिकता संशोधन कानून का विरोध जारी रहना, कथित रूप से 20 हजार करोड़ रुपए के खर्च से नए संसद भवन के निर्माण की योजना आदि। एक वरिष्ठ कांग्रेस नेता का दावा है कि यद्यपि राजनीतिक दल किसानों के विरोध प्रदर्शन से दूर रहे हैं लेकिन संसद में, वे किसानों के समर्थन को लेकर मुखर रहेंगे। विपक्ष की योजना रोजगार सृजन, उलट पलायन, चीन के साथ सीमा पर गतिरोध, एवं भारत-पाक संबंधों, महामारी से निबटने के सरकार के तरीकों, तथा टीकाकरण अभियान जो 16 जनवरी को प्रारम्भ हुआ है, को लेकर सरकार पर सवाल उठाने की है। साथ ही, कमजोर राज्य महामारी से निबटने के लिए अधिक वित्तीय सहायता की मांग करेंगे तथा वित्त मंत्रालय एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों को और ज्यादा धन आवंटन की आवश्यकता होगी। वित्त मंत्रालय ने कहा है : "इसे आगे ले जाने के लिए बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र से मिलने वाले सभी आगतों को ध्यान में रखा जाएगा।"

सरकार, निजी आंकड़ा संरक्षण विधेयक, डीएनए तकनीक (प्रयोग एवं प्रयुक्तीकरण) विनियमन विधेयक, रख रखाव एवं माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक कल्याण संशोधन विधेयक समेत पिछले वर्ष से लंबित विधेयकों, चिकित्सीय गर्भ समापन संशोधन विधेयक तथा बांध सुरक्षा विधेयक समेत कुछ अहम विधायनों को लेकर तैयार है। हालांकि, बड़ा सवाल यह है कि क्या अत्यधिक विभाजित विपक्ष संसद में सरकार को दबाव में लाने में प्रभावी साबित होगा? उन्हें एकजुट करने में सक्षम कोई बड़ा नेता नहीं है, यद्यपि कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी प्रत्येक वर्ष संसद के सत्र से पहले बैठक बुलाने का प्रयास करती हैं। हालांकि, कांग्रेस संकट के दौर से गुजर रही है क्योंकि नेताओं का एक तबका गांधी परिवार पर सवाल उठाने लगा है। पार्टी ने 2021 के पूर्वार्ध में कांग्रेस का अखिल भारतीय सत्र बुलाने का वादा किया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा के अनुसार, समन्वय सथापित किया जाएगा। अटकलें लगाई जा रही हैं कि गैर-भाजपा, गैर-कांग्रेस विपक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी प्रमुख शरद पवार के अधीन एकजुट हो सकता है।

यद्यपि भाजपा राज्यसभा में बहुमत प्राप्त करने के निकट पहुंच गई है, विवादास्पद विधायन पारित कराने के लिए भी विपक्ष को विभाजित करने की रणनीति अपनाई जाती है। इसी तरह राजग सरकार ने तीन तलाक, सीएए, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 का उन्मूलन, आदि विधायन पारित करा लिए थे। विपक्ष को बहिर्गमन करने, सदन के वेल में जाने आदि रणनीतियां बदलनी होंगी और इसके बजाए चर्चाओं में भाग लेने तथा मुद्दे उठाने पर ध्यान केंद्रित करना होगा जिससे कि सरकार को जवाब देने के लिए बाध्य किया जा सके। विधि निर्माताओं को बजट का परीक्षण करने एवं सरकार को घुटनों पर लसने के अपने दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। एक जिम्मेदार विपक्ष के कार्य करने का तरीका है प्रश्न काल का उपयोग करना, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लाना तथा सरकार को जवाबदेह बनाए रखने के लिए राष्ट्रपति के संबोधन पर बहस करना। अपने स्तर पर, सरकार को भी विपक्ष को विश्वास में लेकर काम करना चाहिए। देश के लिए, दुखद रूप से, दोनों ही टकराव में विश्वास रखते हैं। अब जबकि पांच राज्यों में चुनाव होने हैं, सभी दल अपना काम करेंगे। यह चिंता का विषय है कि देश में एक मजबूत और सजग विपक्ष का अभाव है जिसकी जरूरत एक ऊर्जावान लोकतंत्र को होती है। विपक्षी दलों को संद में एकजुट होकर रहना चाहिए। 1984 में स्वर्गीय राजीव गांधी ने 403 सीटें जीती थीं, विपक्ष ने एक दर्जन मुखर नेताओं के बल पर, बोफोर्स घोटाले को सफलतापूर्व उठाया था, जिसके चलते उनकी सरकार सत्ताच्युत हो गई थी। अत: संख्या बल मायने नहीं रखता बल्कि सरकार से निबटने की रणनीति महत्वपूर्ण होती है।

## आप की बात

### सायकिल पर्यावरण एवं स्वास्थ्य

**सायकिल** पर्यावरण के हित में उपयोगी साबित होती आई है, किन्तु चलन कम होता दिखाई देने लगा है। 1990के दशक तक लगभग हर घर में सायकिल उपलब्ध रहती थी, विशेषकर दूधवाले ,पोस्टमैन आदि द्धारा आने जाने हेतु ज्यादातर सायकिल का उपयोग किया जाता था। बच्चे सायकिल चलाना सीखने में उत्सुकता दिखाते थे। एक जानकारी के मुताबिक सन 1763 में फ़्रांस के पियरे लेलमेंट ने इसकी जाना था। बाद में सायकिल में तरह-तरह के आवश्यकतानुसार बदलाव किए जाते रहे और वर्तमान में भी जारी है। विदेशों में लोग सायकिल का ज्यादा उपयोग करते है। एक्सरसाइज के लिए भी घरों में सायकिल का उपयोग किया जाता है। अन्य वाहनों का उपयोग भी अपनी जगह ठीक है, किंतु सायकल चलाने से एक्सरसाइज होती है। जिससे कई बीमारिया कोसों दूर हो जाती है। कुछ दशकों पूर्व सायकिल का दौर काफी था। सायकिल चलाने के दृश्य भी फिल्मों में होते ही थे। वर्तमान में भी फिल्म की कहानी की मांग के अनुसार सायकिल के दृश्य को फिल्माया जाता है। आज भी कई लोग सायकिल के शौकीन सायकिल से ही रास्ता तय करते हैं और वे पूर्णत: तंदुरुस्त हैं। कई तो भारत भ्रमण भी कर चुके हैं।

– **संजय वर्मा,** मनावर, मप्र

### सड़क सुरक्षा अभियान

**अभी** हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान की शुरुआत कर दी है। भारत में सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के उद्देश्य से इस अभियान की शुरुआत की गई है। यह एक बहुत अच्छी पहल है। सड़क सुरक्षा माह के अभियान के समय सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए जन मानुस को यातायात के नियमों से अवगत कराया जाएगा और उन्हें जागरूक भी करा जाएगा। बतातें चलें कि सड़क परिवहन मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर सड़कों पर होने वाले कुल 13 लाख मामलो में से 11 प्रतिशत मामले तो भारत में भी आए हैं। सड़क दुर्घटना के मामले में भारत पहले स्थान पर है ऐसे में यह जरूरी हो गया था कि इसके ऊपर कुछ कदम उठाए जाएं। इस सड़क सुरक्षा अभियान से सड़क दुर्घटना के मामलों में कमी आने की उम्मीद है। सड़क हादसे होने से भारत की जीडीपी को लगभग 3 प्रतिशत तक का नुकसान होता है इसलिए इस राष्ट्रीय सुरक्षा माह का आना बहुत जरूरी है । साथ ही साथ इससे बहुत लोगों को रोजगार भी मिलेगा। और हमारे कौशल विकास में बहुत मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम में हर सप्ताह अलग अलग थीम पर जांच अभियान चलाया जाएगा।

– **सुदर्शन सोराड़ी,** नैनीताल

### सतर्कता बरतें

**वर्तमान** डिजिटल युग के दौर में साइबर सुरक्षा एक महत्वपूर्ण डोमेन बनकर उभरा है। अब इस युग मुं युद्ध साबयर स्पेस में होने लगे हैं। तकनीक की ओर तेजी से कदम बढ़ाते उन्नतिशील भारत के लिए एक चिंताजनक तस्वीर उभरकर सामने आई है । हाल ही में केंद्र सरकार की संस्था इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिपोर्ट टीम के मुताबिक वर्ष 2020 में कुल 11,58,208 साइबर हमले हुए, जबकि इसके पिछले साल 3 , 94 ,499 बार निशाना बनाया गया जो कि 2019 के मुकाबले 3 गुना ज्यादा है। इन सभी हमलों के तार चीन , पाकिस्तान , अमेरिका जैसे अन्य देशों से भी जुड़े पाए गए है । जैसा की , देश के वित्तीय बाजार और परिवहन नेटवर्क पूरी तरह आईटी नेटवर्क पर निर्भर करते है । साइबर हमलों की वजह से हमारे देश को व्यापक नुकसान हो सकता है। अभी भी ऐसे कानून नही , जो लोगो को बचा सके? हमें भी सतर्क रहने की आवश्यकता है। जैसे कि , कोई भी बड़ी कंपनियां , बैंक या सरकार फ़ोन से संबंधित कोई जानकारी नही मांगती है।

– **खुशबू वेद,** अलोट, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**उत्तर** प्रदेश में चयन का आधार योग्यता है और पिछले तीन वर्ष और 10 महीनों में 3.75 लाख युवाओं को नौकरी देने का लक्ष्य पूर्ण हुआ है।

– **योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश



**हो** सकता है आप बहुत से चुनाव जीतें मगर नंदीग्राम की इस पवित्र भूमि से मैं संकल्प लेती हूं कि मैं भाजपा को बंगाल में प्रवेश नहीं करने दूंगी।

– **ममता बनर्जी**
पश्चिम बंगाल की सीएम



**मैं** आज संकल्प लेता हूं कि यदि मैंने नंदीग्राम की धरती पर उन्हें कम से कम 50 हजार वोटों के अंतर से नहीं हराया तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।

– **सुवेंदु अधिकारी**
भाजपा नेता

# जर्मन के फ्रेंकफर्ट प्रवासी और गांव अलाहर निवासी राजकुमार हुए सम्मानित

## अप्रवासी दिवस पर भारत सरकार ने प्रमाणपत्र और शॉल किया भेंट

**पायनियर समाचार सेवा।** यमुनानगर

**अप्रवासी** दिवस पर फ्रेंकफर्ट (जर्मनी) में गांव अलाहर निवासी राजकुमार कांबोज को भारत सरकार की ओर से समाजसेवा के क्षेत्र में दिये गये योगदान को लेकर सम्मानित किया गया। राजकुमार कांबोज को अप्रवासी दिवस पर भारत सरकार की ओर से काऊंसलेट जरनल अमित तेलांग ने प्रमाणपत्र व शॉल



भेंटकर सम्मानित किया। राजकुमार कांबोज लगभग 42 वर्ष

### राहुल कांबोज हैं जर्मनी के विपक्षी दल फ्राईविला पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

पहले 1979 में अपने गांव अलाहर से जर्मनी गये थे। जो जर्मनी में पिछले लगभग 12 वर्षो से केएफके के नाम से समाजसेवी संस्था चला रहे हैं। संस्था के चेयरमैन राजकुमार कांबोज केएफके के माध्यम से बच्चों को शिक्षित करने, गरीब बच्चों को उनकी फीस देने व बच्चों से जुड़े अन्य मामलों को लेकर उनकी वर्षो से सहायता करने में लगे हुए हैं। जिसको लेकर अप्रवासी दिवस पर भारत सरकार की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया है। राजकुमार कांबोज के बेटे राहुल कांबोज जर्मनी के विपक्षी दल फ्राईविला पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। वहीं उनके बेटे कपिल कांबोज एफडीडी पार्टी से मेंबर पार्लियामेंट हैं। राजकुमार कांबोज रोटरी क्लब रादौर के सदस्य भी है। जो हर वर्ष भारत आने पर रोटरी क्लब के माध्यम से समाजसेवा के क्षेत्र में रादौर ब्लॉक में भी अपना योगदान देते रहे हैं। भारत सरकार द्वारा राजकुमार कांबोज को सम्मानित किये जाने पर रोटरी क्लब रादौर की ओर से बुधवार को शहर में लडडू बांटकर खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर रोटरी क्लब के प्रधान राजीव शर्मा, डॉ. एससी सैनी, अशोक चौहान, पंडित ज्ञानप्रकाश शर्मा, डॉ. अशोक मिगलानी, रामकुमार वर्मा व मनजीत सिंह पंजेटा ने कहा कि यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है कि उनके रादौर क्षेत्र से जर्मनी में बसे राजकुमार कांबोज ने समाजसेवा के क्षेत्र में एक अलग मुकाम हासिल कर सम्मान प्राप्त किया है।

# थानेसर हलके में करोड़ों रुपये से बनेगा साईकिलिंग वैलोड्रम

## यूनिवर्सिटी में ही 4 करोड 50 लाख से बनेगा मल्टी पर्पज इन्डोर स्पोर्टस हॉल

### विधायक सुभाष सुधा ने कहा, द्रोणाचार्य स्टेडियम के आस-पास साईकिलिंग वैलोड्रम बनेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** थानेसर

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि थानेसर हल्के के गांव ज्योतिसर या फिर द्रोणाचार्य स्टेडियम के आस-पास साईकिलिंग वैलोड्रम बनाया जाएगा।

इसके लिए सरकार की तरफ से करोड़ों रुपये की राशि भी मंजूर की



जानकारी देते विधायक सुभाष सुधा

जा चुकी है। अब इस योजना को शीघ्र ही अमलीजामा पहनाने का काम किया जाएगा। इतना ही नहीं भारत सरकार खेल मंत्रालय की तरफ से खेलों इंडिया योजना के तहत कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रांगण में उच्च स्तरीय हॉकी एस्टोट्रफ बनाने की मंजूरी दे दी है। इस हॉकी खेल मैदान के लिए 5 करोड 50 लाख का बजट की भी मंजूरी दे दी है।

इसके साथ ही भारत सरकार ने यूनिवर्सिटी में ही 4 करोड 50 लाख रुपये की लागत से मल्टी पर्पज इन्डोर स्पोर्टस हॉल बनाने का भी निर्णय लिया है। विधायक सुभाष सुधा ने बुधवार को सेक्टर 7 आवास कार्यालय पर बातचीत करते हुए कहा कि जिला कुरुक्षेत्र को एक खेल हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसके लिए केन्द्र व राज्य सरकार अथक प्रयास कर रही है।

# बनीपुर चौक पर भरे पानी को निकलवाने पहुंचे एसडीएम



**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**बनीपुर** चौक पर जलभराव के कारण प्रशासन को मिली शिकायत के बाद आज एसडीएम बावल मनोज कुमार मौके पर पहुंचे तथा भरे हुए पानी की निकासी के तुरंत प्रबंध कर आम नागरिकों को इस परेशानी से निजात दिलाने के सचिव को निर्देश दिए।

गौरतलब है कि बनीपुर चौक पर कई दिनों से पानी भरा हुआ था, जिसकी आमजन द्वारा प्रशासन को शिकायत की जा रही थी। शिकायत पर ए1शन लेते हुए बावल के एसडीएम मनोज कुमार नगर पालिका के सचिव के साथ मौके पर पहुंचे तथा उन्हें पानी की निकासी करवा कर आमजन को इस समस्या से निजात दिलाने के निर्देश दिए। एसडीएम मनोज कुमार ने एचएसआईआईडीसी अधिकारियों से कहा कि वे अपने क्षेत्र में सफाई का विशेष ध्यान रखें ताकि औद्योगिक क्षेत्र साफ सुथरा रहे। एसडीएम ने कहा कि सरकार का मूल उद्देश्य लोगों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करना है।

# कोविड-19 कोरोना वायरस के 06 नये पॉजिटिव केस मिले

**सोनीपत।** उपायुक्त श्याम लाल पूनिया ने कहा कि जिला में बुधवार को सायंकाल तक कोविड-19 कोरोना वायरस के 06 नये पॉजिटिव केस पाये गये हैं, जिनमें 02 महिला मरीज भी सम्मिलित हैं।

नये मरीजों के जुड़ाव से जिला में कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा बढ़कर 14925 हो गया है। उपायुक्त ने यह जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर दी। उपायुक्त पूनिया ने कहा कि कोरोना वायरस के पॉजिटिव मामले जिला के शहरी और ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में पाये गये हैं। शहरी क्षेत्र के अंतर्गत ब्रह्म नगर सोनीपत में एक, ऋषिकुंज कालोनी सोनीपत में एक तथा प्रेम नगर सोनीपत में एक नए कोरोना मरीज की पुष्टि हुई है। वहीं ग्रामीण क्षेत्र में गांव सेवली में एक, पार्कर रेजीडेंसी कुण्डली में एक तथा गांव जगदीशपुर में एक नए कोरोना मरीज की पुष्टि हुई है।

# इंटरनेंट बैंकिंग अपनाओ, धोखाधड़ी की आशंका से निजात पाओ

## गुमीना में हुए वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम में बोली शाखा प्रबंधक

**पायनियर समाचार सेवा।** रेवाड़ी

**सर्व** हरियाणा ग्रामीण बैंक शाखा खोरी की ओर से गांव गुमीना में वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शाखा प्रबंधक खुशबू सक्सेना ने खाताधारकों से इंटरनेट बैंकिंग पर जोर देने के लिए प्रेरित किया।

खुशबू सक्सेना ने खाताधारकों से कहा कि आजकल वित्तीय धोखाधड़ी होने की आशंका प्रबल हो रही है, इसलिए इससे बचने के लिए उन्हें डिजिटल बैंकिंग का अधिकतम लाभ



गांव गुमीना में सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की ओर से आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित महिलाएं।

उठाना चाहिए। ज्यादातर लेनदेन इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, भीम, डेबिट व क्रेडिट कार्ड द्वारा करना चाहिए। खाताधारक सावधानी भी बरतें, ताकि बैंक में होने वाली वित्तीय धोखाधड़ी से बचे रहें। इस मौके पर 21 स्वयं सहायता समूहों को 21 लाख रुपये का ऋण मौके पर ही दिया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रीत सिंह फोगाट ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन जनवरी माह में पूरे हरियाणा में 591 ग्रामीण शाखाओं की ओर से आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका वित्तपोषण नाबार्ड द्वारा किया जा रहा है। डीडीएम जगदीश परिहार ने नाबार्ड की ओर से चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी सांझा की। इस मौके पर उपप्रबंधक विकास यादव, राहुल यादव, हरीश कुमार के अलावा करीब 150 ग्रामीण उपभोक्ता उपस्थित रहे।

# प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित करना चाहिए रक्तदान: हरप्रीत

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**दीया** संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपक देवगन और राष्ट्रपति पुलिस पदक से विभूषित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से 317वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया।

शिविर में कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी हरप्रीत सिंह चीमा मुख्यातिथि के रूप में पधारे। कल्पना चावला राजकीय महाविद्यालय करनाल के दल ने शिविर में 106 इकाई रक्त संग्रह किया जबकि 135 से अधिक युवाओं ने पंजीकरण कराया। मुख्य अतिथि हरप्रीत सिंह चीमा ने कहा कि रक्तदान एक पुण्य का कार्य है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रक्तदान करना चाहिए। दीया संस्था के अध्यक्ष डॉ. दीपक देवगन ने कहा कि आज का शिविर गुरु गोबिंद सिंह जी को समर्पित है। गुरु गोविन्द सिंह जी का जीवन युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणादायक है। शिविर के सह संयोजक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग से ही रक्त की आपूर्ति संभव हो रही है।

# भाविप गोविंद शाखा ने कम्बल और गर्म कपड़े किए वितरित



बालिका सप्ताह के तहत कम्बल वितरित करते शाखा के पदाधिकारी।

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।

**भारत** विकास परिषद् गोविन्द शाखा ने महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के तहत राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत आदर्श नगर में बालिकाओं के बीच कम्बल व गर्म कपड़ों का वितरण किया गया।

भारत विकास परिषद गोविंद शाखा की महिला प्रमुख शालू त्यागी ने बताया कि भारत विकास परिषद द्वारा पूरे देश भर में भारत विकास परिषद् की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के दिशा निर्देशों के अनुसार महिला एवं बाल विकास प्रकल्प के तहत बेटी है तो सृष्टि है अभियान में राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके तहत आज 25 बेटियों को सर्दी से बचने के लिए कम्बल व गर्म कपड़े स्वीटर, शाल आदि वितरित किए गए। बेटी है तो सृष्टि है अभियान के तहत आयोजित राष्ट्रीय बालिका सप्ताह का आज पांचवा दिन है तथा सभी बच्चों इसमें लगातार पूरे जोश के साथ भाग ले रहे है। कल राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के तहत संस्कार शाला का आयोजन किया जाएगा। गोविन्द शाखा के अध्यक्ष संजय सिंगला ने बताया कि राष्ट्रीय बालिका सप्ताह के अंतर्गत भारत विकास परिषद के उद्देश्यों की जानकारी, हीमोग्लोबिन जांच, पोषण व शिक्षण सामग्री वितरण, संस्कारित बेटियां महकता घर आंगन, राष्ट्र के उत्थान में बेटी बढ़ाओ बेटी पढ़ाओ व शिक्षित कन्या है वरदान विषयों पर स्किट, नृत्य नाटिका, भाषण आदि कार्यक्रम बेटियों के बीच आयोजित किए जा चुके है तथा कल सप्ताह का समापन किया जाएगा। इस अवसर पर भारत विकास परिषद् के जिलाध्यक्ष वाईके त्यागी, गोविंद शाखा अध्यक्ष संजय सिंगला, सतीश माथुर, प्रवीण वर्मा, शालू त्यागी, अनीता , सुभाष, चंद्रभान, अनिपाल, दिनेश कुच्छल, चंद्रा अग्रवाल आदि ने अपना सहयोग दिया।

# संस्कृति स्कूल का नाम होगा रामरत्न कटारिया : रंबा

**थानेसर।** हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के प्रदेशाध्यक्ष रामकुमार रंबा ने कहा है कि पिहोवा के थाना गुजरान के संस्कृति विद्यालय का नाम अब जाने-माने समाजसेवी स्व. रामरत्न कटारिया के नाम से होगा।

रामकुमार रंबा बुधवार को ब्रह्मसरोवर के नजदीक महासभा के सरंक्षक हाकम सिंह के कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। रामकुमार रंबा ने कहा कि हरियाणा पिछड़ा वर्ग महासभा के सरंक्षक रामरत्न कटारिया का पिछले दिनों निधन हो गया था। 3 जनवरी को गुज्जर धर्मशाला में आयोजित उनकी शोक सभा में हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल गुज्जर ने कटारिया के नाम से कुछ बनाने की घोषणा की थी।

# धूमधाम से मनाया गुरु गोविंद सिंह का 354वां प्रकाश उत्सव

**पायनियर समाचार सेवा।** भिवानी

**देश-कौम** की खातिर नौ वर्ष की आयु में अपने पिता को कुर्बान करने वाले सिक्खों के दसवें गुरू एंव सर्वस्यदानी श्री गुरू गोबिन्द सिंह का 354 वां प्रकाश पर्व गुरूद्वारा श्री गुरू सिंह सभा ने बड़ी धूमधाम से मनाया।

इस अवसर पर गुरूद्वारा सिंह सभा में लंगर को संगतों के द्वारा बनाया गया और सभी ने एक पंगत में बैठ कर लंगर रूपी प्रसाद को ग्रहण किया। गुरबाणी कीर्तन करने के लिए पंजाब के रामामंडी से आए रागी जत्थे ने गुरबाणी के माध्यम से दसवें पातशाह श्री गुरू गोबिन्द सिंह के जीवन एवं उनके परिवार के बारे में विस्तार से प्रकाश



आज्ञा पई अकाल दी, तबे चलायो पंथ, सब सिखन को हुक्म है गुरू मानयो ग्रंथ

डालते हुए बताया कि गुरू गोबिन्द सिंह ने धर्म की खातिर पहले अपने पिता श्री गुरू तेग बहादुर को बलिदान किया तो उसके बाद अपने चारो पुत्रों को धर्म के लिए शहीद करवा दिया लेकिन धर्म पर कोई आंच नहीं आने दी। भिवानी गुरुद्वारा सिंह सभा के मुख्य ग्रंथि गजराज सिंह ने बताया कि गुरु गोविंद सिंह ने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए हैं जिन्हें पंच ककार कहा जाता है। ये पांच चीजे केश, कड़ा, कृपाण, कंघा और कच्छा है।

# कला यात्रा में हरियाणवी लोक गीतों की हुई प्रस्तुति

## गांव-बारना के कलाकारों द्वारा हरियाणवी लोक-गीत की प्रस्तुति की

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

**हरियाणा** कला परिषद अंबाला मंडल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा द्वारा कलाकारों के पास उनके गांव जाकर की जा रही कला यात्रा में इस बार की हरियाणवी लोक-गीत सांस्कृतिक प्रस्तुति रही। गांव-बारना के कलाकारों द्वारा हरियाणवी लोक-गीत की प्रस्तुति की गई।

हरियाणा में लोक गीतों का महत्वपूर्ण स्थान है। लोकगीत सीधे तौर पर सामान्य जन मानस का संगीत है। पारम्परिक लोकगीत जो गांव में लोगों द्वारा ही बनाये जाते रहे हैं। जब लड़की की शादी होती है तो उस समय यानि कई दिन पहले घर की औरतें रात में जो गीत गाती है, उसमें बन्नी, सुहाग व जकड़ी गायी जाती है। आज हम जिकर कर रहे बन्नी का, लेकिन इनसे पहले देवी-देवताओं का गीत गाया जाता है। लोकगीत की पहली प्रस्तुति में सबसे पहले खेड़े का गीत गा रही है। जो इस तरह से दादा खेड़े के मैढ़ पै धौला री कुआं है।



हरियाणवी लोक गीतों की प्रस्तुति देते कलाकार।

उसके बाद किन्नै गून्दी ऐ लाडो ऐ तेरी चोटी इस बन्नी गीत में औरते बन्नी से पूछ रही है, घर में दादा, बाप, ताउ, चाचा, भाई सबने क्या उसके लिए दिया। इन सभी बातों का वर्णन किया गया। उसके बाद बन्ने के गीत गाये जाते है इसमें कहते है कि म्हारे आंगण केला लग रहया मेला इस बन्ने गीत में घर के बुजुर्ग बन्ने को समझाते है कि किस तरह उसे शादी के इस समय किस तरह से रहना है, कैसे चलना है, कैसे बात करनी है। ये सब बाते बताई गयी है। बन्ने के दादा जी की सज रही कार जब बारात चढ़ती है तो उस समय औरते इस गीत को गाती है और बन्ने से हंसी मजाक करती है। सीरस के पेड़ के निचे रै इस बन्ना गीत में बन्ना अभी शादी नही करना चाहता और इस बारे में अपने घरवालों से बातचीत करता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा कला परिषद अम्बाला मण्डल के अतिरिक्त निदेशक नागेंद्र शर्मा जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में हरियाणवी लोक-गीत की इस प्रस्तुति के लिए सभी कलाकारों को धन्यवाद किया। कला यात्रा की इस कड़ी में कलाकार इस प्रस्तुति के लिए बधाई के पात्र हैं। कार्यक्रम के अंत मे नागेन्द्र शर्मा ने सहयोग के लिए राजेश कुमारी जांगड़ा व कृष्ण लाल जांगड़ा का विशेष रूप से धन्यवाद किया।




## आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड

# म्यूचुअल फंड इंडस्ट्री में सबसे तेजी से बढ़ने वाला एफओएफ

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड म्यूचुअल फंड उद्योग में सबसे तेजी से वृद्धि करने वाले फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) के तौर पर उभरकर सामने आया है। इस स्कीम को फंड ऑफ द फंड्स संरचना के तौर पर तैयार किया गया है, जो इक्विटी, डेट और गोल्ड ओरिएंटेड ईटीएफ/योजनाओं में निवेश करती है। इसका मकसद सही समय पर सही परिसंपत्ति वर्ग में सही आवंटन करना है। साथ ही फंड मैनेजर्स को सबसे बेहतरीन आवंटन करने का सही फैसला लेने में मदद पहुंचाना भी है। इस फंड में इक्विटी और डेट स्कीम में 0 से 100 फीसदी के बीच आवंटन करने का लचीलापन है और इसका फैसला इन हाउस वैल्यूएशन मॉडल के आधार पर लिया जाता है। इस

### इस स्कीम के तहत इक्विटी, डेट और गोल्ड में किया जाता है निवेश

अप्रोच से मानवीय भावनाओं को एक ओर रखने में मदद मिलती है। हालांकि, निवेश के लिए सही आवंटन केवल इक्विटी बाजार के वैल्यूएशन पर आधारित नहीं है बल्कि यह डेट मार्केट में उपलब्ध अवसरों पर भी निर्भर करता है। यह फंड अपनी प्रकृति की वजह से निवेशकों के बीच अपनी स्वीकार्यता हासिल करने में सफल रहा है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इस फंड की शुरुआत फरवरी 2019 में हुई थी और तब इसका एयूएम महज 18 करोड़ रुपये था, जो 31 दिसंबर 2020 तक बढ़कर 9,000 करोड़ रुपये पहुंच चुका है।

**संतुलित कदम**

आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड डायनैमिक परिसंपत्ति आवंटन का सफलतापूर्वक अभ्यास कर रहा है। मसलन, जब कोविड-19 महामारी के आगमन के दौरान मार्केट में करेक्शन आया था और उस वक्त शेयरों की कीमत सस्ती नहीं थी। उस वक्त इक्विटी बाजार में फंड का आवंटन 36 फीसदी था। इस कम आवंटन की वजह से निवेशकों को फायदा हुआ क्योंकि जब मार्च 2020 के बाद जब बाजार में गिरावट आई तो निवेशक अधिकांश तौर पर अपने निवेश को लेकर सुरक्षित रहे।

**फंड का प्रदर्शन**

यह फंड अपने निवेशकों को पांच प्रमुख लाभ देता है। जहां तक फंड के प्रदर्शन की बात है तो आईसीआईसीआई प्रुडेंशियल एसेट एलोकेटर फंड अपनी श्रेणी में लगातार प्रदर्शन करने वाला फंड रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### चौक के सौंदर्यीकरण के लिए नए चेयरमैन को सौंपा ज्ञापन



**भिवानी।** समस्त ब्राह्मण समाज के विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी व जिले के गणमान्य व्यक्तियों ने महम गेट स्थित भगवान परशुराम चौक के सौंदर्यीकरण के लिए ज्ञापन देने रणसिंह यादव चेयरमैन के नगर परिषद कार्यालय पर पहुंचे। चेयरमैन की तरफ से उनके निजी सचिव ललित यादव ने ज्ञापन लिया और चेयरमैन की तरफ से आश्वस्त किया कि भगवान परशुराम चौक के सुंदरीकरण का कार्य 10 लाख रुपये की लागत से जल्द ही किया जाएगा। रणसिंह यादव ने कहा कि पार्षद बिल्लू बादशाह, मांगेराम शर्मा, पन्नू मस्ता ,संदीप भारद्वाज, आकाश मस्ता इस कार्य के लिए प्रयासरत हैं। पन्नू मस्ता ने पूरे समाज को एकत्रित करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया है।

### गुरू गोविंद सिंह ने नेक कमाई से दिया दान का संदेश : राजीव



**सोनीपत।** मुख्यमंत्री मनोहर लाल के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने गुरूद्वारा साहिब गीता भवन में मत्था टेकते हुए गुरू गोबिंद सिंह को नमन किया। उन्होंने कहा कि सिखों के दसवें गुरू के रूप में पूजनीय गुरू गोबिंद सिंह त्याग व समर्पण की प्रतिमूर्ति थे। गुरू गोबिंद सिंह ने नेक कमाई में से दान करने और त्याग व समर्पण का संदेश दिया है। इस संदेश को आत्मसात् कर हम अपने जीवन को सफल बना सकते हैं। गुरूद्वारा साहिब गीता भवन में गुरू गोबिंद सिंह जयंती का भव्य आयोजन किया गया। प्रात: काल प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के सभी गुरुद्वारों से होते हुए गुजरी। इस दौरान कीर्तन व सत्संग भी आयोजित किये गये, जिनमें पूर्व मीडिया सलाहकार ने शिरकत की। साथ ही गुरू गोबिंद सिंह ने गुरूबानी को कंठस्थ करने व अपनी कमाई का दसवां हिस्सा दान देने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। राजीव जैन ने कहा कि गुरू गोबिंद सिंह की शिक्षा व संदेश आज भी प्रासंगिक हैं, जिनका अनुकरण कर मनुष्य शांति के साथ जीवन को सफल बना सकता है। हमें अपने बच्चों को सुसंस्कार देने चाहिए। अपनी संस्कृति से परिचित करवाना चाहिए। अपने गुरूओं व संतों की शिक्षाओं और संदेश का अनुसरण करवाना चाहिए। इस अवसर पर कुलदीप सिंह, सचिन, सुरेंद्र सिंह, कुलविंदर सिंह, गुरिंदर सिंह, मनजीत सिंह, राकेश सचदेवा, मनप्रीत सिंह, गुरदीप सिंह और जसवीर सिंह आदि गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### शीला तंवर और चंदा गुप्ता बनीं जिला महासचिव



**भिवानी।** भाजपा के भिवानी जिला महिला मोर्चा के पदाधिकारियों की सूची जारी की गई है। महिला मोर्चा की जिला प्रधान बबिता तंवर ने प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ और जिला अध्यक्ष शंकर धूपड़ से विचार-विमर्श कर महिला पदाधिकारियों की घोषणा की है। जिला प्रधान बबिता ने बताया कि सुदेश शर्मा, मधु तंवर, मंजू बाला, एडवोकेट बबली पंवार और सुशीला मेघवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया है। महामंत्री पद की जिम्मेदारी एडवोकेट शीला तंवर और चंदा गुप्ता को सौंपी गई है। इनके अलावा सोनिया अत्री, सुनीता जांगडा, शालु अरोड़ा, बिमला और कृष्णा देवी को मंत्री बनाया गया है। कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी वीना देवी को दी गई है और रोनिका को मीडिया प्रभारी व किरण गुप्ता को सह प्रभारी मनोनीत किया गया है। प्रीति शर्मा और उमा को आईटी सैल की प्रभारी बनाया गया है। बबीता तंवर ने आगे बताया कि श्वेता गर्ग को नगर मंडल की प्रधान, कृष्णा देवी को विवेकानंद मंडल की प्रधान, कुसुम सरपंच को जोनपाल मंडल की प्रधान, कमला कायला को ग्रामीण मंडल की प्रधान, दया को तोशाम मंडल की प्रधान, सुमन को बवानी खेड़ा मंडल की प्रधान, राखी को कैरू मंडल की प्रधान, रजनी पांचाल को बापोड़ा मंडल की प्रधान, इन्द्रावती श्योराण को लोहारू मंडल की प्रधान और रेखा को सिवानी मंडल की प्रधान मनोनीत किया गया है।

### विवेक बंसल आज लेंगे कार्यकर्ताओं की बैठक

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस प्रभारी विवेक बंसल जिला के कार्यकर्ताओं की नब्ज टटोलने के लिए बृहस्पतिवार को कुरुक्षेत्र आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार कांग्रेस हाईकमान प्रदेश में कांग्रेस का संगठात्मक ढांचा खड़ा करने की तैयारी में हैं और इसी उद्देश्य से बंसल जिला के कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेंगे। बंसल प्रत्येक कार्यकर्ता से अलग-अलग मिलकर पार्टी का संगठात्मक ढांचा खड़ा करने की राय ले रहे हैं। गौरतलब है कि लंबे समय से हरियाणा में प्रदेश, जिला व ब्लॉक स्तर पर कांग्रेस का कोई संगठात्मक ढांचा नही है। अब कांग्रेस प्रदेश से ब्लॉक स्तर तक संगठात्मक ढांचा खड़ा करने की तैयारी कर रही है। जिला कांग्रेस के पूर्व प्रधान पवन गर्ग ने बंसल के आने की पुष्टि करते हुए बताया कि 21 जनवरी दिन वीरवार को प्रात:10 बजे विवेक बंसल जिला कांग्रेस भवन में कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षा कुमारी शैलजा, हरियाणा विधानसभा के पूर्व स्पीकर हरमोहिंद्र सिंह चट्ठा, पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा समेत अन्य कार्यकर्ता पहुंचेंगे।

# सरकार अविलंब प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को खोलने की दे अनुमति : वरुण जैन

## स्कूल फेडरेशन आफ प्राइवेट स्कूल्स के प्रदेश सचिव ने कहा, केंद्र सरकार मुख्य सचिवों को दे चुकी पूर्व में ही अनुमति

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल



**स्कूल** फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूल्स, हरियाणा ने केंद्र सरकार की ओर से सभी राज्यों के मुख्य सचिवों को स्कूल खोलने की परमिशन दिए जाने के बावजूद भी हरियाणा सरकार द्वारा पहली से आठवीं तक के स्कूल नहीं खोलने पर कड़ा ऐतराज जताया है।

एसोसिएशन के प्रदेश सचिव डॉ. वरुण जैन ने कहा कि कोरोना वायरस के प्रकोप के चलते लगभग पिछले 10 महीनों से हरियाणा के सभी स्कूल बंद है। हालांकि सरकार ने नौवीं से बारहवीं तक के स्कूल खोलने की परमिशन दी है लेकिन प्राइमरी और मिडिल स्कूल को खोलने की परमिशन अभी तक नहीं दी है। जिससे लगता है की सरकार इन बच्चों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है। बच्चे सभी जगह जा रहे हैं तो स्कूल में ही क्यों नहीं आने की परमिशन दी जा रही जबकि अब तो टीकाकरण अभियान भी शुरू हो चूका है। डॉ वरुण जैन ने कहा कि पड़ोसी राज्य पंजाब में पिछले 15 दिनों से मिडिल स्कूल खुलने की परमिशन मिल चुकी है तो फिर हरियाणा में क्यों नहीं दी जा रही। जबकि कोरोना काल में भी पंजाब की अपेक्षा हरियाणा में कोरोना के केस बहुत कम रहे है। जब पंजाब के स्कूलों को परमिशन मिल चुकी है तो हरियाणा के स्कूलों को उनका हक क्यों नहीं दिया जा रहा है। सरकार को इस बात पर तुरंत सोचना चाहिए। बच्चों के स्कूल ना खुलने से अभिभावक,बच्चे,स्कूल संचालक व अध्यापक-अध्यापिकाएं सब परेशान हैं क्यों की बच्चों का लम्बे समय से घर पर रहने से उन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। उन के व्यवहार व दिन-चर्या में भारी गिरावट आ रही है। बच्चो के भविष्य से चिंतित माता-पिता अपने बच्चों को ट्यूशन पर भेजने के लिए मजबूर हैं, जहां दुर्भाग्य से कोई महामारी निवारक मानदंडों का पालन नहीं किया जा रहा है। जब की सभी निजी स्कूल जहा पर नौवीं से बारहवीं तक की कक्षाएं संचालित हैं, वो विभाग के सभी दिशानिर्देश के अनुसार महामारी नियंत्रण के लिए एसओपी का पालन कर रहे हैं। इसलिए सरकार को अविलंब प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को खोलने की परमिशन दे देनी चाहिए। यहां पर यह बात भी वर्णन करने योग्य है कि जिन स्कूलों में 9वी से 12वीं तक की कक्षाएं लग रही हैं वहां पर कोरोना का कोई भी केस नहीं आया है। कहते हैं की बच्चे ही देश का भविष्य हैं लेकिन देश के भविष्य को लेकर सरकार गंभीर नजर नहीं आती या लगता है बच्चों का भविष्य सरकार की प्राथमिकता में नहीं आता है जोकि सरासर गलत है। स्कूल न खुलने से सबसे ज्यादा नुकसान गरीब अभिभावकों के बच्चों का हो रहा है क्योंकि उनके पास ऑनलाइन क्लासेस लगाने के लिए ना तो मोबाइल फोन है ना ही इंटरनेट कनेक्शन है और ना ही कोई गैजेट्स है। जिससे वह ऑनलाइन क्लासेज लेकर अपनी पढ़ाई को नियमित रूप से चला सके। दूर-दराज व ग्रामीण आंचल के लाखो बच्चे ऑनलाइन क्लासेस भी नहीं ले पा रहे है तो इसलिए सरकार से अपील की जाती है कि तुरंत प्रभाव से प्राइमरी और मिडिल स्कूलों को खोलने की परमिशन दी जाए जब की अब स्थितियां भी सामान्य हो चुकी हैं।

# हरियाणा में 28 हजार स्वास्थ्य कर्मियों ने लगवाई वैक्सीन

## गुरुग्राम में सबसे अधिक तो जींद में हुआ सबसे कम टीकाकरण

### दर्जा तीन और चार के कर्मचारी नहीं लगवा रहे टीके

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़



**हरियाणा** में तीन दिन तक चले कोरोना वैक्सीन टीकाकरण अभियान के दौरान अब तक करीब साढे 28 हजार स्वास्थ्य कर्मचारियों को वैक्सीन दी जा चुकी है। इस मामले में साइबर सिटी गुरुग्राम जहां सबसे आगे है वहीं जींद जिला सबसे पीछे है।

हरियाणा में 16 जनवरी से प्रदेशव्यापी कोरोना वैक्सीन टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है। राज्य में 67 लाख लोगों को चरणबद्ध तरीके से वैक्सीन दी जाएगी। इसमें से पहले फेज में 2.25 लाख स्वास्थ्य कर्मियों को वैक्सीन दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मंगलवार तक प्रदेश में कोरोना वैक्सीन लगाने के लिए 227 सत्रों का आयोजन किया गया। जिनमें कुल 28 हजार 685 स्वास्थ्य कर्मियों को कोरोना वैक्सीन दी गई है। हालांकि अभी तक प्रदेश के किसी भी जिले में कोरोना वैक्सीन लेने के बाद किसी की तबीयत बिगडने की सूचना नहीं आई है।

इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत दर्जा तीन व चार श्रेणी के कर्मचारी टीकाकरण अभियान में शामिल नहीं हो रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि 16 जनवरी को इस मुहिम को इसी श्रेणी के कर्मचारियों के माध्यम से शुरू किया गया था। स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक गुरुग्राम में सर्वाधिक 3489, फरीदाबाद में 3121 तथा हिसार में 2964 लोगों को कोरोना वैक्सीन दी जा चुकी है। इस अभियान में शुरू से पिछड़ रहे जींद जिला में अभी तक 367, चरखी-दादरी व कुरूक्षेत्र में 453, तथा रोहतक में 505 लोगों को कोरोना वैक्सीन दी गई है।

स्वास्थ्य विभाग ने प्रदेश के सभी सिविल सर्जनों को निर्देश दिए हैं कि टीकाकरण अभियान को दोबारा शुरू करने से पहले दर्जा तीन व चार के कर्मचारियों को कोरोना वैक्सीन के परिणामों के बारे में बताएं। उन्हें इस बात का अहसास दिलाया जाए कि अभी तक कहीं से भी कोई नेगेटिव प्रभाव सामने नहीं आया है। इस श्रेणी के कर्मचारी लोगों के सीधे संपर्क में रहते हैं इसलिए उन्हें इस अभियान में शामिल करने के निर्देश जारी किए गए हैं।

# हरियाणा पुलिस ने चार गुमशुदा बच्चों को परिवार से मिलाया

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़

### वीडियो क्लिप और फोटो भेजी गई जिसे देखकर परिवार ने बच्चे को पहचान लिया

**हरियाणा** पुलिस ने चार गुमशुदा बच्चों को तलाश कर उन्हें उनके परिवार को सौंपा है। इनमें में दो बच्चे बोलने व सुनने में असमर्थ थे। हरियाणा पुलिस के प्रवक्ता ने बुधवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि राज्य अपराध शाखा की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने विशेष प्रयास कर इन बच्चों का पता लगाया, जो हरियाणा, बिहार और छत्तीसगढ़ से किसी कारण से लापता हो गए थे।

उन्होंने कहा कि पुलिस ने नवंबर 2019 से लापता दिल्ली के नजफगढ़ में एक शेल्टर होम में रह रहे गुरुग्राम के उल्हासनगर निवासी लड़के को परिवार से मिलवाया। यह बच्चा सुनने और बोलने में असमर्थ था। उसके द्वारा बताई गई कुछ सूचनाओं के आधार पर, व्हाट्सएप के माध्यम से बच्चे की एक वीडियो क्लिप और फोटो भेजी गई जिसे देखकर परिवार ने बच्चे को पहचान लिया। हमारी टीमों द्वारा लगाए किए जा रहे विशेष प्रयासों से आखिरकार एक बच्चे को उसके परिवार से फिर मिलवा दिया।

एक अन्य मामले में, एक 13 साल का बच्चा, 2018 से गुरुग्राम से लापता था और दिल्ली के कनॉट प्लेस के चिल्ड्रन होम में रह रहा था। लड़के को केवल अपने पिता के नाम पता था, जो पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग बताया। इससे ज्यादा कुछ नही जानता था। काउंसलिंग के दौरान पता चला कि बच्चे की मां गुरुग्राम में काम करती है। आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के बाद लड़के को मां को सौंप दिया गया। एक और मामले में, 14 साल की एक बच्ची, जो सितंबर 2019 में जिला कटिहार (बिहार) से लापता हो गई थी उसे 15 जनवरी 2021 को उसके परिवार के सौंप दिया गया। पुलिस ने फाजिल्का, पंजाब में संबंधित अधिकारियों से आदेश लिया लेकर नियमानुसार लडकी को सकुशल घरवालों के सुपुर्द कर दिया।

# सिंघु बॉर्डर पर नगर निगम ने करवाई फॉगिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** सोनीपत।



नगर निगम महापौर निखिल मदान के निर्देशानुसार नगर निगम कर्मियों ने राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसान आंदोलन स्थलों पर फोगिंग की।

मदान ने बताया कि राज्यसभा सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के सिंघु बार्डर दौरे में विभिन्न किसान संगठनों ने मक्खियों और मच्छरों की संख्या बढ़ने की समस्या सामने रखी थी। जिससे बीमारियों के फैलने की आशंका थी, इसलिए पिछले दो दिनों में सभी धरना स्थलों पर नगर निगम की और से फोगिंग करवाई गई है। शौचालयों की सफाई व्यवस्था को सुधारने के लिए भी समुचित संख्या में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है। पीने के पानी के लिए भी पर्याप्त मात्रा में वाटर टैंकर लगाए गए हैं। महापौर निखिल मदान ने स्वयं मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लिया और कामों का निरीक्षण किया। निखिल मदान ने सभी निगम वासियों को सिक्खों के दसवें गुरु और परम ज्ञानी गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा सुजान सिंह पार्क में मत्था टेका और आशीर्वाद लिया।

# परिवहन विभाग ने निकाली जागरूकता रैली

## रैली का स्वागत मेयर रेणु बाला गुप्ता और एडीसी वीना हुड्डा ने किया

सड़क सुरक्षा माह

**पायनियर समाचार सेवा।** करनाल



**सड़क** सुरक्षा माह के तहत बुधवार को परिवहन विभाग ने अम्बेडकर चौक से पूरे करनाल में सड़क सुरक्षा के नियमों का संदेश देने के लिए जागरूकता रैली का आयोजन किया। करनाल के एनडीआरआई चौक, पुराने बस स्टैंड, कमेटी चौक, कुंजपुरा रोड फिर अस्पताल चौंक से होते हुए रैली का समापन मंगल सेन ऑडिटॉरियम में हुआ।

करीब 200 से अधिक युवाओं के साथ मंगलसेन ऑडिटोरियम पहुंचे आम लोगों का स्वागत करनाल की मेयर रेणु बाला गुप्ता व करनाल की एडीसी वीना हुड्डा ने किया। मेयर रेणु बाला गुप्ता इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत कर रही थीं। इससे पहले मेयर रेनू बाला गुप्ता ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, ताकि करनाल भर में सड़क सुरक्षा माह-2021 की गूंज सुनाई दे। लोग ट्रैफिक नियमों का पालना करने के लिए खुद एक संकल्प लें। मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि भारत में हर वर्ष करीब 1.5 लाख लोगों की जान सड़क हादसों में चली जाती है। ऐसे में सड़क सुरक्षा माह की महत्वता कितनी अधिक है इस बात का अंदाजा भली भांति लगाया जा सकता है।

कार्यक्रम के समापन में करनाल की एडीसी व आरटीए करनाल वीना हुड्डा ने मेयर को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया व कार्यक्रम में आने पर उनका आभार जताया। बता दें कि 14 जनवरी से 17 फरवरी 2021 तक हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार परिवहन विभाग करनाल लगातार सड़क सुरक्षा सप्ताह को अलग अलग तरीके से मना रहा है ताकि लोगों को अधिक से अधिक संख्या में जागरूक किया जा सके। इससे पहले परिवहन विभाग सड़क सुरक्षा सप्ताह को मनाया करता था।

# सरकार विधायक लीला राम को मंत्रिमंडल में शामिल करे : गौरव पाडला

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल

### कहा : इससे कैथल में इतिहास रचने वाली जनता का भी बढ़ेगा सम्मान

**युवा** भाजपा नेता गौरव मित्तल पाडला ने कहा कि हरियाणा सरकार कैथल से भाजपा विधायक लीला राम को मंत्रिमंडल में शामिल कर कैथल का मान बढ़ाए, ताकि कैथल में इतिहास रचने वाली जागरूक जनता का भी सम्मान बढ़े।

उन्होंने कहा कि जमीन से जुड़े विधायक लीला राम की जनता के कार्यों के प्रति सर्मपण भाव की नीति का हर वर्ग कायल है। यहां बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, लीला राम ने विधायक बनते ही कैथल में हलके में चारों तरफ विकास कार्यों की जो झड़ी लगाकर विपक्षी दलों के मुंह पर ताला जड़ दिया है। हर समय जनता के बीच रहने वाले विधायक लीला राम मौके पर ही जनता की समस्याओं का निदान कर रहे हैं। उसके साथ हर वर्ग के साझे विकास कार्यों के लिए दिल खोलकर ग्रांट वितरित कर रहे है। युवा नेता ने कहा कि विधायक ने जातिपाति की राजनीति को दरकिनार करते हुए हर वर्ग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलते हुए सबके दुख सुख में बराबर के भागीदार बन रहे हैं।

# लोकल फॉर वोकल आत्मनिर्भर बनने का मंत्र : सतीश कुमार

**थानेसर।** भारत के प्रसिद्ध आर्थिक विशेषज्ञ एवं स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह-संगठक सतीश कुमार ने कहा कि कौशल-विकास के द्वारा रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर पैदा किए जा सकते हैं। स्वरोजगार के द्वारा हम भारत को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं। वे मंगलवार को हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद, स्वदेशी स्वावलम्बन न्यास तथा कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के स्वदेशी स्वावलम्बन से आत्मनिर्भरता विषय व आत्मनिर्भर हरियाणा पर सम्बोधित कर रहे थे।

# नप अध्यक्ष ने कंग कालोनी में गली निर्माण कार्य का किया

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र।

**नप** अध्यक्षा उमा सुधा ने कहा कि शहर के सभी वार्डों में विकास कार्य करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से करीब 25 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इन विकास कार्यों को पूरा करने के लिए नगरपरिषद की तरफ से रूप रेखा तैयार कर ली गई है और शीघ्र ही सभी वार्डों में विकास कार्य शुरू हो जाएंगे।

नप अध्यक्षा उमा सुधा बुधवार को कंग कालोनी में गली निर्माण कार्य को लेकर आयोजित कार्यक्रम में बोल रही थी। इससे पहले नप अध्यक्षा उमा सुधा ने 10 लाख की लागत से कंद कालोनी वार्ड नम्बर 11 में बनने वाली मेन गली का नारियल तोडकर विधिवत रूप से निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि शहर के सभी वार्डों को स्वच्छ और सुंदर बनाने की योजना पर काम किया जा रहा है। शहर के सभी सेक्टरों की गलियों, सड़कों और डम्पिंग स्थलों की पूर्णत- सफाई की जाएगी।

# संक्षिप्त समाचार

### कोरोना से संक्रमित आठ नए मामले आए सामने

**कुरुक्षेत्र।** जिला सिविल सर्जन डा. सुखवीर सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र से पांच मरीजों को एक ही दिन में ठीक होने पर अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इसके साथ-साथ कुरुक्षेत्र में कोरोना से संक्रमित 8 नए केस सामने आए है। इतना ही नहीं कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस से संक्रमित अब तक 8576 मरीज ठीक होकर घर लौट गए है। अहम पहलू यह है कि अभी तक लिए गए 193396 में से 183682 सैम्पलों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी हैं। जिले में अब तक 8789 पॉजिटिव केस सामने आ चुके हैं। इनमें से 8576 मरीज ठीक होकर घर जा चुके है और 132 कोरोना पाजिटिव मरीजों की मृत्यु हो चुकी है। इस प्रकार कुरुक्षेत्र में कोरोना वायरस के 81 एक्टिव केस है।

### नशा मुक्त अभियान में स्वयंसेवकों की रहेगी अहम भूमिका : सुरजीत

**कुरुक्षेत्र।** जिला समाज कल्याण अधिकारी सुरजीत कौर ने कहा कि भारत सरकार द्वारा नशा मुक्ति भारत अभियान शुरू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा भारत वर्ष के 272 जिलों को चिन्हित किया गया है, जिसमें हरियाणा के 10 जिलों को भी इस अभियान में शामिल किया गया है। इस अभियान के तहत कुरुक्षेत्र जिले को भी नशा मुक्ति भारत अभियान के तहत चिन्हित किया गया है। वे बुधवार को पंचायत भवन के सभागार में स्वयं सेवकों व नशे के विरूद्ध कार्य करने वाले लोगों को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा पहचान किए गए स्वयं सेवकों को नशा मुक्त भारत के सम्बंध में प्रेरित करने के लिए तथा मास्टर प्रशिक्षण देने के लिए जिला रैडक्रॉस सोसाएटी द्वारा उपलब्ध करवाए गए स्वयं सेवकों तथा डीएलएसए, जिला में कार्यरत नशा मुक्ति केन्द्रों व जिला में पुलिस द्वारा गठित प्रयास संस्था जोकि जिले में नशे के विरूद्ध सराहनीय कार्य कर रहे है इन लोगों का जिले को नशा मुक्त जिला बनाने में अहम योगदान रहा है।

### भाजपा नेता रवि तारांवाली का जताया आभार



**कैथल।** कस्बा सीवन को नगरपालिका का दर्जा दिलवाने के लिए भाजपा नेता रवि तारावली द्वारा किये गए अथक प्रयासों व कठिन परिश्रम के लिए तारावली का उनके निवास पर आभार जताने के लिए सीवन मंडल के कार्यकर्ता कमल शर्मा सीवन, अभिषेक मेहता, कांगथली मंडल अध्यक्ष साहब सिंह शैर, मनप्रीत आर्य, तरसेम सैनी, अनिल सहोता सीवन, मनप्रीत सिंह अपने साथियों सहित पहुंचे। इस अवसर पर पत्रकारों से बात करते हुए रवि तारावली ने कहा की मै सीवन व गुहला के विकास कार्यों के लिए दिन रात एक करता रहूंगा। हरियाणा में गुहला हल्के का नाम विषेश सम्मान के साथ लिया जाये इसके लिए ना रुकूंगा ना झूकूंगा ऐसे ही प्रयास करता रहूंगा।

### गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज ने करवाया ऑनलाइन सेमिनार

**यमुनानगर।** शहर के गुरु नानक गर्ल्स कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की ओर से ऑनलाइन सेमिनार का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष डॉ रमनीत कौर ने बताया कि सेमिनार का आयोजन कॉलेज निदेशक डॉ वरिन्द्र गांधी और प्रिंसिपल डॉ अनु अतरेजा के निर्देशन में किया गया। उन्होंने बताया कि सेमिनार का मुख्य विषय फ्रॉम फेमिनिन टू फेमिनिज्म-जरनी ऑफ वूमन राइटर्स रहा, जिस पर कनाडा से मुख्य वक्ता अमृत कौर, गुरु नानक खालसा कॉलेज, यमुनानगर की पूर्व प्रोफेसर ने अपने विचार प्रस्तुत किए। सेमिनार की शुरूआत कॉलेज निदेशक डॉ वरिन्द्र गांधी द्वारा मुख्य वक्ता का स्वागत कर किया गया। मुख्य वक्ता अमृत कौर ने बताया कि कैसे 21वीं सदी में अंग्रेजी साहित्य नारीवाद पर आधारित हो गया है। भारतीय महिला साहित्यकार इस दौड़ में पीछे नहीं है। भारतीय महिला साहित्यकारों ने भी कई अपनी महत्वपूर्ण कृतियां नारीवाद से संबंधित दी है। सेमिनार का समापन कॉलेज प्रिंसिपल डॉ अनु अतरेजा ने सभी का धन्यवाद करते हुए किया। उन्होंने सेमिनार के सफल आयोजन के लिए अंग्रेजी विभाग के सभी स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से छात्राओं के ज्ञान में वृद्धि होती है। सेमिनार समन्वयक विभा अवस्थी ने बताया कि सेमिनार में अंग्रेजी विभाग के सदस्य दिलशाद कौर, डॉ श्रुति शर्मा, डॉ शेली जैन, दीक्षा भूटानी, गुरजिंदर कौर, बीए ऑनर्स स्कूल ऑफ इंग्लिश और एमए इंग्लिश की छात्राओं ने भाग लिया।

### लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



**थानेसर।** स्थानेश्वर महादेव मंदिर के तत्वावधान, ब्रह्मलीन महंत प्रभातपुरी के आशीर्वाद से और महंत बंसीपुरी की प्रेरणा व उनके सानिध्य में शहर की अग्रणी समाजसेवी संस्था श्रीस्थाणु सेवा मंडल द्वारा डा. दलीप कुमार अध्यक्ष विधि विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व डा. सुनील ढींगरा के सहयोग से लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में दाखिल मरीजों को फल वितरित किये गये। इस अवसर पर मंडल के मुख्य सलाहकार दर्शन पाहवा ने कहा कि श्रीस्थाणु सेवा मंडल पिछले 30 वर्षों से सेवा कार्यों में लगा है, जिसके अंतर्गत शहर भर में अनेक सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। महासचिव अजय शर्मा ने कहा कि मंडल द्वारा लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल मे मरीजों के लिये निरंतर दलिया खिचड़ी वितरण, शहर भर में पेयजल की व्यवस्था के लिए वाटर कूलर, सिलाई कड़ाई व ब्यूटीशियन सेंटर, समय-समय पर मेडिकल कैम्प, जरूरतमंद कन्याओं के विवाह सहित अनेक सामाजिक कार्य किये जा रहे हैं। प्रधान रमेश वर्मा ने बताया कि लाकडाउन के दोरान अग्रिम पंक्ति में खड़े होकर कोरोना योद्धाओं का उत्साह वर्धन करने के लिये मंडल द्वारा अनेक समाज सेवियों, स्वास्थ्य कर्मियों व विभिन्न नाकों पर तैनात पुलिसकर्मियों को मंडल द्वारा सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर मंडल के प्रधान रमेश वर्मा, महासचिव अजय शर्मा, दर्शन पाहवा, रमेश सचदेवा, गोपाल शर्मा, हरबंस मुंजाल, दिनेश गाबा, नाथी राम गुप्ता उपस्थित रहे।

# स्व. शमशेर सिंह सुरजेवाला की प्रथम पुण्यतिथि पर हुई श्रद्धांजलि सभा

## स्व. शमशेर सिह सुरजेवाला ने हमेशा किसान मजदूर के हकों के लिए लड़ाई लड़ी : शैलजा

**पायनियर समाचार सेवा।** कैथल/कुरूक्षेत्र

**ढांड** रोड स्थित किसान भवन पर किसान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष व हरियाणा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष स्व. शमशेर सिह सुरजेवाला की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि एव्म प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें हरियाणा व अन्य राज्यों से वरिष्ठ नेतागण व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। वैसा ही एक कार्यक्रम कुरुक्षेत्र में भी आयोजित किया गया।

कैथल में इस मौके पर हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी विवेक बंसल, हरियाणा कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्षा कुमारी शैलजा, पंजाब से विधायक अमरिंद्र आंवला, विधायक शमशेर गोगी, विधायक रणधीर गोलन, पूर्व मंत्री अशोक अरोडा, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश जेपी, पूर्व मंत्री कृष्ण मुर्ति हुड्डा, पूर्व सीपीएस रामपाल माजरा, पूर्व सीपीएस सुल्तान जडौला, पूर्व मंत्री शिवशंकर भारद्वाज, पूर्व मंत्री रामभज लोधर, पूर्व मंत्री बलबीर सैनी,पूर्व मंत्री राजकुमार बाल्मिकी, पूर्व विधायक अनिल धंतौडी, पूर्व विधायक सूबे सिह पुनिया, पूर्व विधायक भाग सिह छात्तर, पूर्व विधायक दिल्लूराम बाजीगर, पूर्व विधायक रमेश गुप्ता, पूर्व विधायक बूटा सिह, सतबीर भाणा, विद्या दनौदा, बोबी मान, गगन संधू, राष्ट्रीय मीडिया सचिव डॉ विनीत पुनिया कांग्रेस राष्ट्रीय मुख्य मीडिया समन्वयक प्रवक्ता संजीव सिह, राष्ट्रीय मीडिया कोर्डिनेटर राधिका खेडा, कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय छौक्कर, बिजेंद्र सुरजेवाला, सुदीप सुरजेवाला, पूनम चौहान, कांग्रेस सेवादल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता शर्मा, हरियाणा किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष धर्मवीर कौलेखा, हरियाणा कृषक समाज के अध्यक्ष ईश्वर नैन, राव अर्जुन सिह, हरियाणा युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष अनंत दहिया, कृषक समाज युवा अध्यक्ष विरेंद्र जागलान, भारतीय अग्रवाल समाज के प्रदेशाध्यक्ष राजकुमार गोयल,महंत शुक्रायु नाथ, अनिल तिवारी, सुरेश गुप्ता, जगदीश मंडोलीवाला, सतबीर पहलवान, सतपाल कौशिक, सुख्बीर धानक, भूपेंद्र फौगाट, विजय बंसल, सुरेश रोड, होशियारी लाल शर्मा, बृजलाल बहबल्पुरिया, राजेश संदलाना, बलजिंद्र ठरवी, अमन चीमा, नाहर संधू, इब्राहिम इंजिनियर, रघुवीर भारद्वाज, प्रदीप जैलदार, शालिका कुराना, सुरेश यूनिसपुर, सतबीर झुकिया, कुलताज, हेमंत अत्री, सतेंद्र मोर, रघुबीर सैनी, परमजीत राणा, नरेश भनवाला, विरेंद्र तिवेतिया, रणबीर पहलवान, अशोक मलिक, काला पिंडारा, रामफल कूंडू, बलराज यादव, सोमवीर पहलवान, अशोक आर्य, रामचंद्र गुर्जर, सरदार निरवेल सिह, रामबहादुर खुरानिया, सुरजीत बहादुर खुरानिया, लाला अमरनाथ भगत, सुरेश गर्ग चौधरी, सतीश बंसल, नरेंद्र मिगलानी, रामनिवास मित्तल, कालू शोरेवाला, सुरेश कश्यप, सुशील छाबडा, तरसेम गर्ग, उर्मिल कोलिया, धर्मवीर सैनी, बहादुर सैनी, सुरेंद्र रांझा, आर के निझावन, राजन मिगलानी, संजीव छौत, मदन गुर्जर, पूर्व पार्षद विक्की शर्मा, धर्मवीर कैमिस्ट, रामकुमार बंसल, महेश गोगिया, राकेश बहादुर, जिप्पी शोरेवाला, हरिश गर्ग, सुरेंद्र जांगडा, रमेश जोगी, कविश मिड्ढा, सोनू सेठ, हर्षु नारंग, रामपाल बरसाना, रोशन पाडला, इंद्र नौच, राजपाल चहल, मोहन शर्मा,रामनिवास दिल्लोवाली, सरदार सुरजीत सांगन, सुभाष बुढाखेडा, सुनील सरपंच कुतुबपुर, रनबीर गुर्जर,प्रवीण नैन, रामफल मोहना, सहित पडोसी प्रदेश के अनेक नेता व कार्यकर्ताओ ने स्व. शमशेर सुरजेवाला की प्रतिमा पर पुष्प चढाकर श्रद्धांजलि दी।



कैथल किसान भवन में पहुंची कुमारी शैलजा और अन्य।

हरियाणा कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शैलजा ने कहा कि आज स्व. शमशेर सिह सुरजेवाला को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। शमशेर सुरजेवाला ने हमेशा किसान मजदूर के हकों के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने हमेशा राष्ट्रीय स्तर, सामाजिक स्तर व पार्टी स्तर पर हमेशा जनसेवा में अपनी भागेदारी पेश की है। इसके इलावा उन्होंने कांग्रेस पार्टी को भी एक नई दिशा दी। वो हमेशा लोगों को साथ लेकर चले।

# श्रीश्याम ताली कीर्तन आयोजित

**कुरुक्षेत्र।** समस्त श्यामप्रेमी परिवार कुरुक्षेत्र ने नया बस स्टैंड के शिव मंदिर में 223वां श्रीश्याम ताली कीर्तन किया गया। कार्यक्रम में गायक हर्ष गोयल सहित श्याम प्रेमियों ने बारी-बारी से भजन सुनाए।

खाटू श्याम कथा में बताया गया कि खाटू श्यामजी हारे के सहारे के नाम से जगत में विख्यात हैं। दिनोंदिन श्यामप्रेमियों की संख्या बढ़ती जा रही है, जगह-जगह श्यामजी का प्रचार-प्रसार हो रहा है। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को श्याम प्रेमियों का जत्था अपने अपने वाहनों से श्रीखाटू श्याम धाम (राजस्थान) रवाना होगा। श्याम आरती में पुजारी रमण शर्मा, दिनेश गोयल, अरुण गोयल, अनिल मित्तल, गौरव गुप्ता, अनिल गर्ग, संजय चौधरी, अमित जिंदल, सुमित सिंगला, शंटी सिंगला, मोहित तायल, योगेंद्र अग्रवाल, अजय गुप्ता, सतपाल गर्ग, अजय परूथी सहित अन्य शामिल रहे।

### गणतंत्र दिवस पर किसानों की ट्रैक्टर रैली

# पुलिस अधिकारियों से मिलेंगे किसान नेता

## किसान नेता कलवंत सिंह संधू बोले, रैली के मार्ग और अन्य मुद्दों पर करेंगे चर्चा

एजेंसी। नई दिल्ली



**किसान** संगठनों के नेता तीन कृषि कानूनों के खिलाफ 26 जनवरी को प्रस्तावित अपनी ट्रैक्टर रैली के लिए मार्ग और इंतजामों पर चर्चा करने के लिए बुधवार को दिल्ली, हरियाणा और उत्तरप्रदेश पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ मुलाकात करेंगे। एक किसान नेता ने ये जानकारी दी। राष्ट्रीय राजधानी की अलग-अलग सीमाओं पर किसान पिछले 56 दिनों से तीन कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं। गतिरोध दूर करने के प्रयासों के तहत 40 किसान संगठनों के नेता बुधवार दोपहर में तीन केंद्रीय मंत्रियों के साथ 10 वें दौर की वार्ता करेंगे। जमूरी किसान यूनियन के नेता कलवंत सिंह संधू ने बताया, बलबीर सिंह राजेवाल समेत किसान नेताओं का एक समूह तीनों कृषि कानूनों के खिलाफ गणतंत्र दिवस पर विरोध प्रदर्शन के लिए रैली के मार्ग और अन्य इंतजामों को लेकर दिल्ली पुलिस के शीर्ष अधिकारियों के साथ वार्ता करेगा।

सूत्रों ने बताया कि संयुक्त पुलिस आयुक्त (उत्तरी रेंज) एस एस यादव दिल्ली पुलिस से बैठक का समन्वय करेंगे। सूत्रों के मुताबिक हरियाणा और उत्तरप्रदेश के पुलिस अधिकारी भी बैठक में मौजूद रहेंगे। आंदोलन कर रहे किसान संगठनों ने कहा है कि ट्रैक्टर रैली के लिए उनकी तैयारियां चल रही है और प्रशासन को शंतिपूर्ण मार्च की अनुमति देनी चाहिए।

# किसानों ने शुरू की कपड़े इस्त्री करने की व्यवस्था

### ऑटो रिक्शा चलाने वाले सरवन सिंह ने प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए इस्त्री करने की सेवा शुरू की

एजेंसी। नई दिल्ली



**नए** कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली के निकट सिंघू बॉर्डर पर प्रदर्शन कर रहे किसानों ने धुले हुए कपड़ों को तेजी से सुखाने के लिए इस्त्री करने की व्यवस्था शुरू की है।

दरअसल सर्दियों के इस मौसम में अच्छी तरह धूप नहीं निकलने के कारण धुलाई के बाद कपड़ों को सूखने में काफी समय लगता है। अमृतसर में ऑटो रिक्शा चलाने वाले सरवन सिंह ने प्रदर्शनकारियों की मदद के लिए इस्त्री करने की सेवा शुरू की है। उनका कहना था कि आंदोलन का हिस्सा होना जरूरी है, हालांकि उनके बच्चे चाहते हैं कि वह घर लौट जाएं।

उन्होंने कहा, बारिश होने के बाद हमें महसूस हुआ कि धुलाई के बाद कपड़ों को सुखाने में बहुत समय लगता है। इसलिए हमने सोचा कि कुछ इस्त्री लाने से समस्या का समाधान हो जाएगा। सिंह एक हफ्ते पहले प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे हैं। उनका कहना था, यह विरोध प्रदर्शन सबके लिए है। मैं आंदोलनकारियों की मदद करना चाहता था और इसलिए हमने इस्त्री करने का इंतजाम किया। प्रदर्शन स्थल पर एक स्टाल लगाकर तीन-चार लोग इस्त्री करने के काम में लगे हुए हैं। वे चार-चार घंटे की पालियों में काम कर रहे हैं। यह स्टाल दिन में 10 घंटे खुला रहता है। लुधियाना के सेवा सिंह भी इस काम में हाथ बंटा रहे हैं। उन्होंने कहा, हमें चार घंटों के भीतर करीब 200-250 कपड़े प्रेस करने के लिए मिलते हैं।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के 6.1 लाख लाभार्थियों को शुभ हो नया मकान

# पिछले चार वर्षों में उत्तर प्रदेश को नई पहचान, नई उड़ान मिली: मोदी

## प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर लाखों लाभार्थियों के लिए आवास को वित्तीय सहायता जारी कर कहा

एजेंसी। दिल्ली/लखनऊ

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार की योजनाओं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार की सक्रियता की वजह से पिछले चार वर्षों में उत्तर प्रदेश को एक नई पहचान और नई उड़ान मिली है। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को करीब 2691 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि जारी करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में विकास की योजनाओं को तेज गति से अमली जामा पहनाने और अपराधियों व दंगाइयों पर सख्ती के लिए योगी सरकार की जमकर सराहना की।

वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर योजना के लाखों लाभार्थियों के लिए वित्तीय सहायता जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया और उन्हें नए मकान की शुभकामनाएं भी दी। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर और उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए।



प्रधानमंत्री ने कहा कि 2016 में शुरु हुई इस योजना ने देश के गांव की तस्वीर बदलनी शुरू कर दी है और उनकी सरकार की कोशिश है कि मूलभूत सुविधाओं में गांव और शहर के बीच का अंतर कम किया जा सके। उन्होंने कहा, गांव में सामान्य व्यक्ति के लिए भी जीवन उतना ही आसान हो जितना बड़े शहरों में है। प्रधानमंत्री आवास योजना को शौचालय, बिजली और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि बीते चार वर्षों में उत्तर प्रदेश की सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जिस तेजी से आगे बढ़ाया है, उससे राज्य को एक नई पहचान भी मिली है और नई उड़ान भी मिली है। उन्होंने कहा, एक तरफ अपराधियों और दंगाइयों पर सख्ती और दूसरी तरफ कानून व्यवस्था पर नियंत्रण। एक तरफ अनेक एक्सप्रेस वे का तेजी से चल रहा काम, तो दूसरी तरफ एम्स जैसे बड़े संस्थान। मेरठ एक्सप्रेस वे से लेकर बुंदेलखंड गंगा एक्सप्रेस वे तक उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज करेंगे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि यही वजह है कि आज उत्तर प्रदेश में बड़ी-बड़ी कंपनियां भी आ रही हैं और छोटे छोटे उद्योगों के लिए भी रास्ते खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के क्रियान्वयन में हीला-हवाली के लिए उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती समाजवादी सरकार को आड़े हाथों लेते हुए मोदी ने कहा कि पहले गरीबों को यह विश्वास ही नहीं था कि सरकार भी घर बनाने में उसकी मदद कर सकती है। उन्होंने कहा, जो पहले की आवास योजनाएं थीं और उसके तहत जिस स्तर के घर बनाए जाते थे, वह भी किसी से छिपा नहीं है। गलती गलत नीतियों की थी लेकिन नियति के नाम पर गरीबों को भुगतना पड़ता था। उन्होंने कहा, मुझे याद है 2016 में हमने जब इस योजना की शुरूआत की थी तो कितनी परेशानी आई थी। पहले जो सरकार थी उसे कितनी ही बार भारत सरकार की तरफ से चिट्ठियां लिखी गई थी। लेकिन वह इसे नजरअंदाज करती रही। उस सरकार को आज भी उत्तर प्रदेश का गरीब भुला नहीं है।

उन्होंने कहा कि आज योगी आदित्यनाथ की सरकार की वजह से यहां आवास योजना के काम की गति भी बदल गई और तरीका भी बदल गया है। उन्होंने कहा, आज उत्तर प्रदेश में करीब 22 लाख ग्रामीण आवास बनाए जाने हैं। इनमें से 21.5 लाख घरों को बनाए जाने की स्वीकृति भी दी जा चुकी है। प्रधानमंत्री द्वारा बुधवार को जारी वित्तीय सहायता में 5.30 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त और 80 हजार लाभार्थियों को जारी दूसरी किस्त शामिल है। ये 80 हजार लाभार्थी पहली किस्त का लाभ ले चुके हैं।


### योजनाओं को जिस तेजी से आगे बढ़ाया है

**चार** वर्षों में उत्तर प्रदेश की सरकार ने केंद्र सरकार की योजनाओं को जिस तेजी से आगे बढ़ाया है, उससे राज्य को एक नई पहचान भी मिली है और नई उड़ान भी मिली है। उन्होंने कहा, एक तरफ अपराधियों और दंगाइयों पर सख्ती और दूसरी तरफ कानून व्यवस्था पर नियंत्रण। एक तरफ अनेक एक्सप्रेस वे का तेजी से चल रहा काम, तो दूसरी तरफ एम्स जैसे बड़े संस्थान। मेरठ एक्सप्रेस वे से लेकर बुंदेलखंड गंगा एक्सप्रेस वे तक उत्तर प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज करेंगे।

# मराठा आरक्षण : सुप्रीम कोर्ट पांच को याचिकाओं की सुनवाई की तारीख तय करेगा

एजेंसी। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह शिक्षा और नौकरियों में मराठा आरक्षण प्रदान करने के महाराष्ट्र के 2018 के कानून से जुड़ी याचिकाओं की सुनवाई की तारीख पर पांच फरवरी को फैसला करेगा। राज्य सरकार ने अनुरोध किया था कि न्यायालय कक्षों में प्रत्यक्ष सुनवाई की व्यवस्था बहाल होने पर इस तरह के मामले को सुना जाए जिसके बाद उच्चतम न्यायालय ने यह फैसला किया।



उच्चतम न्यायालय कोविड-19 महामारी के कारण पिछले साल मार्च से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए मामलों की सुनवाई कर रहा है। न्यायमूर्ति अशोक भूषण की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय संविधान पीठ को महाराष्ट्र की तरफ से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने बताया कि राज्य ने सुनवाई स्थगित करने और मार्च में इस पर सुनवाई का अनुरोध किया है। रोहतगी ने पीठ से कहा, आज के समय में प्रत्यक्ष सुनवाई खतरनाक है।

पीठ में न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर, न्यायमूर्ति हेमंत गुप्ता और न्यायमूर्ति एस रवींद्र भट भी शामिल हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सुनवाई के दौरान रोहतगी ने कहा कि राज्य के विरूद्ध अंतरिम आदेश लागू है और उपयुक्त होगा कि न्यायालय कक्षों में प्रत्यक्ष तरीके से सुनवाई बहाल होने पर इस तरह के मामलों की सुनवाई की जाए। उन्होंने कहा कि देश में कोविड-19 का टीकाकरण शुरू हो गया है और 60 साल या ज्यादा उम्र के न्यायाधीशों और वकीलों के टीकाकरण में छह से आठ हफ्ते का समय लग सकता है। इसलिए, सुनवाई मार्च में की जाए।

पीठ ने कहा, हम दो हफ्ते बाद फैसला करेंगे कि क्या किया जा सकता है। साथ ही कहा, दो हफ्ते बाद हम निर्देशों के लिए तारीख तय करेंगे। तब हम सुनवाई की तारीख का भी फैसला करेंगे। पीठ ने मामले को पांच फरवरी के लिए सूचीबद्ध किया और कहा कि वह सुनवाई की तारीखों पर फैसला करेगी। पिछले साल नौ दिसंबर को उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि महाराष्ट्र के 2018 के कानून से जुड़े मुद्दे पर त्वरित सुनवाई करनी होगी। महाराष्ट्र में नौकरियों और दाखिले में मराठा समुदाय के लोगों को आरक्षण देने के लिए सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़ा वर्ग (एसईबीसी) कानून, 2018 को लागू किया गया था।

## संक्षिप्त समाचार

### अरुणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का निधन

**लखनऊ।** अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल माता प्रसाद का मंगलवार को आधी रात के बाद राजधानी के संजय गांधी स्नातकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में निधन हो गया। वह 95 साल के थे। एसजीपीजीआई द्वारा जारी एक बयान के मुताबिक अरूणाचल प्रदेश के पूर्व राज्यपाल 95 वर्षीय माता प्रसाद का मंगलवार रात 12 बजकर 10 मिनट पर निधन हो गया। बयान में कहा गया है कि उन्हें 19 जनवरी को एसजीपीजीआई में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था। इसमें कहा गया है कि उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया लेकिन चिकित्सकों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नही जा सका।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कृषि कानूनों के खिलाफ किया प्रदर्शन

**बेंगलुरु।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं और किसानों ने बेंगलुरु में बुधवार को केन्द्र के नए कृषि कानूनों के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के कारण कई इलाकों में यातायात प्रभावित हुआ। कृषि कानूनों के खिलाफ कांग्रेस के प्रदर्शन के मद्देनजर पहले ही सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे और सड़कों पर अवरोधक भी लगाए गए थे। राजभवन की घेराबंदी करने के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार के आह्वान के बाद राज्य के विभिन्न हिस्सों से पार्टी कर्याकर्ता यहां पहुंचे। उन्होंने प्रदर्शन करने और फिर राज्यपाल वजुभाई वाला को एक ज्ञापन सौंपने की योजना बनाई है। शिवकुमार ने प्रदर्शन स्थल फ्रीडम पार्क जाने से पहले राज्य सरकार पर प्रदर्शनकारियों को राज्य की राजधानी आने से रोकने का आरोप लगाया। शिवकुमार ने एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया, मुझे कई फोन आ रहे हैं कि पुलिस किसानों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं को कल रात से ही रोक रही है। शहर में आने से जिन लागों को रोका जा रहा है, शिवकुमार ने उनसे राजमार्ग जाम कर प्रदर्शन करने की अपील की। उन्होंने कहा, बेंगलुरु रेलवे स्टेशन पहुंचें और हम जरूर राज भवन घेरेंगे। इस बीच, भाजपा ने प्रदर्शन का उपहास किया और आरोप लगाया कि अपने शासन काल में किसानों के आत्महत्या करने के लिए जिम्मेदार रही कांग्रेस आज केन्द्र के किसान समर्थक कानूनों का विरोध कर नौटंकी कर रही है। भगवा पार्टी ने ट्वीट किया, किसानों के आत्महत्या करने की घटनाएं ना बढ़ी होती, अगर आपने किसानों का साथ दिया होता।

### भारत-उज्बेकिस्तान सौर ऊर्जा के एमओयू से कराया अवगत

**नई दिल्ली।** भारत और उज्बेकिस्तान के बीच सौर ऊर्जा के क्षेत्र में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए जाने के बारे में केंद्रीय मंत्रिमंडल को बुधवार को अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह जानकारी दी गई। सरकारी बयान के अनुसार, इस समझौता ज्ञापन के तहत कार्य का मुख्य क्षेत्र राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (एनआईएसई), नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, भारत तथा अंतर्राष्ट्रीय सौर ऊर्जा संस्थान (आईएसईआई) उज्बेकिस्तान के बीच परस्पर चिह्नित अनुसंधान/प्रदर्शन/पायलट परियोजनाओं की पहचान और कार्य करना है। इसमें सोलर फोटोवोल्टिक, भंडारण प्रौद्योगिकियां, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण जैसे विषय शामिल हैं। इसके तहत परस्पर अनुबंध के आधार पर दोनों पक्ष अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) सदस्य देशों में पायलट परियोजना के कार्यान्वयन और तैनाती के लिए कार्य करेंगे।

### ड्रैगन फ्रूट का नाम बदलकर कमलम करने का फैसला किया

**गांधीनगर।** गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने कहा है कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम बदलकर कमलम करने का फैसला किया है। रूपाणी ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि राज्य सरकार ने ड्रैगन फ्रूट का नाम कमलम करने के पेटेंट के लिए आवेदन किया है। कच्छ, नवसारी और सौराष्ट्र के विभिन्न भागों में इसकी पैदावार होती है। उन्होंने कहा, ड्रैगन फ्रूट नाम ठीक नहीं है और इसके नाम के कारण लगता है कि यह चीन का फल है। इसलिए हमने इसका नाम कमलम करने का फैसला किया है। फल का नाम कमलम क्यों रखा गया है, यह पूछे जाने पर रूपाणी ने कहा, किसानों का कहना है कि यह कमल के फूल की तरह दिखता है और इसी वजह से हमने इसे कमलम नाम देने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि कमल भाजपा का चुनाव चिह्न है और पार्टी की गुजरात इकाई के मुख्यालय का नाम श्री कमलम है।रूपाणी ने कहा कि फल का नाम बदलने के पीछे कोई राजनीतिक सोच नहीं है। नाम बदलने की जरूरत के बारे में पूछे गए सवाल पर रूपाणी ने कहा कि राज्य के बंजर क्षेत्रों में इस फल की पैदावार होती है और यह फल शरीर में खून बढ़ाने में सहायक होता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस समय बाजार में उपलब्ध यह सबसे महंगा फल है।कैक्टस प्रजाति के पौधों में यह फल उगता है और शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बेहतर करने के लिए लोग इसे खाते हैं।

### कमजोर मांग से रिफाइंड सोया तेल वायदा कीमतों में गिरावट

**नई दिल्ली।** हाजिर बाजार की कमजोर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में बुधवार को रिफाइंड सोया तेल का दाम 5.1 रुपये की गिरावट के साथ 1106 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। नेशनल कमोडिटी एण्ड डेरिवेटिव्ज एक्सचेंज में जनवरी माह में डिलीवरी के लिए रिफाइंड सोया तेल के वायदा अनुबंध का भाव 5.1 रुपये यानी 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1,106 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। इस अनुबंध में 8,340 लॉट के लिए सौदे किए गए। रिफाइंड सोया तेल के फरवरी महीने में डिलीवरी किए जाने वाले वायदा अनुबंध का भाव 13.8 रुपये यानी 1.28 प्रतिशत की गिरावट के साथ।,068 रुपये प्रति 10 किग्रा रह गया। इस अनुबंध में 38,025 लॉट के लिए सौदे किए गए बाजार विश्लेषकों ने कहा कि पर्याप्त स्टॉक के मुकाबले कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से मुख्यत: यहां वायदा कारोबार में रिफाइंड सोया तेल कीमतों में गिरावट आई।

### ट्रंप ने कैपिटल पर हमले के लिए उकसाया : मैक्कोनेल

**वाशिंगटन।** रिपब्लिकन सीनेटर मिच मैक्कोनेल ने मंगलवार को निवर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर सीधा निशाना साधते हुए उन्हें कैपिटल (अमेरिकी संसद भवन) पर हमले के लिए जिम्मेदार ठहराया। कहा कि भीड़ झूठ से प्रभावित थी तथा राष्ट्रपति एवं अन्य ने उसे नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जो बाइडन की जीत को पलटने के लिए उकसाया। ट्रंप पर ऐतिहासिक द्वितीय महाभियोग सुनवाई से पहले मैक्कोनेल की सार्वजनिक रूप से की गई यह टिप्पणी काफी महत्वपूर्ण है। मैक्कोनेल ने कहा, भीड़ झूठ से प्रभावित थी। उसे राष्ट्रपति और अन्य शक्तिशाली लोगों ने भड़काया तथा उन्होंने संघीय सरकार की उस विशिष्ट कार्यवाही को रोकने के लिए भय और हिंसा का इस्तेमाल करने की कोशिश की, जो उन्हें पंसद नहीं थी। रिपब्लिकन नेता ने कैपिटल में बाइडन के सुरक्षित और सफल शपथग्रहण का संकल्प भी लिया।

## महाराष्ट्र : पुलिस ने दो महिलाओं को खुदकुशी करने से बचाया

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** महाराष्ट्र में पुलिस ने दो स्थानों पर आत्महत्या करने की कोशिश कर रही दो महिलाओं को बचाया। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दोनों घटनाएं मंगलवार की हैं और दोनों महिलाएं घरेलू विवाद या किया अन्य कारण की वजह से अवसाद में थी।

टिटवाला थाने के एक सहायक पुलिस निरीक्षक ने बताया कि वह रायता ब्रिज से गुजर रहे थे, जब उन्होंने एक महिला को वहां देखा। अधिकारी ने बताया कि जैसे ही महिला नदी में कूदी, उसकी साड़ी पुल के एक खंभे की एक छड़ में अटक गई। वह अपनी साड़ी खींचने की कोशिश करने लगी। तभी पुलिस ने वहां पहुंच कर उसे बचा लिया। उन्होंने बताया कि महिला ने बाद में पुलिस को बताया कि वह जिंदगी से परेशान हो गई है और इसलिए आत्महत्या करना चाहती थी। इस बीच, मीरा-भयंदर वसई-विरार (एमबीवीवी) पुलिस आयुक्तालय ने बताया कि 45 वर्षीय एक महिला मंगलवार दोपहर पुल से वर्सोवा खाड़ी में कूद गई थी।

# विधान परिषद में वीर सावरकर का चित्र लगाने पर कांग्रेस का एतराज

एजेंसी। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान परिषद में चित्र वीथिका में वीर सावरकर का चित्र लगाने को लेकर कांग्रेस ने कड़ा एतराज जताया है। परिषद में पार्टी के नेता दीपक सिंह ने सभापति रमेश यादव को पत्र लिखकर सावरकर के कार्यों को देश विरोधी बताया और वीर सावरकर का चित्र हटाकर उसे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में लगाने की मांग की है।

सभापति रमेश यादव ने प्रमुख सचिव को तथ्यों की जांच करने के निर्देश दिए हैं। दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को विधान परिषद में चित्र वीथिका का अनावरण किया था। उत्तर प्रदेश विधान परिषद का सुंदरीकरण कराने के साथ ही वहां चित्र वीथिका (पिक्चर गैलरी) बनाई गई है, जिसमें तमाम स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों के चित्र लगाए गए हैं, इसमें वीर सावरकर का चित्र भी शामिल है। कांग्रेस से विधान परिषद सदस्य दीपक सिंह ने मंगलवार को सभापति को पत्र लिखकर कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों के बीच सावरकर का चित्र लगाना स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और महापुरुषों का अपमान है। सिंह ने पत्र में कहा कि वीर सावरकर जी ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की आजाद हिन्द फौज के विरुद्ध अंग्रेजों से मिलकर युद्ध किया, अपने समर्थकों को अंग्रेजी सेना में भर्ती करा कर नेता जी सुभाष चंद्र बोस के खिलाफ युद्ध में अंग्रेजों की मदद की।

अंग्रेजों की बांटो और राज करो नीति में हिंदू मुस्लिम के बीच लड़ाई करवाकर अंग्रेजों की मदद की। मोहम्मद अली जिन्ना ने दो राष्ट्र की बात की तो सावरकर जी ने भी अपने अहमदाबाद के अधिवेशन में दो राष्ट्र की बात की। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के सभापति और मुख्यमंत्री ने मंगलवार को विधान परिषद के सौंदर्यीकरण कार्यों का लोकार्पण एवं चित्र वीथिका के उद्घाटन के साथ ही परिषद के वर्तमान सदस्यों की पट्टिका का अनावरण भी किया था।

# केरल के मुख्य सचिव ने सीमा शुल्क अधिकारियों के उत्पीड़न पर केंद्र सरकार को लिखा पत्र

एजेंसी। तिरुवनंतपुरम

**केंद्रीय** एजेंसी के खिलाफ एक और शिकायत में केरल के मुख्य सचिव विश्वास मेहता ने सीमा शुल्क विभाग पर हाल में राज्य सरकार के अधिकारी का उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए केंद्र सरकार को पत्र लिखा है। निष्पक्ष एवं समयबद्ध तरीके से इस मामले की जांच कराए जाने की मांग की है।



मेहता ने इस संबंध में नौ जनवरी को पत्र भेजा था। राज्य के सहायक प्रोटोकॉल अधिकारी एम एस हरिकृष्णन पांच जनवरी को कोच्चि में सीमा शुल्क विभाग के सामने पेश हुए थे। केंद्रीय एजेंसी ने सोना तस्करी के एक मामले में हरिकृष्णन को समन जारी किया था। तिरुवनंतपुरम लौटने पर सात जनवरी को हरिकृष्णन ने सीमा शुल्क अधिकारियों के सामने पेशी के बारे में मुख्य सचिव को रिपोर्ट भेजी थी। रिपोर्ट में उन्होंने सीमा शुल्क अधिकारियों पर उनसे अनुचित व्यवहार करने, गलत तरीके से पेश आने और धमकी देने का आरोप लगाया था।

मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने बुधवार को राज्य विधानसभा में माकपा के वी जॉय के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर मुख्य सचिव के लिखे पत्र के बारे में जानकारी दी। पत्र में मुख्य सचिव ने दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की मांग की ताकि इस तरह की घटना फिर से नहीं हो। उन्होंने घटना के संबंध में निष्पक्ष और समय पर जांच पूरी करने की भी मांग की।

विजयन ने कहा, इस तरह के अविवेकपूर्ण, गैरकानूनी और अनुचित व्यवहार से हमारे अधिकारियों का मनोबल गिरेगा। उन्होंने कहा कि ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हों, इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री विजयन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य में मौजूद केंद्रीय एजेंसियों पर नियंत्रण लगाने का अनुरोध किया है। केरल के सोना तस्करी के मामले में केंद्रीय एजेंसियां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) भी जांच कर रही है।

# अर्नब की व्हाट्सएप बातचीत मामले की जांच हो, संसद में उठाएंगे मुद्दा: कांग्रेस

## कांग्रेस के नेताओं ने देश की सेना और सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक करना राष्ट्र विरोधी कृत्य एवं राष्ट्रद्रोह बताया

एजेंसी। नई दिल्ली।

**कांग्रेस** ने रिपब्लिक टीवी के प्रधान संपादक अर्नब गोस्वामी की कथित व्हाट्सएप बातचीत के मामले की जांच की मांग करते हुए बुधवार को कहा कि देश की सेना एवं सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक करना राष्ट्र विरोधी कृत्य एवं राष्ट्रद्रोह है। वह इस मुद्दे को संसद के आगामी सत्र में उठाएगी।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एके एंटनी, सुशील कुमार शिंदे, गुलाम नबी आजाद और सलमान खुर्शीद ने इस विषय को लेकर सरकार पर निशाना साधा और यह भी कहा कि बालाकोट एयर स्ट्राइक जैसे अभियान की जानकारी सरकार में शीर्ष पदों पर बैठे कुछ लोगों को होती है और ऐसे में इसका पता लगना चाहिए कि यह संवेदनशील जानकारी कैसे लीक हुई।



पूर्व रक्षा मंत्री एंटनी ने संवाददाताओं से कहा, ए व्हाट्सएप बातचीत पूरे देश के लिए चिंता का विषय है। हर देशभक्त भारतीय स्तब्ध है क्योंकि यह राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय है। यह हमारे सशस्त्र बलों खासकर वायु सेना के जवानों की सुरक्षा से जुड़ा है।

उनके मुताबिक, देश के आम लोगों और राजनीतिक दलों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद हो सकते हैं, लेकिन जब राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा विषय आता है तो फिर पूरा देश एक होता है।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी और बहुत संवेदनशील जानकारी कुछ ऐसे लोगों के पास थी जिनके पास नहीं होनी चाहिए। शहीद जवानों के बारे में जिस भाषा का इस्तेमाल किया गया उससे मैं बहुत दुखी हूं। पूर्व रक्षा मंत्री ने सवाल किया, सरकार में शीर्ष पदों पर बैठे सिर्फ चार-पांच लोगों को इस तरह के अभियान के बारे में पता होता है, ऐसे में बालाकोट एयर स्ट्राइक से कुछ दिनों पहले एक पत्रकार को इस बारे में कैसे पता चला?

उन्होंने कहा, गोपनीय जानकारी लीक करना एक आपराधिक कृत्य है। सेना और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी जानकारी लीक करना राष्ट्र विरोधी कृत्य और राष्ट्रद्रोह है। इस तरह की राष्ट्र विरोधी गतिविधियों की जांच जरूरी है। पूर्व गृह मंत्री सुशील कुमार शिंदे ने कहा, संसद में इस मुद्दे को उठाएंगे। सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत जो करना चाहिए था वो नहीं किया। मुझे उम्मीद है कि जांच होगी और जो गुनाह हुआ है उसकी सजा मिलेगी। पूर्व कानून मंत्री सलमान खुर्शीद ने व्हाट्सएप बातचीत में न्यायपालिका के संदर्भ में कथित तौर पर उल्लेख होने का हवाला देते हुए कहा, न्यायपालिका न्याय का मंदिर है। इस व्हाट्सएप बातचीत में जो बातें सामने आई है, वो बहुत दुखद है। गंदी राजनीति से न्यायपालिका को दूर रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, इस बातचीत में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली के बारे में जो बातें की गई हैं वो बहुत दुखद हैं। ये बातें बहुत विचिलित करती हैं।

# नोएडा के लोगों को मिला बड़ा तोहफा

## दिल्ली की तरह बनेगा कल्चरल सेंटर व शानदार क्लब

### देश की बड़ी एजेंसी को सौंपी जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा


नोएडा प्राधिकरण फाइल फोटो

विकास प्राधिकरण ने शहर में एक शानदार कल्चरल सेंटर और क्लब को बनाने की मंजूरी दे दी है। इसका नाम दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर की तर्ज पर हैबिटेट सेंटर ही रखा जाएगा। इसका निर्माण करने की जिम्मेदारी देश की चुनिंदा एजेंसी में शामिल उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम को सौंप दी गई है। यह प्रस्ताव सोमवार को प्राधिकरण के बोर्ड में रखा गया था। जिसे मंजूरी मिल गई है। अब इसका काम इस महीने के अंत तक शुरू होने की उम्मीद है।

हाइकोर्ट ने अपने आदेश में निर्माण निगम को ब्लैक लिस्ट कर रखा है। ऐसे में निगम को काम का जिम्मा नहीं दिया गया था। इस वजह से इसका अभी तक काम शुरू नहीं हो पाया है। अब बोर्ड की मंजूरी से यह अड़चन समाप्त हो गई है।

सेक्टर-6 नोएडा प्राधिकरण कार्यालय में सोमवार को औद्योगिक विकास आयुक्त एवं नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन आलोक टंडन की अध्यक्षता में 201वीं बोर्ड बैठक हुई थी। बैठक में प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी, ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी नरेंद्र भूषण, यमुना विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरुणवीर सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कुल 28 एजेंडे रखे गए।

अधिकारियों ने बताया कि हैबिटेट सेंटर सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए बनाया जाएगा। हेबीटेट सेंटर 1,980 और कन्वेंशन सेंटर 42,766 वर्ग मीटर में बनाया जाएगा। यह सेंटर 31 मंजिल होगा। इसमें 3 बेसमेंट भी होंगे।

# कन्या गुरुकुल से लापता छात्रा का अब तक नहीं मिला सुराग

### जांच के लिए पुलिस ने गठित की दो टीमें

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

थाना सेक्टर 49 क्षेत्र के सोरखा गांव में स्थित कन्या गुरुकुल से 18 जनवरी को लापता हुई एक छात्रा का अब भी कोई सुराग नहीं मिल पाया है। पुलिस दो टीम गठित कर छात्रा की तलाश में जुट गई है। सहायक पुलिस आयुक्त विमल कुमार सिंह ने बताया कि सोरखा गांव स्थित एक कन्या गुरुकुल से 18 जनवरी की रात को वहां पढ़ने वाली आठवीं कक्षा की छात्रा लापता हो गई। उन्होंने बताया कि गुरुकुल में लगे सीसीटीवी कैमरे की जब जांच की गई तो पता चला कि छात्रा देर रात को अपने कपड़े आदि लेकर गुरुकुल से बाहर जा रही थी।

अधिकारी ने बताया कि छात्रा की बरामदगी के लिए पुलिस की दो टीमें गठित कर जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त गुरुकुल में छात्रा की सगी बहन तथा तीन मौसेरी बहनें भी पढ़ती हैं। उन्होंने बताया कि जब उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बताया कि छात्रा के आधार कार्ड में पिता का नाम गलत दर्ज है, जिसकी वजह से वह परेशान थी। उन्होंने बताया कि छात्रा पहले अपने बुआ के यहां रहती थी। उन्होंने बताया कि छात्रा के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है। छात्रा की बुआ तथा उसकी मां से भी पुलिस ने संपर्क किया लेकिन वह उनके पास नहीं गई। उन्होंने बताया कि छात्रा की बरामदगी जल्द कर ली जाएगी। वहीं छात्रा के बरामद ना होने से लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं हैं। मालूम हो कि उक्त गुरुकुल में पढ़ने वाली एक छात्रा की 2020 में संदिग्ध परिस्थिति में गुरुकुल के भीतर ही मौत हो गई थी।

# फैक्टरी के मालिक को न्यायिक हिरासत में भेजा



नोएडा। जिले में 56 करोड़ रुपए की कथित आयकर चोरी के मामले में गिरफ्तार प्रभात जर्दा फैक्टरी की मालिक छाया देवी को मेरठ की एक अदालत ने बुधवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

नोएडा के सेक्टर 62 स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) की कर अपवंचन शाखा के प्रमुख ऋषिकेश सिंह ने बताया कि सीजीएसटी नोएडा की टीम को करोड़ों रुपए की आयकर चोरी के संबंध में जानकारी मिली थी। सिंह ने बताया कि देवी पर 56 करोड़ रुपए की आयकर चोरी का आरोप है। मंगलवार को गिरफ्तारी के बाद उन्हें मेरठ की एक अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना

# गौतमबुद्धनगर के हजारों लोगों को मिला लाभ

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पीएम ने जारी की 2,691 करोड़ रुपये की सहायता राशि

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के 6.1 लाख लाभार्थियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की सौगात दी। उन्होंने इन लाभार्थियों को करीब 2,691 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता राशि जारी की।

प्रधानमंत्री ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिमोट कंट्रोल का बटन दबाकर लाभार्थियों को मदद राशि उनके खाते में भेज दी। इससे इन लाखों लोगों के अपने पक्के आशियाने का सपना साकार हो सकेगा। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी कार्यक्रम में शामिल रहे।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री ने वर्ष 2022 तक सभी नागरिकों को पक्के मकान देने का आश्वासन दिया था। इसे पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना साल 2016 में शुरू की गई थी। अब तक इस योजना के तहत देश भर में तकरीबन 1.2 करोड़ पक्के मकान बनाए जा चुके हैं। बुधवार को वितरित सहायता में 5.30 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त मिलेगी। जबकि इनमें 80 हजार लाभार्थियों को दूसरी किस्त जारी की जाएगी। ये 80 हजार लाभार्थी पहली किस्त पहले ही ले चुके हैं।

योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को अपना पक्का घर बनाने में मदद करती है। साथ ही पुराने घर की मरम्मत के लिए भी आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाती है। समतल जमीन पर पक्का घर बनाने के लिए 1,20,000 रुपये की आर्थिक सहायता देती है। जबकि, पहाड़ी इलाकों के लिए 1,30,000 रुपये की आर्थिक मदद देती है।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के लाभार्थियों को इस सहायता राशि के अलावा भी सुविधाएं दी जाती हैं। इन सभी को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत अकुशल श्रमिक की मजदूरी के रूप में मदद दी जाती है। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण या दूसरे किसी स्रोत से शौचालय के निर्माण के लिए 12 हजार रुपए की सहायता राशि दी जाती है। इस योजना में भारत सरकार, राज्य सरकार तथा केंद्र शासित प्रदेशों के कई कार्यक्रमों और प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन, बिजली कनेक्शन और जल जीवन मिशन के

# वाहन चोरी के आरोप में 3 दबोचे चार मोटरसाइकिलें बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा में पुलिस ने बुधवार सुबह एक सूचना के आधार पर तीन लोगों को वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया और इनके पास से चार मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं।

थाना दादरी के प्रभारी निरीक्षक राजवीर सिंह चौहान ने बताया कि सुबह गश्त पर निकली थाना पुलिस ने एक सूचना के आधार पर दीन मोहम्मद, अमान तथा गौरव नामक तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि आरोपियों से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस ने विभिन्न जगहों से चोरी की गई चार मोटरसाइकिलें बरामद कीं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। वहीं एक अन्य घटना में बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने एक युवक से मारपीट करके उससे मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन व नकदी लूट लिए। घटना गौतमबुद्धनगर व बुलंदशहर की सीमा पर हुई।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार झाझर के रहने वाला बंटी नामक युवक बुधवार सुबह मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहा था तभी ककोड़ थाना व खुर्जा थाना क्षेत्र की सीमा पर बाइक सवार बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की और मोटरसाइकिल, मोबाइल फोन और 5,000 रुपए की नकदी राशि छीन कर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की सूचना थाना ककोड़ पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची थाना ककोड़ पुलिस ने पीड़ित को बताया कि यह घटना गौतमबुद्धनगर के थाना खुर्जा क्षेत्र की है। दोनों थाना क्षेत्र की पुलिस सीमा विवाद को लेकर आपस में उलझी हुई है। मौके पर राजस्व विभाग के अधिकारी बुलाए गए हैं।

# फेसबुक के जरिए मांग रहे राम के नाम पर चंदा

### लोगों को ठगने के लिए गिरोह सक्रिय

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

फेसबुक पर फर्जी प्रोफाइल बनाकर ठगी करने वाले गिरोह ने इन दिनों एक नया धंधा शुरू कर दिया है। अब यह श्रीराम मंदिर के नाम पर लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करते हुए ठगी कर रहे हैं। भगवान राम के नाम पर पैसे मांगने पर इनको आसानी से रकम भी मिल रही है और यह अपना शातिर अंदाज में ठगी कर मौज उड़ा रहे हैं।

ताजा मामला कविनगर थाना क्षेत्र के शास्त्रीनगर में रहने अशोक शर्मा के साथ हुआ है। बीते तीन दिनों के दौरान उनकी दो अलग-अलग दो फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाई गई। साथ ही उनके कुछ जानकारों से श्रीराम मंदिर के लिए चंदा मांगा गया। कुछ लोगों ने भावनाओं का सम्मान करते हुए पैसे दे दिए। बाद में जब जानकारी की तो मामला ठगी का निकला। वहीं राजेंद्र नगर में रहने वाले एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर कंपनी कर्मचारी और कौशांबी की एक नामी कंपनी में काम करने वाले मैनेजर के साथ भी इसी प्रकार भगवान राम के नाम पर ठगी का गोरखधंधा सामने आया है। भारतीय जनता पार्टी के महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा है कि श्रीराम मंदिर के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से कोई चंदा नहीं मांगा जा रहा है। इसीलिए लोग इस प्रकार से सतर्क रहें। जो धनराशि एकत्रित की जा रही है वह कूपन, चेक और ऑनलाइन ऐप के माध्यम से हो रहा है। उसके लिए बकायदा कूपन और रसीद दी जाती हैं। साथ ही अधिक धनराशि होने पर 80जी से संबंधित दस्तावेज भी प्रस्तुत किए जाते हैं। जिन स्वयं सेवकों और कार्यकर्ताओं को राम मंदिर के लिए धनराशि एकत्रित करने का दायित्व सौंपा गया है।

# किसानों ने धरनास्थल पर ही मनाया गुरु पर्व

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद


गुरु पर्व के अवसर पर यूपी गेट पर नगर कीर्तन निकालते किसान।

नए कृषि कानूनों के विरोध में पिछले 56 दिनों से यूपी बॉर्डर पर डटे किसान अपने-अपने धर्म और आस्था के अनुसार धार्मिक अनुष्ठान और पर्व भी मना रहे हैं। इस कड़ी में बुधवार को सिख समुदाय के साथ सभी धर्मों को मानने वाले किसानों ने गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन निकाला। इसके बाद शब्द कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया।

धरना स्थल पर नगर कीर्तन के दौरान सिख समुदाय के लोगों ने गतका खेलते हुए गुरु गोविंद सिंह को नमन किया। इस दौरान यूपी गेट पर मौजूद सभी धर्मों को मानने वाले किसानों ने फूल मालाओं में फूलों से प्रभातफेरी का स्वागत किया। नगर कीर्तन के दौरान बड़ी संख्या में महिला किसान भी शामिल हुईं।

किसान करण जीत सिंह का कहना कि आज गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर किसानों द्वारा नगर कीर्तन सहित कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# गाजियाबाद के 5 निजी अस्पताल हुए नॉन कोविड

गाजियाबाद। वैक्सीनेशन शुरु होने से पहले ही कोरोना संक्रमण अब दम तोड़ता नजर आ रहा है। जिले के निजी और सरकारी अस्पतालों में अब 100 से भी कम मरीज भर्ती हैं, जबकि होम आइसोलेशन में 100 से ज्यादा मरीज हैं। रोजाना नए मरीजों की संख्या भी लगातार घट रही है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने पांच निजी अस्पतालों को नॉन कोविड किए जाने की अनुमति दे दी है। कोरोना संक्रमण का उपचार करने वाले 14 निजी अस्पताल थे। इसके अलावा सरकारी स्तर पर फिलहाल दो ही अस्पताल संचालित हैं, ईएसआई राजेंद्रनगर में पिछले एक माह से कोई नया मरीज भर्ती नहीं हुआ है।

# गौतमबुद्धनगर जिले में कोरोना संक्रमण के तीन नए केस मिले

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद गौतमबुद्धनगर में बुधवार को कोविड-19 के तीन नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 25,293 हो गई। गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस से प्रभावित 10 शीर्ष जनपदों में शामिल है। एक अधिकारी ने बताया कि पिछले 14 दिन में संक्रमण के सिर्फ 93 मामले सामने आए हैं, जबकि पिछले साल दिसंबर और नवंबर महीने में रोजाना संक्रमण के 200 से 300 मरीज सामने आ रहे थे।

जिला निगरानी अधिकारी डॉक्टर सुनील दोहरे ने बताया कि बुधवार सुबह तक कोरोना वायरस से संक्रमित तीन मरीज मिले हैं। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में 24 मरीज संक्रमण मुक्त हुए और उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई।

उन्होंने बताया कि यहां के विभिन्न अस्पतालों में अभी 124 मरीजों का उपचार चल रहा है। जिला निगरानी अधिकारी ने बताया कि अब तक जनपद में 25,078 मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके है। उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक संक्रमण की वजह से 91 लोगों की मौत हो चुकी है।

# जिले में 95 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ

गाजियाबाद। जिले में 95 प्रतिशत वैक्सीनेशन हुआ। मंडल में सबसे ज्यादा बागपत में 96 फीसद वैक्सीनेशन हुआ। कोविड वैक्सीनेशन के मामले में जनपद सूबे में चौथे स्थान पर रहा। पहले चरण में जनपद में 21000 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण होना है। जनपद को पहली खेप में 27000 डोज प्राप्त हुई हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी व कोविड टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि जिले में 22, 28 और 29 जनवरी को 26 केन्द्रों पर कोरोना टीकाकरण किया जायेगा, जिसकी सभी तैयारियां पूरी हैं। एक बूथ पर एक दिन में 100 लोगों को टीका लगाया जायेगा।


कार्यशाला में मौजूद सीएमओ व अन्य चिकित्सक।

# कोविड टीका पूरी तरह सुरक्षित और असरदार : सीएमओ

### टीकाकरण पर दी विस्तार से जानकारी

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

घबराएये मत कोविड टीका पूरी तरह सुरक्षित व असरदार है। इसके दुष्प्रभाव को लेकर उठी अफवाओं को दरकिनार करें ये केवल भ्रांति मात्र है। यह बात सीएमओ डॉ. एनके गुप्ता ने बुधवार को स्वयंसेवी संस्था सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार) के सहयोग से आरडीसी स्थित एक होटल में आयोजित स्वास्थ्य संचार सुदृढ़ीकरण कार्यशाला के दौरान कही।

सीएमओ ने टीकाकरण के बारे में पत्रकारों को विस्तार से जानकारी देते हुए बताया जिले में 379 स्वास्थ्य कर्मियों का टीकाकरण किया गया, इनमें केवल नौ ऐसे थे जिन्हें मामूली परेशानी हुई। उन्होंने कहा कोविड का टीका आने से कोविड पर काफी हद तक काबू किया जा सकेगा। सीएमओ ने कहा कि टीकाकरण के लगभग 42 दिन बाद कोरोना से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता बन जाएगी। इसलिए बार-बार कहा जा रहा है कि 'दवाई भी-कड़ाई भी' यानि अभी मास्क लगाना और एक दूसरे से दो गज की दूरी का पालन करना सभी के लिए जरूरी है। साबुन-पानी से अच्छी तरह से हाथ धुलने से जहां कोरोना से बचाव होगा वहीं अन्य संक्रामक बीमारियों से भी बचे रहेंगे। उन्होंने कोरोना काल में मीडिया की सकारात्मक भूमिका की सराहना की।

सीएमओ ने कहा कि गाजियाबाद में जिस तरह कोविड का फैलाव हुआ उस हिसाब से यहां मृत्युदर काबू रही।

दरिया दिली की अनूठी मिसाल

# बेजुबान कुत्तों के लिए कॉलोनी में बनाए दर्जनों घरौंदे

अशोक निर्वाण। गाजियाबाद


रामप्रस्थ ग्रीन में स्ट्रीट डॉग के लिए तैयार किए गए घरौंदे का दृश्य।

देश के एक नामचीन बिल्डर ने हाड कंपा देने वाली ठंड से बचाने के लिए बेजुबान स्ट्रीट डॉग के लिए शहर की पॉश कालोनी रामप्रस्थ ग्रीन्स के विभिन्न केंद्रों पर 25 शानदार घरौंदे तैयार कर दरियादिली की एक अनूठी प्रेरणादायक मिसाल पेश की है। यह कॉलोनी लगभग 100 एकड़ विशाल एरिया में फैली हुई है और देश की राजधानी दिल्ली यूपी बॉर्डर से सटी हुई है।

खास बात यह है कि पिछले दिनों प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देसी नस्ल के कुत्तों की ब्रिड को डवलेप करने और उन्हें अपनाने का आह्वान किया था। प्रधानमंत्री के इस आह्वान से प्रेरित होकर बिल्डर ने गाजियाबाद की रामप्रस्थ ग्रीन सोसायटी में स्ट्रीट डॉग को ठंड से बचाने के लिए सोसायटी के विभिन्न प्रवेश द्वारों व आसपास के सार्वजनिक स्थानों पर ये खास तरह के घरौंदे तैयार किए हैं। इन घरौंदों की छत वाटरप्रूफ है और छत के ऊपर आर्टीफिशियल घास का कारपेट लगाया गया है ताकि देखने में भी अच्छा लगे। इसमें कुत्तों के बैठने व सोने के लिए दरी और गर्म कंबल बिछाये गये हैं। साथ ही घरौंदों के बाहर भोजन व पानी के लिए कुछ बर्तन भी रखे हैं। इस इलाके में 80 से ज्यादा स्ट्रीट डॉग हैं। अब आसानी से ये बेजुबान यहां ठंडी, गर्मी और बरसात से बच सकते हैं।

इस संबंध में बिल्डर के प्रबंधक भास्कर गांधी से बातचीत की गई तो उन्होंने बताया कि स्ट्रीट डॉग को लेकर आम जनता इधर काफी परेशान थी। किसी भी विभाग ने इस समस्या का कोई समाधान नहीं किया। हमने प्रधानमंत्री के स्ट्रीट डॉग को एडोप्ट करने के आह्वान का संदेश जब सुना तो हमारी कंपनी ने कॉरपोरेट उत्तरदायित्व के तहत इस प्रोजेक्ट को धरातल पर उतारा।

## राशिफल ज्योतिष गुरु राजेश जी

### मेष
(चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)

परिवार का कोई सदस्य कोई खुशखबरी दे सकता है। आपके आसपास का वातावरण सकारात्मक रहेगा उन लोगों के साथ मिल कर खुशी मनाने का समय है, जो हमेशा आपकी खुशियों में शामिल रहते हैं। अपनों पर प्यार न्योछावर करके आप उन्हें एक अनोखा एहसास दिला सकते हैं। सोच समझकर किये गए निवेश से आज बड़ा लाभ मिलने वाला है। आज का दिन खुशनुमा रहेगा।

भाग्यांक: 1
विशेष: चने की दाल किसी पीले कपड़े में बांधकर साधु को दान कर दें।

### वृष
(ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो)

आज कोई लंबी यात्रा करनी पड़ सकती है। अपने काम में पूरी तरह से खरे उतरेंगे। पारिवारिक आयोजनों में व्यस्त रहेंगे। आस्था बढ़ेगी। किसी से कोई गिफ्ट या फिर पैसे मिल सकते है। धन के नए स्त्रोत जुड़ सकते है। किसी पूर्व नियोजित कार्यक्रम में आपको शामिल होना बहुत जरूरी है। आज आप जो भी कार्य करें अपने दिमाग से सोच समझ कर करे दिल की कम सुने तो अच्छा रहेगा।

भाग्यांक: 1
विशेष: एक चुटकी हल्दी पानी में डालकर स्नान करें।

### मिथुन
(का, की, कू, घ, ड, छ, के, को, हा)

अपने विचारों को स्पष्टता से अभिव्यक्त करने की कोशिश करनी चाहिए। आप बेमिसाल विचारों से भरे हैं, लेकिन इस बात का ध्यान दें कि सुनने वाला व्यक्ति आपको अच्छी तरह से समझ पा रहा है या नहीं। पूरा प्रयास करें कि दूसरा व्यक्ति वही समझे जो आप कहना चाह रहे हैं। इससे आप अंत में बहुत सी परेशानियों से बच सकेंगे। लवमेट आज साथ में टाइम स्पेंड करेंगे।

भाग्यांक: 8
विशेष: सूर्यदेव को जल अर्पित करें।

### कर्क
(ही, हूं, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)

लंबी प्रतीक्षा के बाद कानूनी इस तरह का फैसला आपके हक में रहेगा वकील की सलाह अब काम आएगी। परिस्थिति को ध्यान से समझें और जरूरी कदम उठाएं। इस कानूनी मुद्दे को अब पूरी तरह से खत्म कर दें कार्यक्षेत्र में अपनी समझ का प्रयोग करेंगे। किराए के घर में रह रहे हैं तो अपने घर का सपना साकार होने जा रहा है। कर्ज के आवेदन के लिए यह सही समय है।

भाग्यांक: 2
विशेष: पानी में हल्दी मिलाकर घर में पोछा लगाएं।

### सिंह
(मा, मी ,मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)

आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। कारोबार में स्थिति अच्छी रहेगी। आज किया गया धन निवेश आगे शुभ है। प्रत्येक विषय में आज सावधानीपूर्वक व्यवहार करना पड़ेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ वाद-विवाद न करिएगा। वाणी पर तथा क्रोध पर संयम रखने से अनिष्ट दूर कर सकेंगे। अधिक खर्च होने की संभावना है। सच के साथ बने रहें झूठ से बचें। मां के स्वास्थ्य में गिरावट आ सकती हैं।

भाग्यांक: 9
विशेष: बेसन का हलवा बनाकर गरीबों में बांटे।

### कन्या
(टो ,पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)

दिन रचनात्मक कार्यों में रहेगा। हो सकता हैं संभव हो तो सभी कार्य शाम होने से पहले ही संपन्न कर लें, जो लोग फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े हैं, उन्हें किसी शो में एक्टिंग करने का ऑफर आ सकता हैं। साथ ही पारिवारिक वातावरण खुशनुमा रहेगा। मनोरंजन पर पैसे खर्च हो सकते हैं। आर्थिक स्थिति से दिन लाभदायी रहेगा। लवमेट के साथ कहीं बाहर हील स्टेशन पर घूमने का प्लान बनेगा।

भाग्यांक: 8
विशेष: घर में तुलसी का पौधा लगाएं।

### तुला
(रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते, )

व्यवसाय में वृद्धि तो हुई है लेकिन आप उसके अनुरूप अधिक तेज कार्य नहीं कर पा रहे हैं। आपके द्वारा हाल ही में उठाए गए ठोस कदम के लिए आप धन्यवाद के पात्र है। शरीर में जलन अनुभव कर सकते हैं। यह आप के दृष्टिकोण से आपके लिए समुचित समय है अतः अपने कार्य की गति तीव्र करें। आज आपको बेहद सावधानी बरतने की जरूरत है। आज कोई दुर्घटना हो सकती है जिसकी वजह से चोट लगने के संकेत हैं।

भाग्यांक: 1
विशेष: गाय की सेवा करें।

### वृश्चिक
(तो, ना ,नी, नू, ने, नो, या, यी, यू, )

आज भावनाओं में बह सकते है। बातचीत में सावधानी रखें। लापरवाही से नुकसान होगा। विरोधी खुलकर विरोध करेंगे। कार्यक्षेत्र में व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ेंगे। योजना अनुसार कार्य करेंगे। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा। मानसिक रूप से आनंदित रहेंगे। कार्य की शुरुआत में परेशानी आ सकती है। छोटी सी बात पर भी आप उदास हो जाएंगे या पुराने बेहतर समय को याद करने लगेंगे।

भाग्यांक: 3
विशेष: माथे पर हल्दी का टीका लगाएं।

### धनु
(ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)

अपने गुरु से परामर्श लें। अपने व्यापार को किसी दूसरे राज्य में फैलाना चाहते हैं तो इस कार्य की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। परिवार में किसी की तबीयत बिगड़ सकती हैं। आज के दिन आप खुश रहेंगे। पार्टनर से अच्छी खबर मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच अनबन हो सकती है। प्रेमी से अपने संबंधों को लेकर गंभीर बात कर सकते हैं। परिजनों का सहयोग मिलेगा।

भाग्यांक: 9
विशेष: पक्षियों को दाना डालें।

### मकर
(भो, जा, जी, खी, खू, खा, गा, गी)

आज का दिन तो बढ़िया है, लेकिन लेनदेन में कोई बड़ा जोखिम उठाने के लिए दिन ठीक नहीं है। झटपट लाभ उठाने की बजाय धीरे-धीरे लेकिन निश्चित होने वाले लाभ का विकल्प चुनिए और इसी आधार पर कोई बढ़िया निवेश चुनिए। लव रिलेशनशिप के मामले में दिन लड़ाई-झगड़े वाला हो सकता है। इस बात का ख्याल रखें कि रिश्ते में लड़ाई-झगड़े होना आम है, पर मतभेदों को सार्वजनिक नहीं करना चाहिए।

भाग्यांक: 9
विशेष: पीतल का एक बर्तन किसी साधु को दान कर दें।

### कुंभ
(गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो ,दा)

क्रोध एवं आवेश की अधिकता रहेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। आज आप इस बात का ध्यान रखें कि किसी भी स्थिति में किसी की आलोचना न करें। चाहे आपकी बात कितनी भी सही क्यों न हो। अपने गुस्से को पूरी तरह से काबू में रखने की कोशिश करें। कुछ भी हो अपने कार्यालय व सार्वजनिक स्थान पर झगड़ा करने से बचें।

भाग्यांक: 7
विशेष: ओम नमो नारायण का पाठ करें।

### मीन
(दी, दू ,थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)

दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हो। अब आपको घर की चार दीवारी से बाहर निकलना ही होगा। आज आपकी मनोकामना पूर्ण होगी। बच्चें अगर ज्यादा मेहनत करेंगे तो भविष्य में सफलता अवश्य मिलेगी। साथ ही आज बच्चें अपने पिता से परामर्श लेंगे, तो उनका आत्मविश्वास बढ़ेगा। लवमेट को आज रिंग गिफ्ट करेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत होगा।

भाग्यांक: 4
विशेष: लक्ष्मी जी के आगे घी का दीपक जलाएं।

# रानी के गोल से महिला हॉकी टीम ने अर्जेंटीना की जूनियर टीम से मैच ड्रा खेला

एजेंसी। ब्यूनस आयर्स

**भारतीय** महिला हॉकी टीम ने पेनल्टी कार्नर पर कई मौके गंवाने के बाद कप्तान रानी रामपाल के चौथे क्वार्टर के अंतिम क्षणों में किए गए गोल की मदद से आखिर में अर्जेंटीना की जूनियर टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रा खेला। भारतीय टीम यह लगातार दूसरा ड्रा मैच है। उसने दौरे का पहला मैच 2-2 से ड्रा खेला था।

भारत ने आक्रामक शुरुआत की और पहले मिनट में ही पेनल्टी कार्नर हासिल किया लेकिन गुरजीत कौर के ताकतवर शॉट को अर्जेंटीनी गोलकीपर ने रोक दिया। इसके बाद पांचवें मिनट में दीप ग्रेस एक्का का पेनल्टी कार्नर पर लिया गया शॉट बाहर चला गया। इसके तुरंत बाद अर्जेंटीनी टीम

## भारत अगला मैच 23 को अर्जेंटीना बी टीम से खेलेगा

को तीन पेनल्टी कार्नर मिले जिसमें से वह अंतिम वाले को गोल में बदलने में सफल रही। इस तरह से अर्जेंटीना ने 13वें मिनट में बढ़त हासिल कर ली थी। भारत ने दूसरे और तीसरे क्वार्टर में भी गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन वह अर्जेंटीनी गोल में सेंध लगाने में नाकाम रहा। भारतीय टीम को 37वें, 43वें, 48वें और 58वें मिनट में पेनल्टी कार्नर भी मिले लेकिन आखिर में उसे 58वें मिनट में बराबरी का गोल करने में सफलता मिली। रानी ने यह गोल नवनीत कौर के पास पर किया। भारत अगला मैच 23 जनवरी को अर्जेंटीना बी टीम से खेलेगा।



# प्रणय ने दर्द के बावजूद क्रिस्टी को हराया

**बैंकॉक।** भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी एच एस प्रणय ने पसलियों में दर्द और कंधे की चोट के बावजूद बुधवार को यहां विश्व के सातवें नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में शिकस्त देकर थाईलैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। प्रणय ने पुरुष एकल के इस मैच में गजब की दृढ़ता दिखाई और शारीरिक तौर पर असहज महसूस करने के बावजूद अपनी एकाग्रता बनाए रखी। उन्होंने पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करके एक घंटे 15 मिनट तक चले मैच में क्रिस्टी पर 18-21, 21-16, 23-21 से जीत दर्ज की। यह



पिछले चार प्रयासों में इंडोनिशया के खिलाड़ी पर प्रणय की पहली जीत है। उनका अगला मुकाबला मलेशिया के डेरेन लियु से होगा।

प्रणय ने मैच के बाद कहा, मुझे आज की अपनी जीत पर गर्व है। मैं पसली में दर्द के कारण पिछले कुछ दिनों से अभ्यास नहीं कर पाया था। आज मैं केवल कोर्ट पर बने रहना चाहता था और मुझसे कोई अपेक्षा भी नहीं की जा रही थी। बी साई प्रणीत और किदाम्बी श्रीकांत के हटने के बाद एकल में अब प्रणय और समीर वर्मा पर ही भारतीय दारोमदार टिका है। प्रणीत कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाए गए हैं, जिससे उनके साथ एक कमरे में रहने वाले श्रीकांत को भी टूर्नामेंट से हटना पड़ा। अन्य भारतीयों में एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला की पुरुष युगल जोड़ी ने न्यूजीलैंड के ओलिवर लेडन डेविस और अभिनव मनोता को 23-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। एन सिक्की रेड्डी और अश्विनी पोनप्पा की महिला युगल जोड़ी हालांकि जर्मनी की लिंडा एफलर और इसाबेल हर्टरिच से 11-21, 19-21 से हारकर बाहर हो गई।

# विकेटकीपर बल्लेबाजों में सर्वश्रेष्ठ हैं ऋषभ पंत

## बल्लेबाजी रैंकिंग में 13वें स्थान पर

एजेंसी। दुबई

**भारत** के ऋषभ पंत आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन टेस्ट मैच में नाबाद 89 रन की मैच विजेता पारी खेलने से विश्व में सर्वाधिक रैंकिंग के विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए हैं। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी ताजा विश्व रैंकिंग में पंत बल्लेबाजों की सूची में 13वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जो उनके कॅरियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण विशेष पहचान बना रहे पंत के 691 अंक हैं। विकेटकीपर बल्लेबाजों में उनके बाद दक्षिण अफ्रीका के क्विंटन डिकॉक का नंबर आता है जो 677 अंकों के साथ 15वें स्थान पर हैं।

आस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ब्रिसबेन में पहली पारी के शतक के दम पर भारतीय कप्तान विराट कोहली (862 अंक) से आगे निकलकर तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। लाबुशेन के 878 अंक हैं। कोहली पितृत्व अवकाश के कारण आस्ट्रेलिया दौरे के आखिरी तीन मैचों में नहीं खेले थे। न्यूजीलैंड के केन विलियमसन (919) और आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ (891) पहले दो स्थानों पर हैं। युवा भारतीय सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने आगे बढ़ना जारी रखा। वह दूसरी पारी में 91 रन की शानदार पारी के दम पर 68वें से 47वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा एक



पायदान ऊपर सातवें स्थान पर काबिज हो गए हैं। गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज 32 पायदान की छलांग लगाकर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने मैच में छह विकेट लिए जिनमें दूसरी पारी के पांच विकेट भी शामिल हैं। अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर ने भी बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपने योगदान से रैंकिंग में जगह हासिल की है। वाशिंगटन बल्लेबाजी में 82वें और गेंदबाजी में 97वें जबकि ठाकुर बल्लेबाजी सूची में 113वें और गेंदबाजी में 65वें स्थान पर हैं। आस्ट्रेलियाई कप्तान टिम पेन 50 और 27 रन की पारियों से तीन पायदान ऊपर 42वें स्थान पर पहुंच गए हैं, जबकि तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड न्यूजीलैंड के टिम साउदी को पीछे छोड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं। उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट सहित मैच में कुल छह विकेट लिए थे। इंग्लैंड के जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में 228 रन की पारी के दम पर बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पांच में वापसी की है। उनके 783 अंक हैं जो पिछले दो वर्षों में उनके सर्वाधिक रेटिंग अंक हैं। रूट छह पायदान आगे बढे।

## जेएसडब्ल्यू ने पंत को अनुबंधित किया

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिसबेन में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में भारतीय जीत के नायक रहे स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स के साथ कई साल का करार किया है, जिसके तहत यह कंपनी इस क्रिकेटर के व्यावसायिक और विपणन अधिकारों को देखेगी। जेएसडब्ल्यू स्पोर्ट्स ने बुधवार को पंत के साथ अनुबंध करने की घोषणा की। इससे पहले पंत कार्नरस्टोन स्पोर्ट एंड इंटरटेनमेंट प्रा.लि. से जुड़े थे। पंत की नाबाद 89 रन की पारी की मदद से भारत ने मंगलवार को 328 रन का लक्ष्य हासिल करके आस्ट्रेलिया को चौथे टेस्ट में तीन विकेट से हराया। भारत ने श्रृंखला 2-1 से जीतकर बोर्डर-गावस्कर ट्राफी भी बरकरार रखी। जेएसडब्ल्यूए स्पोर्ट्स अधिकतर ओलंपिक खेलों, फुटबॉल और कबड्डी से जुड़े खिलाड़ियों का काम देखता रहा है। इनमें ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक और एक अन्य स्टार पहलवान बजरंग पूनिया भी शामिल हैं।

# भारत से मिली हार के बाद आस्ट्रेलिया टीम में व्यापक फेरबदल संभव : वार्न

एजेंसी। ब्रिसबेन

**महान** क्रिकेटर शेन वार्न का मानना है कि भारत की अपेक्षाकृत कमजोर टीम से टेस्ट श्रृंखला में मिली शर्मनाक हार के बाद आस्ट्रेलियाई टीम में व्यापक फेरबदल होगा। भारत ने मंगलवार को चौथे टेस्ट में आस्ट्रेलियाई टीम को तीन विकेट से हराकर यादगार जीत दर्ज की और श्रृंखला 2-1 से अपने नाम करते हुए बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखी। वार्न ने फॉक्स क्रिकेट से कहा, मुझे लगता है कि इस हार का बड़ा असर पड़ेगा। ऐसा अमूमन नहीं होता है जब आप दूसरे या तीसरे (विकल्प वाली) टीम से हार गए हो।

उन्होंने कहा, उनकी (आस्ट्रेलिया की) रणनीति पर सवाल उठेंगे और उन्हें सवाल उठाने चाहिए। गेंदबाजों पर सवाल उठेंगे, खिलाड़ियों के टीम में स्थान पर सवाल उठाए जाएंगे। ऐसा होना चाहिए। आप इसने बच नहीं सकते और न ही इन्हें हटाकर कह सकते हो कि भारत हमसे काफी अच्छी टीम थी। वार्न ने हालांकि भारतीय टीम की प्रशंसा के पुल बांधे जिसने अपने खिलाड़ियों के चोटिल होने और नियमित कप्तान विराट कोहली की अनुपस्थिति में शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, जो भारतीय खिलाड़ी खेले, उनसे उनका श्रेय नहीं छीना जा सकता क्योंकि उनकी पहली चयनित टीम में से शायद दो या तीन खिलाड़ी ही ऐसे थे जो उस टीम में खेले थे। इस महान स्पिनर ने कहा कि आस्ट्रेलिया ने श्रृंखला में मौकों का फायदा नहीं उठाया। उन्होंने कहा, हां, आस्ट्रेलिया



मुझे लगता है कि इस हार का बड़ा असर पड़ेगा : शेन वार्न

को इस श्रृंखला को जीतने और भारत को रौंदने के लिए कई मौके मिले थे, लेकिन वे इनका फायदा नहीं उठा सके। वे ऐसा बिलकुल नहीं कर सके। वार्न ने टिम पेन की कप्तानी की भी काफी आलोचना की और कहा कि विकेटकीपर ने अपनी रणनीति की विफलता की जिम्मेदारी नहीं ली। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि कई बार उनकी रणनीति भी इतनी अच्छी नहीं रही और मुझे लगता है कि बतौर कप्तान यह जिम्मेदारी टिम पेन पर ही आएगी। वार्न ने कहा, यह सिर्फ टिम पेन की ही गलती नहीं है बल्कि गेंदबाजों को भी यह कहने की अनुमति दी गई कि उन्होंने कहा, टिम मैं यह करना चाहता हूं। इसलिए यह गेंदबाजों और कप्तान के बीच संयोजन रहा। लेकिन दिन के अंत में आप कप्तान हो, आपको जिम्मेदारी लेनी होती है। वह निराश होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हरभजन का चेन्नई के साथ आईपीएल अनुबंध समाप्त

**नई दिल्ली।** अनुभवी ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने बुधवार को कहा कि उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइजी चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ अनुबंध समाप्त हो गया है जिसके साथ उन्होंने शानदार दो साल बिताए। इस 40 वर्षीय खिलाड़ी ने अगले महीने की आईपीएल नीलामी और आगामी सत्र के लिए बरकरार रखे जाने वाले खिलाड़ियों की सूची घोषित किए जाने से पूर्व यह खुलासा किया। हरभजन ने ट्वीट किया, मेरा चेन्नई सुपरकिंग्स के साथ अनुबंध समाप्त हो गया है। इस टीम के लिए खेलना शानदार अनुभव रहा। कई सुखद यादें जुड़ी और कुछ अच्छे दोस्त बने जिन्हें मैं आने वाले वर्षों में भी याद रखूंगा। इन दो शानदार वर्षों के लिए चेन्नई सुपरकिंग्स के प्रबंधन, सहयोगी स्टाफ और प्रशंसकों का आभार। हरभजन चेन्नई की उस टीम का हिस्सा थे जिसने 2018 में दो साल के निलंबन के बाद वापसी करने पर खिताब जीता था।

### वुड्स का 5वां ऑपरेशन, अगले दो टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे

**न्यूयॉर्क।** दिग्गज गोल्फर टाइगर वुड्स को पीठ दर्द से निजात पाने के लिए हाल में पांचवीं बार ऑपरेशन करवाना पड़ा, जिसके कारण वह अगले दो टूर्नामेंटों में नहीं खेल पाएंगे। टीजीआर फाउंडेशन के मंगलवार को जारी बयान में कहा कि वुड्स का आपरेशन सफल रहा और उनके जल्दी पूरी तरह फिट होने की संभावना है। वुड्स इस वजह से अगले सप्ताह टोरे पाइंस में फार्मर्स इन्सुरेन्स ओपन में भाग नहीं ले पाएंगे जिसमें वह सात बार चैंपियन रहे। उन्होंने यहां आखिरी खिताब 2013 में जीता था। वह रिवेरा में 18-21 फरवरी के बीच होने वाले जेनिसिस ओपन में भी भाग नहीं ले पाएंगे।

### आस्ट्रेलिया ओपन से जुड़े कोरोना के तीन नए मामले सामने आए

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलियाई ओपन से जुड़े तीन अन्य लोगों को मेलबर्न में कोविड-19 के लिए पॉजीटिव पाया गया है। इस तरह से आठ फरवरी से शुरू होने वाले वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम टेनिस टूर्नामेंट से जुड़े संक्रमित लोगों की संख्या 10 हो गई है। विक्टोरिया प्रांत की आपात सेवा मंत्री लिसा नेविले ने बुधवार को नए मामले मिलने की पुष्टि की। कुल 10 नए मामले पाए जाने का मतलब है कि 72 खिलाड़ी कड़े लॉकडाउन में रहेंगे क्योंकि वे अबुधाबी, दोहा और लास एंजिल्स से मेलबर्न पहुंची तीन उड़ानों में संक्रमित लोगों के करीबी संपर्क में आए थे। आस्ट्रेलियाई ओपन के निदेशक क्रेग टिले ने कहा कि 1200 से भी अधिक खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और टूर्नामेंट के अधिकारियों के 3200 परीक्षण किए गए हैं। उन्होंने कहा, यह छठा दिन है और अभी तक संख्या बहुत कम है। अगर वे सक्रिय मामले हैं तो उन्हें सीधे होटल में पृथकवास पर भेजा जा रहा है।

### रोमा को हराकर स्पेजिया इटालियन कप के क्वार्टर फाइनल में

**रोम।** स्पेजिया ने अतिरिक्त समय में नौ खिलाड़ियों के साथ खेल रहे रोमा को 4-2 से हराकर इटालियन कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रोमा के पूर्व विंगर डेनियल वर्डे और रिकार्डो सैपोनारा ने स्पेजिया की तरफ से अतिरिक्त समय में गोल किए। स्पेजिया क्वार्टर फाइनल में नैपोली से भिड़ेगा। अतिरिक्त समय के पहले दो मिनट में ही खेल का परिदृश्य बदल गया था। रोमा के डिफेंडर जियानलुका मनचिनी और गोलकीपर पॉउ लोपेज को अलग-अलग घटनाओं के कारण 30 सेकेंड के अंदर बाहर भेज दिया गया था। मनचिनी को दूसरा पीला कार्ड मिला जबकि लोपेज को लाल कार्ड दिखाया गया। स्पेजिया ने इसका पूरा फायदा उठाकर जीत दर्ज की।

### चेल्सी को हरा प्रीमियर लीग में शीर्ष पर पहुंचा लीस्टर सिटी

**लीस्टर।** लीस्टर सिटी ने चेल्सी के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल टूर्नामेंट की अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। विल्फ्रेड एनडीडी (छठे मिनट) और जेम्स मैडिसन (41वें मिनट) ने पहले हॉफ में गोल किए, जिससे लीस्टर सिटी अंकतालिका में मैनचेस्टर यूनाईटेड और मैनचेस्टर सिटी को पीछे छोड़कर शीर्ष पर पहुंचने में सफल रहा। लीस्टर सिटी की यह 12वीं जीत है और उसके 19 मैचों में 38 अंक हो गए हैं। मैनचेस्टर यूनाईटेड के 18 मैचों में 37 और मैनचेस्टर सिटी के 17 मैचों में 35 अंक हैं।

### मनु-अंगद को मिलेगी खेल मनोचिकित्सक की सेवाएं

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने मनु भाकर और अंगद वीर सिंह बाजवा का टोक्यो ओलंपिक खेलों से पहले बेहतर तैयारियों के लिए सिंगापुर स्थित खेल मनोचिकित्सक संजना किरण की सेवाएं लेने का प्रस्ताव स्वीकार कर लिया है। टोक्यो ओलंपिक इस साल जुलाई-अगस्त में होंगे। इस प्रस्ताव को सरकार के लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम (टॉप्स) के तहत पिछले सप्ताह मिशन ओलंपिक सेल की बैठक में मंजूरी दी गई। संजना किरण खेल मनोचिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं तथा शीर्ष खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की तैयारियों में मदद करती रही हैं।

# क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने की भारतीय टीम की प्रशंसा, बीसीसीआई का आभार व्यक्त किया

एजेंसी। मेलबर्न

**क्रिकेट** आस्ट्रेलिया (सीए) ने बुधवार को मेजबान टीम पर टेस्ट श्रृंखला में ऐतिहासिक जीत के दौरान दिखाए गए साहस, दृढ़ता और कौशल के लिए भारतीय टीम की प्रशंसा की और इस मुकाबले का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) का आभार व्यक्त किया। अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद गाबा में आस्ट्रेलिया की मजबूत टीम को तीन विकेट से हराकर चार मैचों की श्रृंखला 2-1 से जीती और बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अपने पास बरकरार रखी।

सीए ने बीसीसीआई का आभार व्यक्त करते हुए पत्र में लिखा, क्रिकेट आस्ट्रेलिया में सभी की तरफ से हम



बोर्डर-गावस्कर ट्रॉफी बरकरार रखने के लिए इस श्रृंखला में दिखाए गए साहस, दृढ़ता और कौशल के लिए भारतीय टीम को बधाई देते हैं। इस श्रृंखला की आने वाली पीढ़ियों में भी चर्चा होती रहेगी। यह पत्र सीए के अंतरिम सीईओ निक हॉकले और अध्यक्ष अर्ल इडिंग्स ने भारतीय क्रिकेट के मित्रों के संबोधन के साथ शुरू किया है, जिसमें सौरव गांगुली की अगुवाई वाले बोर्ड का कोविड-19 महामारी के बावजूद सफलतापूर्वक दौरा करने के लिए आभार व्यक्त किया गया है। पत्र में कहा गया है, आस्ट्रेलियाई क्रिकेट अपनी दोस्ती, विश्वास और प्रतिबद्धता के लिए हमेशा बीसीसीआई का आभारी रहेगा, जिसने एक श्रृंखला के आयोजन में मदद करके दुनिया के लाखों लोगों को मुश्किल समय में खुशी मनाने का मौका दिया। सीए ने लिखा है, वैश्विक महामारी के दौरान अंतरराष्ट्रीय दौरे से जुड़ी कई चुनौतियां हैं और हम भारतीय खिलाड़ियों, कोचों और सहयोगी स्टाफ का आभार व्यक्त करते हैं। दोनों टीमों ने सिडनी टेस्ट में मोहम्मद सिराज और जसप्रीत बुमराह पर नस्ली टिप्पणियों के बावजूद अपना ध्यान क्रिकेट पर बनाए रखा। आस्ट्रेलियाई बोर्ड ने कहा, सार्वजनिक स्वास्थ्य और साजो सामान से जुड़ी चुनौतियों के बावजूद बीसीसीआई ने अंतरराष्ट्रीय खेल के सबसे बड़े दूत की अपनी ख्याति के अनुरूप सहयोग की भावना बनाए रखी। हम इसे संभव बनाने के लिए बीसीसीआई में अपने मित्रों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे।

# पोंटिंग की समझ से परे है भारत ए की श्रृंखला में जीत

एजेंसी। ब्रिसबेन

**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग स्तब्ध हैं और समझ नहीं पा रहे कि कैसे भारत की ए टीम ने आस्ट्रेलिया को उसकी धरती पर हरा दिया हालांकि उन्होंने स्वीकार किया कि भारतीय टीम जीत की हकदार थी। चोटों की समस्या से जूझ रही भारतीय टीम ने अपने कई प्रमुख खिलाड़ियों के बिना गाबा में चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया को तीन विकेट से हराकर श्रृंखला जीती। उसने एडीलेड में अपने न्यूनतम स्कोर 36 रन पर आउट होने के बाद यह शानदार वापसी की।

पोंटिंग ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, मैं स्तब्ध हूं कि आस्ट्रेलिया यह श्रृंखला नहीं जीत सकी। यह तो भारत की ए टीम थी और फिर भी इसने मैच जीत लिया। उन्होंने कहा, भारतीय टीम पिछले पांच या छह



सप्ताह में जिन हालात से गुजरी है। कप्तान स्वदेश लौट गया और खिलाड़ियों की चोटों के बीच वे पूरी मजबूत टीम नहीं उतार सके। आस्ट्रेलिया तो पूरी मजबूत टीम के साथ खेला था, बस शुरुआत में डेविड वॉर्नर नहीं खेल पाए थे। उन्होंने कहा, यह भारत की दूसरी चुनी हुई टीम भी नहीं थी क्योंकि इसमें भुवनेश्वर कुमार या ईशांत शर्मा भी नहीं थे। रोहित शर्मा भी आखिरी दो टेस्ट मैचों में ही खेले। पोंटिंग ने कहा, उन्होंने शानदार क्रिकेट खेली। टेस्ट मैच के सभी निर्णायक मौकों को भुनाया जो आस्ट्रेलिया नहीं कर सका। दोनों टीमों में यही फर्क था। भारत इस जीत का हकदार था।

# शाकिब के चार विकेट बांग्लादेश ने वेस्टइंडीज को हराया

**ढाका।** शाकिब अल हसन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करते हुए आठ रन देकर चार विकेट झटके जिससे बांग्लादेश ने बुधवार को तीन मैचों की एक दिवसीय श्रृंखला के शुरुआती मैच में वेस्टइंडीज को छह विकेट से हरा दिया। सट्टेबाज की पेशकश की रिपोर्ट नहीं करने के कारण अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा अक्टूबर 2019 में लगाए दो साल के प्रतिबंध (जिसमें एक साल का निलंबन) के बाद हरफनमौला शाकिब ने वापसी की है। बांग्लादेश ने शाकिब की मदद से वेस्टइंडीज को 32.2 ओवर में महज 122 रन पर समेट दिया और फिर 97 गेंद रहते चार विकेट पर 125 रन बनाकर जीत हासिल की। वेस्टइंडीज के छह खिलाड़ियों ने इस मैच में पदार्पण किया। वनडे में पदार्पण कर रहे हसन महमूद और साथी तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान ने भी अहम भूमिका अदा की।

# पीटरसन ने हिंदी में ट्वीट करके चेताया, असली टीम तो अब आ रही है

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन ने हिंदी में ट्वीट करके भारत को आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में शानदार जीत का भरपूर जश्न मनाने के लिए कहा लेकिन साथ ही आगाह भी किया कि उसका मुकाबला करने के लिए असली टीम तो अब पहुंच रही है।

पीटरसन ने मंगलवार को ब्रिसबेन टेस्ट में भारत की तीन विकेट से जीत के बाद यह ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, इंडिया (भारत)- यह (इस) ऐतिहासिक जीत का जश्न मनाएं क्योंकि यह सभी बाधाओं के खिलाफ हासिल हुई है। पीटरसन ने इंग्लैंड की टीम के आगामी दौरे के संदर्भ में लिखा, लेकिन असली टीम तो कुछ हफ्तों बाद आ रही है जिसे आपको हराना होगा अपने घर में।

इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला में विराट कोहली कमान संभालेंगे। वह अपने पहले बच्चे के जन्म के कारण आस्ट्रेलिया के खिलाफ अंतिम तीन टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाए थे। चार मैचों की श्रृंखला चेन्नई और अहमदाबाद में पांच फरवरी से खेली जाएगी। पीटरसन ने आगे लिखा, सतर्क रहें। दो सप्ताह में बहुत अधिक जश्न मनाने से सावधान रहें।

# शास्त्री ने खिलाड़ियों से कहा, आज भारत ही नहीं पूरी दुनिया आपको सैल्यूट करेगी

एजेंसी। ब्रिसबेन

**भारतीय** कोच रवि शास्त्री गाबा में आस्ट्रेलिया का गुरूर तोड़ने के बाद ड्रेसिंग रूम में जब अपने घायल योद्धाओं को उनके साहस, संकल्प और जज्बे के लिए शाबासी दे रहे थे थे तो सभी चेहरों पर मुस्कान बिखरी थी तथा सीटियां और तालियां बज रही थी। चोटिल खिलाड़ियों के कारण परेशान रही भारतीय टीम ने चौथे और अंतिम टेस्ट मैच में मंगलवार को 328 रन के मुश्किल लक्ष्य को हासिल करके आस्ट्रेलिया को उसके अजेय किले गाबा में 32 साल बाद पहली हार का स्वाद चखाया जिसके बाद शास्त्री ने तीन मिनट से थोड़ा अधिक समय तक ड्रेसिंग रूम में यह भाषण दिया। इस जीत से भावुक शास्त्री ने कहा, जो साहस, संकल्प और जज्बा आपने दिखाया वह कल्पनातीत है। एक बार भी



आपने पीछे मुड़कर नहीं देखा, चोटों से जूझने और 36 रन पर आउट (पहले टेस्ट में) होने के बावजूद आपने खुद पर भरोसा बनाए रखा।

शास्त्री जब अपनी बात कह रहे थे तब कप्तान अजिंक्य रहाणे चुपचाप उनके बगल में खड़े रहे। उन्होंने कहा, यह आत्मविश्वास रातोंरात नहीं आया, लेकिन अब इस आत्मविश्वास के दम पर आप देख सकते हैं कि एक टीम के तौर पर आप खेल को कहां से कहां तक ले गए। आज भारत ही नहीं पूरा विश्व तुम्हें सैल्यूट करेगा। शास्त्री ने कहा, इसलिए आज तुमने जो किया उसको याद रखें। आपको इस पल का भरपूर आनंद लेना चाहिए। इसे अपने से दूर न जानें दे। इसका जितना लुत्फ उठा सकते हो उठाओ। शीर्ष बल्लेबाज और आस्ट्रेलिया की शार्ट पिच गेंदों को अपने शरीर पर झेलने वाले चेतेश्वर पुजारा, मैच विजेता ऋषभ पंत के बेजोड़ स्ट्रोक प्ले और युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल के शांतचित जवाबी हमले का शास्त्री ने विशेष जिक्र किया। शास्त्री ने कहा, इसकी शुरुआत मेलबर्न से हुई, सिडनी में प्रदर्शन शानदार रहा। इससे हम बराबरी के साथ यहां पहुंचे तथा आज जिस तरह से जीत दर्ज की वह असाधारण थी। शुभमन ने बेजोड़ खेल दिखाया। पुजी (पुजारा) आपको परम योद्धा के रूप में जाना जाएगा। शास्त्री जब यह कह रहे थे तो युवा तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज खुद को सीटी बजाने से नहीं रोक सके जबकि अन्य खिलाड़ियों ने तालियां बजाई। कोच ने कहा, और ऋषभ का तो जवाब नहीं। आपने जिस तरह से बल्लेबाजी की उससे आपने कुछ को हर क्षण दिल का दौरा दिया लेकिन आपने बेहतरीन तरीके से अपनी भूमिका निभाई। इस उत्साही माहौल के बीच जो व्यक्ति शांतचित खड़ा था वह रहाणे था और शास्त्री ने उनकी नेतृत्वक्षमता की भी जमकर प्रशंसा की।

## नटराजन और वाशिंगटन का था पहला टेस्ट

उन्होंने कहा, हम जिस स्थिति में थे वहां जिंक्स (रहाणे) ने नेतृत्व संभाला और वहां से जिस तरह से वापसी दिलाई और मैदान पर चीजों को नियंत्रण में रखा वह वास्तव में शानदार था। शास्त्री ने टी नटराजन, वाशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर की भी प्रशंसा की। नटराजन और वाशिंगटन का यह पहला टेस्ट मैच था। उन्होंने कहा, तथा इस मैच में मैं तीन नए खिलाड़ियों और पहली पारी में उनके प्रदर्शन को नहीं भूलना चाहता हूं। नट्टू, वाशी और शार्दुल क्योंकि उसने जो अपना पहला टेस्ट (2018) खेला था उसमें वह चोटिल हो गया था। शास्त्री ने कहा, आपने जज्बा दिखाया जिससे आस्ट्रेलिया पस्त हो गया कि हम छह विकेट पर 180 के स्कोर से वापसी करके 330 या 340 रन बना सकते हैं। भारत को अब पांच फरवरी से इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला खेलनी है।

# मेघालय: गारो हिल्स की खूबसूरती देखनी है तो जरूर आएं बाघमारा



पहाड़ और नदी विस्तार से घिरा बाघमारा बांग्लादेश सीमा पर स्थित दक्षिण गारो हिल्स (मेघालय ) का जिला मुख्यालय है। इस स्थल के नाम के पीछे एक रोचक तथ्य है, माना जाता है कि बोंग लास्कर नाम के एक स्थानीय ने यहां एक बंगाल टाइगर को मार गिराया था, जिस वजह से इस क्षेत्र का नाम बाघमारा पड़ा। उस घटना को याद दिलाता यहां एक स्मारक भी मौजूद है, जो उस बाघ का मकबरा बताया जाता है।


बाघमारा 12 धाराओं के नाम से प्रसिद्ध बारोकर के लिए भी जाना जाता है। पर्यटन के लिहाज से यह एक शानदार जगह है, जहां आप एक क्वालिटी टाइम अपने परिवार और दोस्तों के साथ बिता सकते हैं। इस लेख के माध्यम से हमारे साथ जानिए बाघमारा आपको किस प्रकार आनंदित कर सकता है। बाघमारा वन्यजीव अभ्यारण्य बाघमारा के माध्यम से गारो हिल्स की खूबसूरती देखने के लिए आप यहां बाघमारा वन्यजीव अभ्यारण्य का प्लान बना सकते हैं। अपनी जैव-विविधता के लिए प्रसिद्ध यह अभ्यारण्य विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जन्तुओं को सुरक्षित आश्रय प्रदान करता है। आप यहां हाथी, लंगूर, तेंदुआ, गौर के साथ अन्य जीवों को भी देख सकते हैं। इसके अलावा आप यहां विभिन्न पक्षी प्रजातियों को भी देख सकते हैं। यहां वनस्पतियों की कुछ अद्भुत प्रजातियां भी मौजूद हैं, जिनमें मांसाहारी पीचर प्लांट ज्यादा ध्यान आकर्षित करता है।

## सीजू गुफाएं

वन्यजीव अभ्यारण्य के बाद अगर आप चाहें तो यहां की गुफाओं का भ्रमण कर सकते हैं। सीजू गुफाएं यहां पर्यटकों का ज्यादा ध्यान आकर्षित करने का काम करती हैं। यह देश में तीसरी सबसे लंबी गुफा है और अपने अद्भुत स्टालाग्माइट्स और स्टैलेक्टसाइट्स के लिए जानी जाती हैं। गुफा में कई कक्ष मौजूद हैं, गुफा के कुछ ऐसे भी हिस्से हैं, जो पर्यटकों को काफी ज्यादा रोमांचित करते हैं। इस गुफा से एक नदी भी होकर गुजरती है, जो यहां की खूबसूरती पर चांद लगाने का काम करती है। अगर आप प्राकृतिक खूबसूरती के साथ रोमांच का शौक रखते हैं तो यहां का प्लान जरूर बनाएं।

# करें ओडिशा के जयपुर की यात्रा

**ऐतिहासिक परिदृश्य के साथ यह प्राचीन शहर राज्य के चुनिंदा पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। जयपुर इतिहास और प्रकृति का शानदार सम्मिश्रण है, यानि कि यहां आकर आप न सिर्फ कुदरती खूबसूरती का आनंद ले सकेंगे, बल्कि आपको यहां अतीत से जुड़े प्राचीन किले-भवनों को देखने का मौका भी मिलेगा।**



पूर्वी घाट की पहाड़ियों से घिरा जयपुर, ओडिशा राज्य का एक खूबसूरत गंतव्य है। ऐतिहासिक परिदृश्य के साथ यह प्राचीन शहर राज्य के चुनिंदा पर्यटन स्थलों में गिना जाता है। जयपुर इतिहास और प्रकृति का शानदार सम्मिश्रण है, यानी कि यहां आकर आप न सिर्फ कुदरती खूबसूरती का आनंद ले सकेंगे बल्कि आपको यहां अतीत से जुड़े प्राचीन किले-भवनों को देखने का मौका भी मिलेगा। प्राकृतिक खजानों में आप यहां रहस्यमयी गुफाओं से लेकर खूबसूरत बगीचे तक देख सकते हैं। जयपुर का शाब्दिक अर्थ होता है 'विजय का शहर'। इस विशेष लेख में हमारे साथ जानिए पर्यटन के लिहाज से यह प्राचीन शहर आपको किस प्रकार आनंदित कर सकता है। जानिए यहां के चुनिंदा सबसे शानदार स्थलों के बारे में।

## कोलाब बॉटनिकल गार्डन

जयपुर भ्रमण की शुरुआत आप यहां के प्राकृतिक खजानों में से एक कोलाब बॉटनिकल गार्डन की सैर का आनंद ले सकते हैं। कोलाब बॉटनिकल गार्डन में फूलों की 200 से अधिक किस्में मौजूद हैं, जिनकी महक और खूबसूरती किसी को भी पल भर में दीवाना बना सकती है। सैलानियों के मनोरंजन का यहां सारा इंतजाम है। आप यहां नौकायन का रोमांचक आनंद भी ले सकते हैं। इसके अलावा यह स्थल एक शानदार पिकनिक स्पॉट भी है। आप यहां अपने परिवार या दोस्तों के साथ आ सकते हैं। यह बॉटनिकल गार्डन जयपुर का चुनिंदा खास पर्यटन स्थल है। बागारा बॉटनिकल गार्डन के अलावा आप बागारा की सैर का आनंद भी ले सकते हैं। बागारा कोलाब नदी पर अपने 30 फीट से बहने वाले तीन झरनों के लिए जाना जाता है। अपनी प्राकृतिक खूबसूरती के बल पर यह स्थल दूर-दराज के सैलानियों को यहां आमंत्रित करता है। प्रकृति प्रेमियों के लिए यह जगह किसी खजाने से कम नहीं। एक शानदार अनुभव के लिए आप यहां का प्लान अपने परिवार या दोस्तों के साथ बना सकते हैं।



## गुप्तेश्वर गुफा मंदिर

प्राकृतिक स्थानों के अलावा आप यहां धार्मिक स्थलों के दर्शन का प्लान भी बना सकते हैं। गुप्तेश्वर गुफा मंदिर यहां के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल है, जो चूना पत्थर की बनी पहाड़ियों के ऊपर स्थित है। यह गुफा मंदिर भगवान शिव को समर्पित है, जिनकी पूजा स्थानीय लोगों द्वारा की जाती है। अपनी विशेष भौगोलिक सरंचना के साथ यह स्थल श्रद्धालुओं के अलावा यहां आने वाले सैलानियों को भी बहुत हद तक प्रभावित करता है। यहां के आसपास का दृश्य काफी रमणीय है। आध्यात्मिकता के साथ रोमांच का अनुभव लेने के लिए आप यहां दर्शन के लिए आ सकते हैं।



## राजा महल

प्राकृतिक स्थलों के अलावा आप जयपुर की प्राचीन संरचनाओं को भी देख सकते हैं। जयपुर पैलेस के नाम से प्रसिद्ध राजा महल यहां के सबसे मुख्य आकर्षणों में गिना जाता है। अपनी अद्भुत वास्तुकला और ऐतिहासिक-सांस्कृतिक महत्व के बल पर यह संरचना बहुत हद तक पर्यटकों को आश्चर्यचकित करने का काम करती है। लेकिन समय के साथ-साथ यह महल काफी बदहाल स्थित में पहुंच गया है। लेकिन इसकी भव्यता आज भी बरकरार है। भारतीय इतिहास के कुछ महत्वपूर्ण पहलुओं को समझने के लिए आप इस महल की सैर कर सकते हैं।

# मनोरंजन और इतिहास का अनोखा मेल अदूर


मनोरंजन और इतिहास का अनोखा मेल अदूर जब बात खूबसूरती, मनोरंजन और इतिहास को एक साथ देखने की आए तो ऐसी कौन सी जगह है, जहां ये सब देखने को एक साथ मिल जाए। अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा होना मुमकिन नहीं, लेकिन आपको बता दें कि ये बिल्कुल मुमकिन है, अदूर में।

केरल में घूमने के लिए कई अन्य स्थानों में से एक है अडूर, जिसे छोड़ना आसान नहीं। क्योंकि इसकी खूबसूरती है ही कुछ इस नियमित बसों के माध्यम से देश के अन्य प्रमुख शहरों से अच्छी तरह से जुड़ा हुआ है। अन्य शहरों से अदूर तक कोई नियमित ट्रेन नहीं है। इसका सबसे निकटतम ट्रेन स्टेशन कुरी है। अदूर से आगे आप नियमित आधार पर तिरुवनंतपुरम अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लिए उड़ान भर सकते हैं। इस सुंदर शहर में देखने के लिए बहुत से पर्यटन स्थल हैं। आनंदपल्ली ये छोटा सा गांव अदूर से 10 किमी दूर स्थित है। खाली धान के खेत में बैल दौड़ने का कार्यक्रम इस शहर का मुख्य आकर्षण है। इस कार्यक्रम को देखने दूर-दूर से पर्यटकों का जमावड़ा लग जाता है।

## श्री धर्म शास्त्र मंदिर

ये मंदिर अन्य शास्त्र तीर्थों में सबसे आकर्षक है। ये मंदिर सबरी हिल्स के नीचे स्थित है। इस मंदिर की यात्रा करके, आप भगवान परशुराम के अवतार, भगवान विष्णु के अवतार की पूजा कर सकते हैं। मंदिर को सांप्रदायिक सद्भाव के स्थान के रूप में जाना जाता है, जो विभिन्न धर्मों के लिए खुला है। यानि इस मंदिर में किसी भी धर्म के व्यक्ति को प्रवेश करने की इजाजत है।

## सेंट जॉर्ज ऑर्थोडॉक्स चर्च



ये चर्च इस शहर से 13 किमी दूर स्थित है। ये दक्षिण भारत में सबसे बड़े गिरजाघर के रूप में दर्ज है। विभिन्न ऐतिहासिक अभिलेखों के अनुसार ये पाया जाता है कि इस चर्च की स्थापना 1810 में इंग्लैंड के संरक्षक संत, सेंट जॉर्ज के नाम से हुई थी। इस चर्च की वास्तुकला यात्रियों के लिए मुख्य आकर्षण है। विशेषज्ञों के अनुसार, इस चर्च का निर्माण विभिन्न अवधारणाओं की प्रेरणा से किया गया था, जैसे कि हिंदू, ईसाई और मुस्लिम। दूसरी ओर, इस चर्च के टावरों ने गोथिक शैली का अनुसरण किया। इसकी नींव के बाद, इस चर्च ने कई नवीकरण का अनुभव किया है। इसके अलावा, इस चर्च की नक्काशी और पेंटिंग इसे भारत के सबसे खूबसूरत चर्चों में से एक के रूप में परिवर्तित करते हैं और पर्यटकों को प्रभावशाली रूप से प्रभावित करते हैं।

## पार्थसारथी मंदिर

अदूर जाते समय, पार्थसारथी मंदिर देखने का मौका न बिल्कुल ना छोड़ें, क्योंकि ये सबसे सुंदर और प्राचीन मंदिर है। ये मंदिर भगवान कृष्ण को समर्पित है, जहां ये देवता, युद्ध के दौरान, तीसरे पांडव, अर्जुन के सारथी के रूप में दिखाई दिए थे। ये मंदिर कृष्ण की पूजा करने के अलावा, भगवान शिव और भगवान गणेश की पूजा के लिए भी जाना जाता है। यदि आप अस्टमी रोहिणी महोत्सव के दौरान इस मंदिर में आते हैं, तो लोक कलाओं और नृत्यों का आनंद ले सकते हैं।

# प्रकृति की गोद में बसा हुआ एक खूबसूरत शहर है चांगलांग

**चांगलांग सिर्फ दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए ही नहीं है, बल्कि यह आपके दिलो-दिमाग को प्रकृति की खूबसूरत छटा से ओत-प्रोत करने में भी सक्षम बनाता है। यह पर्यटन और पनबिजली के अलावा कच्चे तेल, कोयला और खनिज संसाधनों की उपस्थिति के कारण क्षेत्र के प्रमुख जिलों में से एक बन गया है।**

**चांगलांग** एक खूबसूरत शहर है, जो भारतीय राज्य अरुणाचल प्रदेश में स्थित है और चांगलांग जिले का मुख्यालय भी है। यह दो प्रमुख संस्थानों, यानी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन (SIE) और डिस्ट्रिक्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एंड ट्रेनिंग (DIET) के लिए जाना जाता है, जहां शिक्षकों को इन-सर्विस ट्रेनिंग प्रदान की जाती है। आगंतुक ठेठ टंगसा और टुटसा घरों और गांवों को भी देख सकते हैं और स्थानीय लोगों के साथ बातचीत कर सकते हैं।

चांगलांग सिर्फ दर्शनीय स्थलों की यात्रा के लिए ही नहीं है, बल्कि यह आपके दिलो-दिमाग को प्रकृति की खूबसूरत छटा से ओत-प्रोत करने में भी सक्षम बनाता है। यह पर्यटन और पनबिजली के अलावा कच्चे तेल, कोयला और खनिज संसाधनों की उपस्थिति के कारण क्षेत्र के प्रमुख जिलों में से एक बन गया है। चांगलांग प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकीनों के लिए एक बेहतरीन जगह है। कोई भी शहर के बीचों-बीच से गुजरने वाली तिरप नदी में मछली पकड़ने का आनंद ले सकता है। पर्यटक जिला संग्रहालय, जिला पुस्तकालय और जिला शिल्प केंद्र पर भी जा सकते हैं, जहां स्थानीय रूप से बने हाथ-करघे और हस्तशिल्प इसे प्रदर्शित करते हैं। यह उन लोगों के लिए एक आदर्श गंतव्य है जो नीरस शहर के जीवन से दूर छुट्टी बिताना चाहते हैं।



चांगलांग जिला म्यांमार (बर्मा) के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है और अपनी जैव-विविधता और प्राकृतिक सुंदरता और एक अनूठी संस्कृति के लिए जाना जाता है, जो इसे आसपास के क्षेत्रों से अलग बनाता है। चांगलांग जिले की आबादी में तोंगसा, तुत्सा, सिंगो, नोक्टे और लिस्सू जनजाति के साथ-साथ देओरिस, तिब्बती और चकमा और हाजोंग शरणार्थी शामिल हैं। तंगसा, सिंगोफोस और टुटसा, चांगलांग जिले की मूल जनजातियां हैं। भारत-म्यांमार सीमा के दक्षिण-पूर्वी पटकाई बम पहाड़ियों में टंगास, चांगलांग के उत्तर की ओर मैदानी इलाकों में सिंगफोस और चांगलांग के पश्चिमी भाग में टुटास स्थित है।

## कैसे पहुंचे चांगलांग ?

चांगलांग जिला अरुणाचल प्रदेश के दक्षिण-पूर्वी कोने में स्थित है, जो असम के तिनसुकिया जिले और उत्तर में अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिले, पश्चिम में तिरप जिले और दक्षिण-पूर्व में म्यांमार से घिरा है। यहां के लिए परिवहन संपर्क अच्छा नहीं है, क्योंकि इसका अपना रेलवे स्टेशन, हवाई अड्डा या यहां तक कि बस-टर्मिनल भी नहीं है। चांगलांग शहर डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, मार्गेरिटा और मियाओ से सड़क मार्ग से पहुंचा जा सकता है। चांगलांग शहर के लिए निकटतम हवाई अड्डा डिब्रूगढ़ में स्थित है और निकटतम रेलहेड तिनसुकिया में है। यहां से जाने के लिए टैक्सी और जीप सबसे अच्छे विकल्प हैं।

**हवाई मार्ग द्वारा चांगलांग कैसे पहुंचे ?:** निकटतम हवाई अड्डा असम में डिब्रूगढ़ के मोहनबारी में चांगलांग से लगभग 136 किलोमीटर दूर स्थित है। हालांकि, इसकी कनेक्टिविटी सीमित है। निकटतम प्रमुख हवाई अड्डा कोलकाता में है। वहां से आप चांगलांग के लिए बस या टैक्सी ले सकते हैं।

**ट्रेन से चांगलांग कैसे पहुंचे ?:** तिनसुकिया रेलवे स्टेशन चांगलांग का निकटतम रेलवे स्टेशन है। वहां से आप यहां तक पहुंचने के लिए बस या टैक्सी ले सकते हैं।

**सड़क मार्ग से चांगलांग कैसे पहुंचे ?:** आसपास के अधिकांश शहरों और कस्बों से चांगलांग के लिए बसें उपलब्ध हैं। सड़कों का रखरखाव अच्छी तरह से किया गया है।

## भोजन

यहां के लोकप्रिय खाद्य पदार्थों में चावल, मछली, मांस और सब्जियों के व्यंजनों के साथ-साथ मोमोज, थुक्पा, अपांग, झान, खुरा और अन्य फास्ट फूड भी शामिल हैं।

## चांगलांग में घूमने की जगहें

मियाओ, नोआ-देहिंग नदी के किनारे बसा एक छोटा शहर, चांगलांग के सबसे लोकप्रिय पर्यटक आकर्षणों में से एक है। पटकाई बम, मियाओ की एक पहाड़ी पटकाई रेंज के अंतर्गत आने वाली तीन मुख्य पहाड़ियों में से एक है। नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान के रूप में जाना जाने वाला एक अन्य प्रसिद्ध पर्यटन स्थल भी है। चांगलांग में देखने के लिए यहां के अन्य प्रमुख पर्यटक आकर्षण हैं।

स्टिलवेल रोड, नमदाफा राष्ट्रीय उद्यान, द्वितीय विश्व युद्ध का कब्रिस्तान, लेक ऑफ नो रिटर्न, तिब्बतियन रिफ्यूजी सेटलमेंट कैंप, मिआओ रिजर्व फारेस्ट, मोती झील, मिनी जू, मिआओ म्यूजियम

## चांगलांग जाने का सबसे अच्छा समय

चांगलांग जाने का सबसे अच्छा समय नवंबर से फरवरी तक के महीने होते हैं, जब तापमान सबसे मध्यम और सुखद होता है। चांगलांग में भारी वर्षा होती है और इन महीनों के दौरान यह शहर काफी नम रहता है। इसके बावजूद, यदि आप इस समय के दौरान चांगलांग जाते हैं तो इस जगह की हरियाली और सुंदरता निहारना एक अद्भुत और मनमोहक दृश्य होता है।